सुप्रभात
रांची, बुधवार
30.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 109




12 एलएसी से भारत व चीन के सैनिकों की वापसी पूरी

## न्यूज डायरी

### घाटी में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अखनूर के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास करीब 24 घंटे से अधिक समय तक आतंकवादियों के खिलाफ चले अभियान में सुरक्षा बलों ने सभी तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने राउंड-द-क्लॉक सर्विलांस के बाद मंगलवार सुबह उन्हें मार गिराया। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर कहा, भीषण गोलीबारी में जवानों को ये बड़ी सफलता मिली।

### राहुल, प्रियंका, सोनिया खड़गे आयेंगे झारखंड

**रांची।** विधानसभा चुनाव प्रचार में सोनिया, राहुल, प्रियंका, खड़गे भी आयेंगे। मंगलवार को जारी 40 स्टार प्रचारकों की सूची में इनके नाम हैं। साथ ही सूची में केसी वेणुगोपाल गुलाम अहमद मीर, केशव महतो कमलेश, रामेश्वर उरांव, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बलमुचू, राजेश ठाकुर, दयामनी बारला को भी शामिल हैं।

### पीएम मोदी ने कार्तिक उरांव को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** पीएम मोदी ने मंगलवार को आदिवासी नेता कार्तिक उरांव को उनकी जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उरांव को महान नेता बताया जिन्होंने अपना पूरा जीवन आदिवासी समुदाय के अधिकारों और स्वाभिमान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि कार्तिक उरांव आदिवासी संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए आदिवासी समाज के मुखर प्रवक्ता थे। अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर मोदी ने एक पोस्ट में लिखा, आदिवासी समुदाय के अधिकार और आत्मसम्मान के लिए जीवनपर्यंत समर्पित रहे देश के महान नेता कार्तिक उरांव को उनकी जन्म-शताब्दी पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि।

### केंद्र का फैसला, कैंसर की दवाएं होंगी सस्ती

नयी दिल ली। सीमा शुल्क से छूट और जीएसटी दरों में कटौती के बाद तीन कैंसर रोधी दवाओं (ट्रैस्टुजुमाब, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमाब) की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) तय होगी। राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने दवा निमार्ताओं को इन तीन कैंसर रोधी दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है।

### धनवार से भी चुनाव लड़ेगी भाकपा माले

रांची। भाकपा माले के सुशांतो मुखर्जी एवं माले के राज्य कमेटी सदस्य शुभेंदु सेन ने कहा कि बगोदर, निरसा व सिंदरी में क्रमशः विनोद सिंह, अरुप चटर्जी व चंद्रदेव महतो इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के बतौर चुनाव लड़ रहे हैं। कई चक्र बातचीत के बावजूद धनवार सीट पर विवाद हल नहीं हो सका। इसलिए पार्टी ने धनवार से राजकुमार यादव को मैदान में उतारा है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 74200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 102000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## चुनाव से पहले शराब घोटाला मामले को ले कर रांची में इडी की ताबड़तोड़ छापामारी

# विनय चौबे समेत 15 ठिकानों पर बोला धावा

### नीति बदलने से छत्तीसगढ़ व झारखंड को भारी क्षति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से जुड़े शराब घोटाला मामले में झारखंड विस चुनाव से पहले इडी ने रांची में ताबड़तोड़ छापामारी की है। आईएएस अधिकारी विनय चौबे के ठिकाने समेत 15 जगहों पर छापामारी की है। इनमें उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह और संबंधित अधिकारियों के सीए के ठिकानों पर छापामारी की गयी। छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पहले ही इस मामले में उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। रांची के विकास कुमार ने एफआइआर दर्ज कराने के लिए आवेदनपर रायपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई। आवेदन में कहा गया था कि शराब घोटाले की पूरी साजिश रायपुर में ही रची गई थी और आबकारी नीति में फेरबदल कराया गया। इससे दोनों राज्यों को राजस्व की भारी क्षति हुई।

इडी टीम ने कांके रोड स्थित विनय चौबे के आवास और हरमू स्थित गजेंद्र सिंह के आवास की तलाशी ली। छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट द्वारा नीति में फेरबदल कर झारखंड समेत दो राज्यों में शराब कारोबार पर कब्जे को लेकर एसीबी छत्तीसगढ़ में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें झारखंड के तत्कालीन उत्पाद सचिव आईएएस विनय कुमार चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, छत्तीसगढ़ के आईएएस अनिल टुटेजा के अलावा झारखंड में शराब आपूर्ति, मैनपावर और होलोग्राम बनाने वाली कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया है। यह एफआईआर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018, धारा 420, 120 बी के तहत दर्ज की गयी थी। श्री चौबे के कांके रोड आवास पर मंगलवार सुबह जब जांच टीम पहुंची, तब वह अपने आवास पर ही थे। उनके आवास पर इडी अफसरों ने घंटो जांचपड़ताल की।

**सरकार को करोड़ों का नुकसान :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही इडी ने अपनी पड़ताल में पाया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाला हुआ। साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब की दुकानों से अवैध शराब को डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेचा गया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। इओडब्ल्यू रायपुर के इंस्पेक्टर ने रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के निवासी विकास सिंह के बयान के आधार पर पहले मामले की जांच की और फिर मामला दर्ज किया था।

### क्या है एफआइआर में

आरोप है कि जनवरी 2022 में श्री चौबे समेत झारखंड ने आबकारी विभाग के अफसरों के साथ मिलकर ठेकेदारी प्रथा के स्थान पर छत्तीसगढ़ स्टेट की शराब कंपनी के जरिए शराब बिक्री का नियम बनवाया। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के एमडी अरूणपति त्रिपाठी को झारखंड में भी कंसल्टेंट बनाया गया। इसके लिए अरूणपति को 1.25करोड़ का भुगतान भी झारखंड सरकार के द्वारा किया गया। एफआईआर के अनुसार विनय कुमार चौबे, गजेंद्र सिंह ने अनवर ढेबर और उसके सिंडिकेट के सदस्यों को लाभ दिखाने के लिए मदिरा सप्लाई एजेंसी और प्लेसमेंट एजेंसियों के लिए निविदा शर्त में 100 करोड़ के टर्नओवर की शर्त डाली। ऐसे में जहां झारखंड में ठेकेदारी प्रथा शराब कारोबार में लागू थी, यहां की कोई कंपनी निविदा में शामिल नहीं हो पायी। एसीबी छत्तीसगढ़ में शिकायत मिलने पर की गई आरंभिक जांच में पाया है कि नियम में फेरबदल कर शराब कंपनियों के मालिक से करोड़ों का कमीशन लिया गया।

### इनपर दर्ज है एफआइआर

विनय कुमार चौबे, तत्कालीन उत्पाद सचिव, जेएसबीसीएल के एमडी। संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी अनिल टुटेजा, तत्कालीन संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग, छत्तीसगढ़। अरूणपति त्रिपाठी, तत्कालीन प्रबंध संचालक, छग स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड। अनवर ढेबर, अरविंद सिंह। मेसर्स सुमित फैसिलिटी के संचालक। विधु गुप्ता, प्रिज्म होलोग्राफी एंड सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड। मैन पावर सप्लाई एवं मदिरा सप्लाई करने वाली एजेंसियां।

## धन्वंतरि जयंती पर मोदी ने देश को समर्पित की स्वास्थ्य सेवाएं, कहा

# अब 70साल से अधिक के हर बुजुर्ग का होगा मुफ्त इलाज

### आयुष्मान वय वंदन कार्ड मील का पत्थर साबित होगा

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने मंगलवार को नयी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एम्स) में एक समारोह में 12,850 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने लाभार्थियों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड सौंपा। मोदी ने कहा कि चुनाव के समय मैंने गारंटी दी थी कि तीसरे कार्यकाल में 70 वर्ष से ऊपर के सभी बुर्जगों को आयुष्मान योजना में लाया जायेगा। धनवंतरी जयंती के दिन ये गारंटी पूरी हो रही है। अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के देश के हर बुजुर्ग को अस्पताल में मुफ्त इलाज मिलेगा। उन्हें आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जायेगा। ये योजना मील का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर मोदी ने यह भी कहा कि दिल्ली और पश्चिम बंगाल राज्य ऐसे है, जहां की सरकार ने आयुष्मान योजना को लागू नहीं होने दिया जिस वजह से वहां के बुजुर्गों को इसका लाभ नहीं मिल पायेगा। ऐसे में मैं दोनों राज्यों के बुर्जूगों से क्षमा चाहता हूं।

**स्वास्थ्य नीति के पांच स्तंभ तय :** पीएम मोदी ने कहा, जिस देश के नागरिक जितने स्वस्थ होंगे, उस देश के प्रगति की गति भी तेज होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### जमीन-गहने बिक जाते थे इलाज में

मोदी ने कहा, एक समय था, जब इलाज में लोगों के घर, जमीने, गहने सब बिक जाते थे। गंभीर बीमारी के इलाज का खर्च सुनते ही गरीब की आत्मा कांप जाती थी। पैसे की कमी की वजह से इलाज न करा पाने की बेबसी, बेचारगी गरीब को तोड़ कर रख देती थी। उन्होने कहा कि मैं अपने गरीब भाई-बहनों को इस बेबसी में नहीं देख सकता था, इसलिए ही आयुष्मान भारत योजना ने जन्म लिया है।

## धनतेरस पर जमकर खरीदारी



# एनआरसी लागू कर घुसपैठियों को भगायेंगे : बाबूलाल मरांडी

### झारखंड में घुसपैठ के खिलाफ निर्णायक लड़ाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठ के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जायेगी। एनआरसी लागू कर बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें चुन-चुनकर बाहर किया जायेगा। झारखंड में आदिवासी समाज के अस्तित्व को बचाने और घुसपैठ पर नकेल कसने के लिए एनआरसी लागू करना बेहद जरूरी है। श्री मरांडी मंगलवार को बरहेट से गमालियल हेंब्रम, लिट्टीपाड़ा प्रत्याशी बाबूधन मूर्मु, महेशपुर विस से नवनीत हेंब्रम और टुंडी से विकास महतो के नामांकन करने के बाद चुनावी सभा में बोल रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर उनका अवैध दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। उन्होंने 1951 के जनगणना के आंकड़ों को पेश करते हुये आदिवासियों की घटती आबादी को लेकर चिंता जताई।

(शेष पेज 11 पर)

# भाजपा को अपना परिवारवाद नहीं दिखता : गुलाम अहमद मीर

### सिर्फ हिंदू-मुस्लिम को लड़ा कर सत्ता चाहती है



**रांची। (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** कांग्रेस को परिवारवादी पार्टी कहनेवाली भाजपा को झारखंड में अपना परिवारवाद नहीं दिखता। वह सिर्फ हिंदू-मुस्लिम के नाम पर लोगों को लड़ाने में लगी है। कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने (कतरास) धनबाद में एक चुनावी सभा में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा, भाजपा ने इस चुनाव में बाघमारा सहित पूरे झारखंड में कैसा परिवारवादी खेल खेला है। यह पूरा देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार झारखंड की गरीब जनता के 136 करोड़ रुपये रोक रखा है। वहीं झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने किसानों का कृषि ऋण माफ कर बड़ी राहत दी है। यह भाजपा को नहीं पच रहा है। मीर ने कहा कि हाल ही में दूसरे दलों से कांग्रेस में आये कुछ लोगों को जब टिकट नहीं मिला, तो वे नामांकन करने लगे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। वहीं लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने बाघमारा से गठबंधन प्रत्याशी जलेश्वर महतो को विजयी बनाने की अपील की।

## गढ़वा में 4 को मोदी, बरकट्ठा में 3 को शाह की चुनावी सभा

**रांची।** पीएम मोदी चार नवंबर को झारखंड आयेंगे। वह गढ़वा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नवंबर को झारखंड आयेंगे और बरक्टठा से भाजपा उम्मीदवार अमित यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के दौरे को ले कर सभी तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। भाजपा नेता और जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है।

मंगलवार को पीएम के कार्यक्रम प्रभारी राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रमंडल प्रभारी उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, पलामू सांसद बीडी राम, जिला के डीसी और एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरिक्षण किया। भाजपा नेताओं और अधिकारियों ने एक दूसरे से बात कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनायी। दीपक प्रकाश ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का एक ऐतिहासिक कार्यक्रम 4 नवंबर को होने वाला है।

# झारखंड विस चुनाव में एग्जिट पोल पर रोक

## उल्लंघन करनेवालों को इसीआइ का कड़ा निर्देश, आदेश जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान कोई भी व्यक्ति, प्रिंट मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया किसी प्रकार का सर्वेक्षण प्रकाशित नहीं कर पायेंगे। चुनाव आयोग ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किये हैं। ऐसे लोगों को 2 साल तक जेल अथवा जुर्माना या दोनों की सजा दी जा सकती है। चुनाव आयोग ने कहा है कि 13 नवंबर को सुबह 7 बजे से 20 नवंबर को शाम 6:30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के प्रकाशन और प्रसारण पर रोक रहेगी। चुनाव के दौरान चुनाव से जुड़े किसी प्रकार के ओपिनियन पोल या किसी अन्य सर्वे को कोई भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रसारित नहीं होगा। प्रिंसिपल सेक्रेटरी एसबी जोशी ने यह आदेश जारी किया है। मंगलवार को चुनाव आयोग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी इस अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड में 15 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो है। चुनाव आयोग ने रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल एक्ट, 1951 सेक्शन 126 के तहत यह निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी भी रूप में चुनाव के परिणाम से जुड़ा एग्जिट पोल प्रकाशित नहीं करेंगे।

### कब से कब तक एग्जिट पोल नहीं

चुनाव आयोग ने कहा है कि आम चुनाव या विधानसभा चुनाव के मामले में मतदान की पहली तारीख से लेकर आखिरी दिन के मतदान के आधे घंटे बाद तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल पर रोक रहेग। वहीं, उपचुनाव के मामले में मतदान शुरू होने से लेकर मतदान खत्म होने के आधे घंटे बाद तक किसी प्रकार का एग्जिट पोल प्रकाशित नहीं किया जा सकेगा। चुनाव आयोग ने स्पष्ट कहा है कि जनप्रतिनिधित्व कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी प्रावधान के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# शरियत काउंसिल तलाक का सर्टिफिकेट जारी नहीं कर सकती

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** शरियत काउंसिल कोई अदालत नहीं है, यह एक निजी संस्था है और उसे तलाक सर्टिफिकेट जारी करने या पेनाल्टी लगाने का अधिकार नहीं है। यह कहते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने ट्रिपल तलाक मामले से जुड़ी सिविल रिविजन पिटिशन खारिज कर दी। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने कहा, यह काउंसिल पारिवारिक और आर्थिक परेशानियों को दूर करने में मदद कर सकती है, लेकिन तलाक सर्टिफिकेट जारी नहीं कर सकती। सुनवाई के क्रम में जस्टिस स्वामीनाथन ने कहा, पति को कोर्ट जाकर तलाक की मांग करनी होगी.

### मद्रास हाईकोर्ट का अहम फैसला

शरियत काउंसिल को इसका हक नहीं है। मुस्लिम दंपती के तलाक से जुड़ा मामला हाईकोर्ट के समक्ष आया था। दोनों की शादी 2010 में हुई थी और कुछ साल बाद पति ने पत्नी को तलाक(ट्रिपल) दे दिया। साल 2017 में तमिलनाडु की तौहीद जमात (शरियत काउंसिल) ने इस दंपती को तलाक का सर्टिफिकेट जारी कर दिया।

### पति ने दूसरी शादी कर ली

शरियत काउंसिल से तलाक का सर्टिफिकेट मिलने पर पति ने दूसरी शादी कर ली। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड विधानसभा की 43 सीटों के लिए 1609 उम्मीदवारों ने किया था नॉमिनेशन

# पहले चरण में नामांकन प्रपत्रों की स्क्रूटनी के बाद बचे 743 प्रत्याशी

### नाम वापसी का आज अंतिम दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य में जारी विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के तहत पहले चरण के लिए 13 नवंबर को 81 विधानसभा सीटों में से 43 सीट पर मतदान होना है। इसके लिए नामांकन (25 अक्टूबर) और स्क्रूटनी (28 अक्टूबर) की भी प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। हालांकि 30 अक्टूबर यानी आज तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकते हैं।

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पहले चरण के लिए कुल 43 सीटों के लिए 1609 नॉमिनेशन हुए थे। स्क्रूटनी के बाद चुनावी मैदान में 743 कैंडिडेट फाइनल हुए हैं। नामांकन के बाद हुए स्क्रूटनी के आधार पर अब कैंडिडेट की संख्या 743 हो गयी है।

### जानिये किस विधानसभा सीटों के लिए कितने कैंडिडेट

पहले चरण में राज्य के कुल 15 जिलों में 43 सीटों के लिए वोटिंग होनी है। इनमें कोडरमा जिले की एकमात्र विधानसभा सीट के लिए 37 नॉमिनेशन हुए थे। स्क्रूटनी के बाद अब कैंडिडेट की कुल संख्या 16 है। इसी तरह हजारीबाग जिले की बरकट्ठा सीट के लिए 70 नॉमिनेशन हुए, जबकि कैंडिडेट की संख्या 23 हो गयी है। बरही के लिए 42 नॉमिनेशन हुए और प्रत्याशी की संख्या 19 है। हजारीबाग के लिए 50 नॉमिनेशन हुए जबकि फाइनल कैंडिडेट की संख्या 24 है। बड़कागांव सीट पर 28 प्रत्याशी, चतरा की सिमरिया सीट पर 11 और चतरा सीट पर 12 प्रत्याशी हैं। पूर्वी सिंहभूम में 6 सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें बहरागोडा से 15, घाटशिला से 12, पोटका से 16, जुगसलाई से 13, जमशेदपुर पूर्वी से 26 और जमशेदपुर पश्चिमी सीट से 28 कैंडिडेट ताल ठोक रहे हैं। सरायकेला खरसावां जिले की ईचागढ़ सीट से 23, सरायकेला से 16, खरसावां से 10, पश्चिमी सिंहभूम जिले की चाईबासा सीट से 15, मझगांव से 14, जगन्नाथपुर से 11, मनोहरपुर से 14, चक्रधरपुर से 12 कैंडिडेट चुनाव लड़ रहे हैं। खूंटी जिले की तोरपा सीट से 13, खूंटी से 11, तमाड़ से 19, रांची जिले की रांची सीट से 32, हटिया से 28, कांके से 14, मांडर से 17 कैंडिडेट ताल ठोक रहे हैं। गुमला जिले की सिसई से 18, गुमला से 19, बिशुनपुर से 15, सिमडेगा जिले की कोलेबिरा सीट से 19, सिमडेगा से 15, लोहरदगा जिले की एकमात्र विधानसभा सीट लोहरदगा से 17 कैंडिडेट स्क्रूटनी के बाद चुनाव के लिए फाइनल हुए हैं। लातेहार की मनिका सीट से 11, लातेहार से 14, पलामू जिले की पांकी सीट से 16, डाल्टनगंज से 24, विश्रामपुर से 20, छतरपुर से 14, हुसैनाबाद से 20, गढ़वा जिले की गढ़वा सीट से 22 और भवनाथपुर से 17 कैंडिडेट चुनावी मैदान में खड़े हुए हैं।

## मतदान दिवस के लिए विद्यार्थियों को दी गयी वॉलेंटियर ट्रेनिंग

# लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें वॉलेंटियर : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने लोकसभा में सहायता करने वाले सभी वॉलेंटियर के कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के लिए चयनित सभी वॉलेंटियर लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनि>ित करें। वह आज निर्वाचन सदन से मतदान के दिन मतदाताओं की सहायता के लिए स्कूलों से लाखों वालेंटियर को ऑनलाईन माध्यम से क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी ट्रेनिंग के दौरान संबोधित कर रहे थे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि इस ट्रेनिंग के जरिए मतदान में आपकी सहभागिता से संबंधित बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही आपके शिक्षकों को इससे संबंधित सभी ट्रेनिंग मैटेरियल उपलब्ध करा दिए गए हैं, ताकि अपने कर्तव्य पर रहते हुए किसी प्रकार की संशय की स्थिति में अपने शिक्षकों से जानकारी प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को वॉलेंटियर के कार्यों से संबंधित दिशा निर्देश बताए गये, जिसमें मुख्यतः दिव्यांग एवं वृद्धजनों की मतदान केंद्र पर सहायता, व्हीलचेयर से सहायता करने में रखी जाने वाली सावधानियां, मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं के मतदाता पर्ची अथवा दिए गए टोकन की उपलब्धता, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, चेन सिस्टम के तहत मतदान आदि मतदान दिवस में वॉलेंटियर से संबंधित कार्यों को बिंदुवार बताया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के स्कूली शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक एवं राज्य के सभी स्कूलों में लाखों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दुकानों से पैसा वसूली का लगा आरोप

# 21 फूड इंस्पेक्टरों पर गाज गिरी, 7 दिनों में मांगा जवाब

■ स्वास्थ्य विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर लिया बड़ा एक्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हेल्थ डिपार्टमेंट ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। विभाग ने 21 फूड इंस्पेक्टरों से सात दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। इन फूड इंस्पेक्टरों पर पर्व-त्योहार के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है। आरोप यह भी है कि ये फूड इंस्पेक्टर बड़े-बड़े दुकानों से सैंपल नहीं लेते हैं। बल्कि ये छोटे-छोटे दुकानों और होटलों से ही सैंपल एकत्र करते हैं। विभाग ने रांची, धनबाद,जमशेदपुर सहित अन्य जिलों के फूड इंस्पेक्टर को रडार में लिया है।

**सैंपल की जांच सही तरीके नहीं करने का आरोप :** फूड इंस्पेक्टरों पर खाद्य पदार्थों के सैंपल को सही तरीके से जांच नहीं करने और रिर्पोट नहीं देने का आरोप है। उप खाद्य सुरक्षा आयुक्त सुमंत कुमार तिवारी ने बताया कि इन सभी फूड इंस्पेक्टरों के द्वारा एजेंटों से वसूली की भी शिकायत मिली है। इन सभी पर डिपार्टमेंटल प्रोसिडिंग की भी अनुशंसा की गयी है।

## स्पीकर के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। पिछली सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को सुनने बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बता दें कि याचिकाकर्ता संतोष हेंब्रम ने विस अध्यक्ष के निर्वाचन को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने विस अध्यक्ष पर चुनाव में भ्रष्ट आचरण अपनाने का आरोप लगाया था। याचिका में उन्होंने कहा था कि रवींद्रनाथ महतो ने चुनाव जीतने के लिए अवैध तरीकों का इस्तेमाल किया। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार और अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा।

# बिगड़ैल इरफान अंसारी को झामुमो कांग्रेस दे रहे संरक्षण : राफिया नाज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि कांग्रेस नेता इरफान अंसारी बेटियों पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। राफिया नाज मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इरफान ने आंदोलनकारी स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन पर अभद्र टिप्पणी की है। इरफान अंसारी को रिजेक्ट तो जामताड़ा और झारखंड की जनता करेगी, क्योंकि उन्होंने ना सिर्फ सीता सोरेन पर अपमानजनक टिप्पणी की है बल्कि झारखंड की समस्त आदिवासी बेटी और संपूर्ण नारी जाति पर की है। इरफान अंसारी को यह लगता है कि वह हर बार इस तरह के टिप्पणी करते रहेंगे और झारखंड की जनता एवं राज की बेटियां माफ करती रहेंगी। सीएम हेमंत सोरेन को अविलंब इरफान अंसारी को बर्खास्त करना चाहिये।

उन्होंने कहा कि अब चुप रहने का समय नहीं है। बेटियों की आवाज को अब ना कोई दबा सकता है और ना ही कुचल सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रेणुका चौधरी ने कहा था कि बलात्कार कॉमन बात है। ठीक इसी प्रकार झारखंड में बलात्कार का चलन चल पड़ा है। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन महिला सशक्तिकरण की बात करती है। हालांकि कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी द्वारा सीता सोरेन पर अभद्र टिप्पणी करने पर एक शब्द भी नहीं बोलती हैं। बलात्कार की घटना पर भी एक शब्द नहीं बोलती है। उन्होंने कहा कि दुमका कॉलेज में पुलिस पिकेट नहीं है। वहां, दिनदहाड़े बच्चियों के साथ छेड़खानी होती है। झारखंड की बेटियां हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को कभी माफ नहीं करेंगे। इस अवसर पर तारिक इमरान भी मौजूद थे।

# भाई-साहब कल्चर के कारण झारखंड में डूब रही है भाजपा की नैयाः अंजलि

■ भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल हुईं हजारीबाग की पूर्व महापौर अंजलि, मुख्यमंत्री आवास में सीएम हेमंत सोरेन ने दिलायी सदस्यता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हजारीबाग नगर निगम की पूर्व महापौर और चर्चित भाजपा नेत्री अंजलि कुमारी ने मंगलवार को भाजपा छोड़ झामुमो जॉइन कर लिया। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में अंजलि कुमारी ने झामुमो की सदस्यता ली। सदस्यता ग्रहण के बाद अंजलि कुमारी ने कहा कि भाजपा में झारखंडियों की कोई अहमियत नहीं है।

छत्तीसगढ़, ओड़िशा, बिहार और यूपी के लोग भाजपा चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग स्थानीय झारखंडी कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण टिकट बंटवारे में देखने को मिला। कहा कि भाई-साहब कल्चर के कारण झारखंड भाजपा की नैया डूब रही है।

# राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत, प्रचार होगा तेज

### राजग घटक दलों में आजसू एवं लोजपा ने भी जनसंपर्क अभियान किया तेज

### सत्तारूढ़ कांग्रेस-झामुमो-राजद के अलावा प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने भी स्टार प्रचारकों की सूची जारी की





उदय चौहान

**रांची।** उम्मीदवारों के नामांकन के साथ ही झारखंड में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सत्तारूढ़ कांग्रेस, झामुमो, राजद ने पूरी ताकत झोंक दी है। इन दलों ने स्टार प्रचारकों को चुनाव प्रचार में उतार दिया है। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारने का फैसला लिया है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के सीएम हिमंता बिश्व सरमा के चुनाव प्रचार के शिड्यूल तैयार हो गया है। भाजपा ने ऑनलाइन और ऑफलाइन बैठक कर कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने में जुटी है जबकि, आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो पूरे प्रचार अभियान का स्वयं कमान संभाले हुए हैं। लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी झारखंड का लगातार दौरा कर रहे हैं। भाजपा ने रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा नारा दिया है। प्रत्याशी इसे लेकर चुनाव प्रचार में जनता के बीच पहुंचने लगे हैं। स्थानीय मुद्दों, रोजगार, महिला अपराध जैसे गंभीर विषयों पर फोकस कर विरोधियों को घेरने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा के नेतृत्व में जनता एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने की बात कही जा रही है। इसे लेकर पार्टी की सांस्कृति प्रकोष्ठ ने नुक्कड़ नाटक की टोली गांव-गांव प्रचार के लिये भेज रही है। इसके अलावा विस्तारकों एवं पूर्ण कालिक सदस्यों को ग्राउंड जीरो पर उतारा गया है।

इधर, सीएम हेमंत सोरेन ने सत्ताधारी दलों के साथ समन्वय बना कर प्रचार अभियान तेज करने के लिये एक टीम बना दी है। सीएम हेमंत सोरेन के अलावा झामुमो की ओर से कल्पना सोरेन की लगातार जनसंपर्क अभियान चल रहा है। वहीं, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश के प्रभारी गुलाम अहमद मीर रांची में कैम्प कर चुनाव में विजय हासिल करने के लिये रणनीतिक बैठकें कर रहे हैं। राजद ने भी लालू-तेजस्वी समेत अन्य स्टार प्रचारकों को झारखंड में उतारने का फैसला लिया है। बावजूद इसके सभी दलों को भीतरघातियों से निपटना पड़ रहा है। इस निमित्त सबसे अधिक सिर-फुटौव्वल भाजपा में है। हालांकि, सत्ताधारी दलों में भी भीतरघातियों की कमी नहीं है। राजनीतिक दलों के द्वारा आम जनता को आकर्षित करने के लिये एक से बढ़कर एक तरीके अपनाये जा रहे हैं। इस कड़ी में जनसभा के अलावा बैठकों का दौर शुरू है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आयेगी वैसे-वैसे प्रचार अभियान जोर पकड़ेगा और पार्टियों के बीच आपसी आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तीखा होता जायेगा।

## मुख्य सचिव एल खियांग्ते को मिल सकता है अवधि विस्तार



**रांची।** झारखंड के चीफ सेक्रेट्री एल खियांग्ते 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में उन्हें तीन माह का सेवा विस्तार देने की तैयारी की जा रही है। राज्य सरकार ने इस आशय का प्रस्ताव तैयार किया है और इसे केंद्र की मंजूरी के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए इसमें चुनाव आयोग की भी मंजूरी ली जायेगी। केंद्र से सहमति मिल गयी तो एल खियांग्ते को तीन माह का सेवा विस्तार मिल जाएगा।

मालूम हो क मुख्य सचिव एल खियांग्ते 1988 बैच के अफसर हैं और 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होने वाले हैं।

**आईएएस कैडर में 54 अफसरों की कमी :** झारखंड में आईएएस संवर्ग में 54 अफसरों की कमी हो गयी है। राज्य में आईएएस के 224 पद स्वीकृत हैं लेकिन सिर्फ 170 आईएएस ही कार्यरत हैं। इस साल चीफ सेक्रेट्री रैंक के सात और आठ प्रमोटी आईएएस रिटायर हो चुके हैं।

# झामुमो की संवैधानिक संस्थाओं पर संदेह, पुरानी आदतः भाजपा

### भाजपा का पलटवार : ईडी की कार्रवाई से क्यों परेशान है झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने झामुमो के बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि झामुमो का चुनाव आयोग और प्रवर्तन निदेशालय जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना उनकी पुरानी आदत बन चुकी है। झामुमो हर बात पर संविधान की दुहाई देती है। लेकिन, संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करती नजर आती है। इससे यह साफ हो जाता है कि झामुमो को अपनी हार का अंदेशा है और वह पहले से ही हार के बहाने तैयार कर रही है।

उन्होंने कहा कि धनबाद में कोयला चोरी के मामले की जांच का आदेश उच्च न्यायालय ने दिया था। तो क्या अब झामुमो यह कहना चाहती है कि उच्च न्यायालय भी भाजपा के पक्ष में है। अगर झामुमो को ईडी की कार्रवाइयों के बारे में जानकारी चाहिये, तो उन्हें भाजपा से नहीं बल्कि अपने महंगे वकीलों से पूछना चाहिये। जिन्हें झामुमो ने जनता के पैसे से रखा है और जो भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैं। राज्य सरकार ने अपने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से अब तक क्या कार्रवाई की है, इसका जवाब झामुमो को देना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के झारखंड आगमन पर उठाए गए सवालों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जब केरल से मुस्लिम लीग से जुड़े सांसद या कश्मीर के नेता झारखंड आते हैं, तो झामुमो उनका रेड कारपेट बिछा कर स्वागत करती है।

# जनभावनाओं का अपमान कर लोगों के साथ सरकार ने किया छलः सुदेश महतो

■ पाकुड़ और डुमरी से आजसू प्रत्याशियों ने भरा नामांकन, जनता का मिला अपार समर्थन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इंडी सरकार ने झारखंड में जनभावनाओं का अपमान कर लोगों को छला है। इन्होंने जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास की जगह अपना विकास किया है। इनकी गलत नीतियों के चलते राज्य की पहचान बदल गयी है। हमारा झारखंड आज देशभर में लूटखंड के नाम से जाना जा रहा है। यह दुःखद है। हमारी तैयारी राज्य की खोई अस्मिता को पुनः स्थापित करने की है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डुमरी में एनडीए समर्थित उम्मीदवार यशोदा देवी के नामांकन कार्यक्रम में कही। डुमरी के बाद सुदेश कुमार महतो पाकुड़ में एनडीए उम्मीदवार अजहर इस्लाम के नामांकन कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

राज्य भर में परिवर्तन की लहर है। यह लहर डुमरी में भी देखने को मिल रही है। यशोदा देवी को जनता का मिल रहा अपार जनसमर्थन इस बात की गवाही दे रहा है कि डुमरी में भी एनडीए जीत हासिल करने वाला है। पिछली बार जो कमी रह गई थी इस बार जनता अपने मताधिकार से उस कमी को दूर करने को तैयार है।

पाकुड़ में उन्होंने कहा कि पाकुड़ विकास के मानकों पर पिछड़ गया है। कांग्रेस को जनता ने अपना मत देकर जीत का आशीर्वाद दिया। विधायक से मंत्री भी बने लेकिन इन्होंने जनता की भलाई के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने पांच वर्षों में क्या, कितना और कैसे काम किया आज पूरे झारखंड को पता है। कांग्रेस की राजनीति का आधार तुष्टिकरण है।

सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में व्याप्त कुव्यवस्था और अराजकता से जनता त्रस्त है। जनता बदलाव चाहती है। राज्य को आगे ले जाने के लिए एक ऐसी सरकार की आवश्यकता है जो जनता की हर आवश्यकता को समझे। बिना किसी भेदभाव के हर समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए कृतसंकल्पित होकर काम करे। राज्यवासी एनडीए के विकास से जुड़े विचारों और संकल्पों के साथ है। एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने वाली है।

# धनवार सीट से भाकपा माले लड़ेगी चुनाव बाकी सीटों पर इंडी गठबंधन को समर्थन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाकपा माले के सुशांतो मुखर्जी एवं माले के राज्य कमेटी सदस्य शुभेंदु सेन ने कहा कि बगोदर, निरसा व सिंदरी में क्रमशः विनोद सिंह, अरुप चटर्जी और चंद्रदेव महतो इंडी गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। अफसोस है कि इंडी गठबंधन में कई चक्र बातचीत के बावजूद धनवार सीट पर विवाद हल नहीं हो सका। वह मंगलवार को भाकपा माले के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य इस संबंध में तीन बार मुख्यमंत्री से मिल कर बात की, पर आम सहमति नहीं बन पायी। उन्होंने बताया कि पिछली बार माले धनवार से तीसरे स्थान पर रही जेएमएम छठे स्थान पर थी। इस लिहाज से भी गठबंधन का त्याग करना चाहिए, क्योंकि आज के परिवेश में माले वहां से अधिक मजबूत स्थिति में है। इसलिए भाकपा माले ने धनवार सीट पर भाजपा को शिकस्त देने के लिए राजकुमार यादव को मैदान में उतारा है। भाजपा यहां वोटों के विभाजन के लिए अन्य उम्मीदवारों का इस्तेमाल कर रही है लेकिन धनवार की जनता जानती है कि केवल भाकपा माले ही भाजपा को परास्त कर सकती है। मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान और तमाम उत्पीड़न सामाजिक तबके भाकपा माले के बैनर तले गोलबंद हैं। फासीवादी भाजपा को शिकस्त देने के लिये भाकपा माले जमुआ सीट अपना उम्मीदवार नहीं दे रही। शेष सभी सीटों पर भाकपा माले इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों को अपना समर्थन देने की घोषणा करती है।

## झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की दरक सकती है दीवार

# झारखंड में राजद कोटे की सीटों पर कांग्रेस ने उतारा प्रत्याशी, माले व झामुमो के बीच भी फंस चुका है पेंच

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की दीवार दरक चुकी है। इसका विशेष प्रभाव पलामू में देखने को मिल रहा है। इसे मरम्मत करने का अंदर खाने प्रयास अब भी जारी है। इसके बावजूद यह प्रयास सफल होते नहीं दिख रहा है। इधर गठबंधन में पड़ी दरार के लिए कांग्रेस पार्टी को जवाबदेह ठहराया जा रहा है। मालूम हो कि पलामू जिले की सभी पांच सीटों में दो सीट राजद व तीन सीट कांग्रेस को देने पर कांग्रेस-राजद के बीच गठबंधन पर सहमति बनी। इसमें हुसैनाबाद व विश्रामपुर विधानसभा सीट राजद को मिली। वही छतरपुर, डालटनगंज व पांकी विधान सभा सीट कांग्रेस के लिए तय की गई। इसमें राजद ने छतरपुर सीट कांग्रेस के लिए व कांग्रेस ने विश्रामपुर सीट राजद के लिए छोड़ दी थी। लेकिन दोनों दलों का लिया गया फैसला कामयाब नहीं रहा। इस कारण कांग्रेस और राजद के बीच विवाद बढ़ गया।

झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का लालू प्रसाद की राष्ट्रीय जनता दल से विवाद बढ़ सकता है। पार्टी ने हुसैनाबाद से एक निर्दलीय प्रत्याशी को सिंबल दे दिया है। कांग्रेस और राजद की आपसी लड़ाई के पूर्व माले के साथ झामुमो का पेंच फंस चुका है। माले ने भी इसी वजह से गठबंधन से अलग होने को लेकर अल्टीमेटम भी दे दिया है। कुल मिलाकर गठबंधन का विवाद बढ़ रहा है जो चुनाव में कमजोर कड़ी साबित हो सकती है। इसकी शुरूआत तब हुई, जब माले की परंपरागत सीट राजधनवार से झामुमो ने उम्मीदवार को उतारने की घोषणा कर दी। इसके बाद राजद और कांग्रेस में विवाद शुरू हुआ तो, छतरपुर और विश्रामपुर से दानों दलों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतार दिए। इसके बाद शीर्ष नेताओं के बीच चर्चा नहीं होने से विवाद बढ़ता गया। अब हालत ऐसी हो गई है कि गठबंधन के दलों ने एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिए हैं।

पिछले दिनों हुसैनाबाद से कांग्रेस ने मो. तौसीफ को सिंबल आवंटित कर दिया है। तौसीफ पुराने कांग्रेसी हैं और उन्होंने पार्टी लाइन से अलग होते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया था। तौसीफ को कांग्रेस से सिंबल मिलने के बाद दोनों दलों के बीच विवाद बढ़ने की संभावना है। कयास लगाया जा रहा है कि चुनाव आते-आते गठबंधन टूट भी सकता है। ज्ञात हो कि देवघर को छोड़कर राजद कोटे की सभी सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवार उतार दिए हैं।

# कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में 40 नाम रखे गए हैं। इनमें गांधी परिवार के अलावा पार्टी के अन्य राज्यों के दिग्गज नेताओं को भी शामिल किया गया है। चुनाव आयोग को भेजी गई सूची में पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई दिग्गजों के नाम शामिल हैं। पार्टी की ओर से कुल 40 नेताओं के नाम भेजे गए हैं।

**कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारक :** मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, के.सी. वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, केशव महतो कमलेश, डॉ. रामेश्वर उरांव , भूपेश बघेल , सलमान खुर्शीद , तारिक अनवर,अधीर रंजन चौधरी, मल्लू भप्ती विक्रमार्क, बी. के. हरिप्रसाद, गौरव गोगोई, किशोरी लाल शर्मा, प्रणव झा, सुबोधकांत सहाय, इमरान प्रतापगढ़ी, डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, राजेश ठाकुर, सुखदेव भगत, काली चरण मुंडा, फुरकान अंसारी, चन्द्रशेखर दुबे, बन्धु तिर्की, सहजादा अनवर,पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत, जिग्नेश मेवाणी, अलका लांबा, उदय भानु चिब, योगेन्द्र साव, प्रदीप यादव, मणिशंकर,भीम कुमार,अनवर अहमद अंसारी, रियाजुल अंसारी, राजेश सिन्हा सनी, दयामनी बारला का नाम शामिल है।

राज्यभर में करीब ₹1500 करोड़ रुपये का हुआ कारोबार

## धनतेरस के अवसर पर राजधानी रांची के बाजार में रौनक, लोगों ने जमकर खरीदारी की

# 2500 कार और 4000 मोटरसाइकिल बिके

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** धनतेरस के मौके पर राजधानी रांची में लोगों ने खूब खरीदारी की। झारखंड में एक अनुमान के मुताबिक लगभग 1500 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। देर रात तक बाजार में रौनक रही। लोग जरूरत की चीजें खरीदते रहे। सबसे ज्यादा सर्राफा बाजार और गाड़ियों की बिक्री हुई। मिली जानकारी के अनुसार रांची में लगभग 4000 मोटरसाइकिल और करीब 2500 चार पहिया वाहनों की बिक्री हुई। वाहनों के लिए पहले से ही ग्राहकों ने बुकिंग करा लिया था इसलिए मंगलवार को वाहन शोरूम में लोगों की भीड़ देखी गयी। रांची के बाजारों में इस बार इलेक्ट्रिक गाड़ियों की काफी डिमांड देखी गयी।

इसके अलावा ज्वेलरी दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सोने चांदी के बने आभूषण से लेकर लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां और नए पुराने सिक्के की मांग इस बार अच्छी खासी रही। जिस तरह से संभावना जताई जा रही थी कि इस बार धनतेरस के मौके पर बाजार की रौनक रहेगी, उसी अनुरूप लोगों ने खरीदारी के प्रति दिलचस्पी दिखायी। एक अनुमान के मुताबिक केवल रांची में ही करीब 600 करोड़ का कारोबार हुआ। इसके साथ ही धनतेरस पर सबसे ज्यादा खरीदारी पीतल एवं कांसा से बनी बर्तनों की हुई। इसके पीछे मान्यता है कि धनतेरस के मौके पर पीतल एवं कांसा से बने बर्तन शुद्ध होता है, जिसमें मां लक्ष्मी विराजती हैं। बर्तन के अलावा इस मौके पर लोगों ने झाड़ू खरीदने की भी परंपरा भी निभायी। लिहाजा झाड़ू की बिक्री भी जमकर हुई। मौके पर ज्वेलरी से लेकर मिट्टी के दीये, झाड़ू और बरतन की खरीदारी कर महिलाएं काफी खुश दिखीं।

धनतेरस को लेकर रांची का बाजार देखकर चैम्बर ऑफ कॉमर्स भी उत्साहित रहा। चैम्बर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा कहते हैं कि बाजार अनुकूल होने की वजह से पिछले साल की तुलना में इस बार 20% तक अधिक व्यवसाय हुआ। झारखंड मोटर डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण महेश्वरी कहते हैं कि बाजार की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि रांची में 2500 कार और करीब 4000 बाइक की बुकिंग हुई थी।







# भारत-चीन सीमा पर संजय सेठ जवानों के संग मनायी दीपावली

### रांची से ऑर्गेनिक सब्जियों की सौगात लेकर लेह पहुंचे संजय सेठ




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को भारत चीन की सीमा पर स्थित लेह सैन्य चौकी में जवानों के साथ दीपावली मनाई। उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व रक्षा राज्य मंत्री सुबह लेह में रेजांग ला युद्ध स्मारक पहुंचे। वहां भारत के लिये बलिदान हुये वीर जवानों को पुष्प चक्र चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया।

इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने उस दुर्गम क्षेत्र में तैनात सेना के जवानों के साथ संवाद भी किया। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि ऐसे दुर्गम क्षेत्र में मां भारती के लिये आपका समर्पण, हमारी सीमाओं की रक्षा के लिये आपका त्याग और बलिदान हर देशवासी के लिए प्रेरणा देने वाला है। संवाद कार्यक्रम के दौरान ही रक्षा राज्य मंत्री ने सेवा के जवानों को बुढ़मू के किसान उत्पादक कंपनी के द्वारा प्राकृतिक तरीके से उपजाई गई सब्जियां भेंट स्वरूप प्रदान की।

## धनतेरस पर धन के साथ पानी भी बरसा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में मौसम मिजाज हर पल बदल रहा है। धनतेरस में भी धन के साथ पानी भी बरसा। राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने इसको देखते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने बुधवार को भी राज्य के कई जिलों में हल्के और मध्यम दर्जे के बारिश की संभावना जताई है। गढ़वा, गिरिडीह और कोडरमा में भी वज्रपात की संभावना जताई है।

**दिवाली के दिन भी रहेंगे बादल :** मौसम विभाग के अनुसार दिवाली के दिन भी रांची और आसपास के इलाकों में बादल छाये रहेंगे। वहीं 30 अक्तूबर यानि बुधवार को राज्य के दक्षिणी, मध्य और निकटवर्ती ईलाकों में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई गई है। एक नवंबर से मौसम के साफ होने का अनुमान लगाया गया है।

# अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई, टीम गठित

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से अवैध होर्डिंग्स हटाने एवं संचालक पर कार्रवाई को लेकर मंगलवार को दो टीम का गठन किया। पहली टीम को मेन रोड में अलबर्ट एक्का चौक से सुजाता चौक, मेकॉन चौक तक और दूसरी टीम को कचहरी चौक से लालपुर चौक, डंगराटोली चौक तक सभी निजी एवं सरकारी विज्ञापन पट्ट एवं होर्डिंग्स की जांच की जिम्मेवारी सौंपी गई। टीम अवैध होर्डिंग्स पाए जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई भी करेगी। यह अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा। निगम क्षेत्र में सभी अवैध विज्ञापन पट्ट तथा होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जर्जर भवन पर लगे होर्डिंग्स की जांच कर कार्रवाई होगी। निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार ने यह आदेश दिया है।

**विशेष अभियान :** अपर प्रशासक ने बताया कि नगर प्रशासक संदीप सिंह के निर्देश पर अवैध होर्डिंग्स के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपर प्रशासक ने कहा कि बिना एनओसी प्राप्त किये, विज्ञापन पट्ट, होर्डिंग्स अधिष्ठापित किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# रिम्स से चोरी हुआ नवजात शिशु बरामद, महिला चोर गिरफ्तार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स से चोरी हुए बच्चे को बरामद कर लिया गया है। बच्चे को बिहार से बरामद किया गया है। बता दें कि 21 अक्टूबर को रिम्स अस्पताल से एक नवजात बच्चे को एक महिला ने चोरी कर ली थी। नवजात शिशु को बिहार के वैशाली जिला के राघोपुर से बरामद किया गया है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की टीम ने बच्चे को चोरी करनेवाली महिला रजनी माला को भी गिरफ्तार किया है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि 21 अक्टूबर की रात रविता देवी नाम की महिला अपने बच्चों को लेकर रिम्स पहुंची थी। बच्चे के इलाज के क्रम में जब इंजेक्शन दिलवाने के लिए रविता देवी रिम्स में खड़ी थी इस दौरान उसके ठीक बगल में रजनी माला भी मौजूद थी। बच्चों की मां ने रजनी को मासूम को पकड़ने के लिए दिया और इसी का फायदा उठाते हुए आरोपी महिला बच्चों को लेकर रिम्स फरार हो गई। अपने मासूम बच्चे की चोरी होने के बाद परेशान रविता देवी ने बरियातू थाना में अज्ञात महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया। 21 अक्टूबर को जब रिम्स का सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तब रजनी माला की पहचान हुई। टेक्निकल सेल की मदद से यह जानकारी मिली कि आरोपी महिला बिहार की रहने वाली है। जिसके बाद बिहार पुलिस की मदद से रांची पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित मुक्त करवा लिया। साथ ही आरोपी महिला को भी शिकंजे में ले लिया।

## सत्येंद्रनाथ तिवारी का नामांकन रदद करने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गढ़वा से निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप कुमार तिवारी ने झारखंड हाईकोर्ट में भाजपा के प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी का नामांकन रदद करने लिए याचिका दायर की है। 13 नवंबर को प्रथम चरण में गढ़वा विधानसभा का चुनाव होना है। इसके लिए 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी, गढ़वा के द्वारा की गई थी। इसमें निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप कुमार तिवारी एवं अन्य प्रत्याशियों ने अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी, गढ़वा से भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी का नामांकन रद्द करने की अपील की थी, जिसे निवार्ची पदाधिकारी गढ़वा ने अस्वीकार कर दिया। निर्दलीय प्रत्याशी ने निवार्ची पदाधिकारी, गढ़वा को लिखित आवेदन दिया और बताया कि भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने अपने नामांकन पत्र में नो डयूज सर्टिफिकेट संलग्न नहीं किया था। चुनाव अयोग की नियमावली के अनुसार, वर्तमान एवं पूर्व विधायक को अपने नामांकन पत्र में वर्तमान तिथि से पिछले दस वर्ष का नो डयूज सर्टिफिकेट संलग्न कर नामांकन पत्र में उल्लेख करना होता है। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने नामांकन पत्र में नो डयूज सर्टिफिकेट संलग्न किया था, जबकि इस चुनाव में इन्होंने नो डयूज सर्टिफिकेट नहीं भरा।

दिलीप कुमार तिवारी ने बताया कि कई अन्य प्रत्याशियों द्वारा भी निवार्ची पदाधिकारी गढ़वा से लिखित शिकायत करने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी का नामांकन यह कहते हुए रद्द नहीं किया कि ये तो मामूली चूक है। निवार्ची पदाधिकारी का यह कृत्य गलत है। श्री तिवारी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त से भी इसकी शिकायत की है। साथ ही झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सत्येन्द्रनाथ तिवारी का नामांकन रद्द करने का आग्रह किया है।

# रांची पुलिस की अपील- थाना में जमा करायें लाइसेंसी हथियार

**रांची।** पुलिस ने लोगों से लाइसेंसी हथियार को थाना में जमा करने की अपील की है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पुलिस स्वतंत्र निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और भयमुक्त विधानसभा चुनाव समापन के लिए संकल्पित है। रांची पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वैसे लाइसेंसी हथियार धारक जिनका लाइसेंस किसी दूसरे जिला या झारखंड राज्य से या किसी अन्य राज्य से निर्गत किया गया हो,यथाशीघ्र रांची जिला में अपने स्थानीय थाना में लाइसेंस जमा करवाते हुए थाना में अपना शस्त्र जमा करायें।

## टीएसपीसी के तीन कमांडर गिरफ्तार, एके 47 बरामद

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के नेतृत्व में जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर एक विशेष अभियान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाई जा रही है। एसपी के गुप्त सूचना के आधार पर मनातू थाना क्षेत्र के कारीमाटी जंगल में कुछ नक्सली अवैध हथियार के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने की योजना बना रहे हैं। साथ ही साथ लेवी वसूलने व संगठन विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। इसे देखते हुए एसपी के निर्देश पर ऑपरेशन प्लान पांकी व मनातू थाना की पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर कारीमाटी जंगल में चलाया गया।

## हेमंत सरकार का पूरा फोकस लूट, खसोट, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर रहा


# झारखंड में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि हेमंत सरकार ने पिछले 5 वर्षों में झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार देने का काम किया। श्री शाहदेव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण और सांप्रदायिकता की राजनीति चरम पर पहुंच गई। लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी व्यवस्थायें पूरे तरीके से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार झारखंड के विभिन्न मिडिल स्कूलों में 96 प्रतिशत प्रिंसिपल के पद खाली है। कुल 3218 में 3163 पद मिडिल स्कूलों में खाली पड़े हैं। शिक्षा इस सरकार की प्राथमिक सूची में है ही नहीं। उन्होंने कहा कि धनबाद और सरायकेला जैसे जिलों में तो एक भी मिडिल स्कूल में पूर्णकालिक प्रिंसिपल कार्यरत नहीं है। 60,000 पारा शिक्षकों को हेमंत सरकार ने नियमित करने का आश्वासन दिया था । लेकिन, अभी भी इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरे तरीके से ध्वस्त कर दिया। झारखंड में प्रति लाख की आबादी पर सिर्फ 6 डॉक्टर है, जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। विशेषज्ञ डॉक्टर के 85 प्रतिशत पद खाली है। कई अस्पतालों ने भुगतान नहीं मिलने के कारण आयुष्मान कार्ड लेना बंद कर दिया। महिलाओं के अधिकार का ढोंग करने वाली इस सरकार में संस्थागत प्रसव से राज्य की 25 प्रतिशत आबादी को वंचित रखा है। सरकार ने नर्सो की कमी को पूरा करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। 108 एंबुलेंस सेवा भी इस सरकार ने 5 वर्षों में पूरे तरीके से पंगु बना दिया है। उन्होंने बताया कि आदिवासियों को निशाना बनाने वाली कुर्ता का एक पैटर्न सामने आया है। अक्सर आदिवासियों को माओवादी समर्थक होने या चोरी जैसे छोटे अपराधों के आरोप में गिरफ्तार का निशाना बनाया गया। 33 लोग पुलिस जुल्म के शिकार हुये। इसमें 23 लोग अनुसूचित जनजाति समुदाय से आते हैं। इस अवसर पर तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## सरयू राय के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश




**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के सचिव द्वारा दर्ज करवाए गए एक मामले में पीड़क कार्रवाई पर कोर्ट ने रोक का आदेश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सरयू राय की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। चुनाव के समय पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश से सरयू राय को बड़ी राहत मिली है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर आज दौड़ेंगे सरकारी स्कूलों के बच्चे

- पद पूजा के मौके पर सरकारी और गैर सरकारी स्कूल के बच्चे लेंगे शपथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती (31 अक्टूबर) के मौके पर राज्य सरकार ने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड एवं पद पूजा मनाने का निर्णय लिया है परंतु गुरुवार को दीपावली की छुट्टी के कारण राज्य के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में बुधवार को ही राष्ट्रीय एकता दिवस परेड एवं पद पूजा की जाएगी। इसके लिए राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के तीन से 12वीं तक के सभी बच्चे विद्यालय स्तर पर बड़े उल्लास और उत्साह के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस मनाएंगे। इस दौरान बच्चों द्वारा उपयुक्त क्षेत्र में दौड़ लगाई जाएगी और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी होगा।

**बच्चे लेंगे राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ :** राज्य की सरकारी स्कूलों के बच्चे एकता दिवस पर जो शपथ लेंगे वह- मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भर्षक पर्यटन करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प करता हूं।

## साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग का मामला

# हाईकोर्ट ने यूआईडीएआई पर जताई नाराजगी

- गुमशुदा बच्चों को लेकर क्यों नहीं दी पूरी जानकारी
- राज्य सरकार के आवेदन पर जल्द निर्णय ले यूआईडीएआई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिकस यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना आदि के बारे में यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया) से आवेदन देकर जानकारी मांगी गई थी, लेकिन यूआईडीएआई ने कानून का हवाला देते हुए उक्त जानकारी देने से मना कर दिया है।

इसपर खंडपीठ ने नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि वर्ष 2014 से दो बच्चों के लापता जैसे संवेदनशील मामलों में यूआईडीएआई को लचीला रुख अपनाना चाहिए ताकि इन बच्चों को ढूंढने में मदद मिल सके। खंडपीठ ने यूआईडीएआई को बच्चों के आधार कार्ड से संबंधित मांगे गए बायोमेट्रिक पर जल्द निर्णय लेने का निर्देश देते हुए शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को बताने को कहा है कि दोनों गुमशुदा बच्चों को खोजने के लिए वर्तमान में क्या -क्या कदम उठाए गए हैं एवं दूसरे अन्य बच्चों की ट्रैफिकिंग से बचाव के लिए क्या उपाय किए गए है इसकी जानकारी दे। मामले की अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी।

### क्या है मामला

दरअसल, कुलदेव साह व वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/ 2022 में बी हंसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## खबर एक नजर में

### अपना वोट किसी नेता को नहीं अपने बेटा को दें : बबलू चौधरी



**रांची।** रांची से निर्दलीय प्रत्याशी पवन कुमार चौधरी उर्फ बबलू चौधरी ने मंगलवार को कहा कि रांची की जनता ने तीनों प्रमुख पार्टियां जैसे कांग्रेस, बीजेपी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के इतने सालों तक काम को देखा है परंतु इन तीनों प्रमुख पार्टियों का काम रांची की जनता की समझ से परे है। रांची में प्रशासन भी अपराध पर अंकुश लगाने में विफल साबित हुआ है, इसलिए मुझे रांची की जनता की मांग पर राजनीति में आना पड़ रहा है। आज रांची के युवा बेरोजगारी के कारण नशाखोरी में लगे हैं, गरीब और गरीब होता जा रहा है और अमीर और अमीर हो रहे हैं। उसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी कमियां हैं। हर तरफ कमीशन खोरी की लूट मची है। पिछले कई वर्षों से जो रांची के जीते हुए प्रत्याशी रहे हैं अगर उनका काम संतोषजनक होता तो उन्हें आज जनता के दर दर जा कर वोट मांगनी नहीं पड़ती। इसलिए मैं राजनीति में रांची की जनता के विकास के लिए आ रहा हूं। मुझे आशा है कि रांची की जनता का मुझे पूरा प्यार और आशीर्वाद अवश्य मिलेगा।

### श्री श्याम मंदिर में 125वां श्री सुंदर काण्ड श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आयोजित

**रांची।** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा आज हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 125वां श्री सुन्दर काण्ड -श्रीहनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ श्रद्धाभक्ति भावना से सम्पन्न हुआ। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने हनुमान जी महाराज की अखण्ड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके गुड़, चना, केशरिया पेड़ा, फल का भोग अर्पित किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक, ढफली, झांझ, आरगेन के भक्तिमयी स्वर के साथ श्रीगणेश वन्दना करके श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके बजरंगबली के जयकारों के बीच श्रीसुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ उपस्थित सैकड़ों भक्तों से करवाया। इस बीच हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में दीपावली महापर्व अनुष्ठान का तीन दिवसीय कार्यक्रम धनतेरस के शुभ दिन प्रारंभ हो गया। सभी कार्य को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, उपमंत्री अनिल नारनोली ने शुद्ध घृत के दीपकों को प्रज्ज्वलित कर उनका पूजन किया। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पाठ के समापन पर महाआरती करके सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

### दिव्यांगजनों के निर्मित उत्पादों का नि:शुल्क वितरण



**रांची।** भीम बिरसा इनमेंस फाउंडेशन और जनहित सांस्कृतिक कला केन्द्र के संयुक्त सहयोग से लालपुर स्थित धोबी घाट में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित वस्तुओं का वितरण किया गया। संस्था द्वारा इन वस्तुओं को जरूरतमंदों के बीच नि :शुल्क वितरण किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित दीया, मोमबत्ती और मिठाई का वितरण किया गया। जनहित के निदेशक चंदन मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार के चैरिटी कार्यक्रम दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर किये जा रहे हैं। दोनों संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से संबल बनाया जा सके। इस तरह के कम से कम पांच कैंप लगाकर जरूरतमंदों के बीच इन उत्पादों का वितरण किया जायेगा। वहीं, भीम बिरसा इनमेंस फाउंडेशन की अध्यक्ष सरिता पांडेय ने बताया कि संस्था अपने उद्देश्यों को लेकर स्पष्ट और पारदर्शी तरीके से दिव्यांगजनों और महिला उत्थान की दिशा में काम करती रही है। दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों से परिचित कराना और उनके अधिकारों को दिलवाने के साथ साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रयास है कि समाज में दिव्यांगजनों का विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाये। इस मौके पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आधुनिकीकरण के दौर में बैलों को संरक्षित करने की जरूरत : महतो

- सोहराय पर्व को लेकर विशेष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ पूर्व प्रदेश कार्यालय मंत्री सतीश महतो ने कहा कि कार्तिक महीना में अमावस के दिन (दिवाली की सुबह) सोहराय पर्व मनाया जाता है। इस त्यौहार में विशेष कर जानवरों की पूजा होती है। सोहराय पर्व के पूर्व जानवरों के सींग, कान और खुर आदि पर तेल लगाया जाता है। दिवाली की सुबह में सभी जानवरों को तालाब, नदी आदि जलाशय में नहलाकर, फूल माला फुदेना एवं शरीर में विभिन प्रकार के छापा रंग रोगन कर जानवरों को सजाया जाता है। जलाशय में नहलाकर गोहार घर,(जानवरों का घर) में झारखंडी परंपरा के अनुसार उरद , चना, राहर का कोहरी खिलाया जाता है, जिसे घर के बच्चे, बड़े, बुजुर्ग भी जानवरों की खाची से उठाकर खाते हैं। झारखंड में सोहराय में रंगुआ, माला, मुर्गा बलि चढ़ाने की भी परंपरा है। मुर्गा बलि देकर गोहार घर में मुर्गा को कुछ देर के लिए छोड़ दिया जाता है। उसके बाद दोपहर को गाय, बेल, बकरी, भेड़ आदि जानवरों घर के बाहर निकालकर ढोल,बजा, पटका बजाने के साथ साथ बिंधकाया (दौड़ाया) जाता है। वर्षों से चली आ रही परंपरा आज भी गांव देहात में कायम है, लेकिन शहरीकरण होने की वजह से शहरों में सोहराई पर्व विलुप्त हो रही है। आधुनिकरण की दुनिया में मशीनरी जगह ले रही है। बैल विलुप्त हो रहे हैं। ऐसे में आधुनिकरण के इस दौर में हमें बैलों को संरक्षित करने की आवश्यकता है।

### कार्तिक उरांव का 100वां जन्म दिवस मना

**रांची।** मोराबादी स्थित आदिवासी लूर अड्डा में बाबा कार्तिक उरांव का 100वां जन्म दिवस पर डॉ बन्दे खलखो ने माल्यार्पण सह पुष्प अर्पित कर जन्म दिवस मनाया। सभागार में उपस्थित लोगों का स्वागत सुखराम उरांव ने किया। इस अवसर पर डॉ हरि उरांव ने बाबा कार्तिक उरांव के जन्म, शिक्षा, संघर्ष, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यो के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज भी उनके बराबर पढ़े-लिखे कोई भी आदिवासी नहीं हैं। कार्तिक उरांव के किये कार्यों को हमेशा याद रखा जायेगा। डॉ योगेश प्रजापति ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव के जीवन से हम सबों को प्रेरणा लेनी चाहिये। मौके पर शोधार्थी सरिता कुमारी, लक्ष्मण उरांव, प्रियंका उरांव, जगदीश उरांव एवं गणेश उरांव ने भी अपनी बातें रखी। इस अवसर पर कृष्णा उरांव, जोहे भगत, सुमित टाना भगत, सुन्दरदेव टाना भगत, मंजु कुमारी के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# शिक्षा जीवन का मूल आधार, बच्चे अनुशासित रह कर शिक्षा ग्रहण करें : रसिका नवनीत सिंह

- सीआईटी के 18 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में नवआगंतुक विद्यार्थियों के लिए 25 सितंबर से चल रहे 18 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का समापन मंगलवार को विद्यार्थियों के बीच प्रशस्ति पत्र व पुरुस्कार वितरण के साथ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने खेलकूद समेत अन्य कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। 18 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों की अगुआई में संस्थान के नियम कानून, अनुशासन, लाइब्रेरी, लैब आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। बताते चलें कि नवागंतुक विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत मिनी टूल रूम व विद्युत्त सब स्टेशन टाटीसिलवे का दौरा भी किया। मंगलवार को समापन के मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन व उप प्राचार्य प्रो. रसिका नवनीत सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा जीवन का मूल आधार है। लगनपूर्वक अनुशाषित रह शिक्षा ग्रहण करें और अपने जीवन में सफल हों। कार्यक्रम को डीन(आईक्यूएसी) डॉ नवीन सिन्हा, डीन अकेडमिक प्रो अरशद उस्मानी ने भी संबोधित किया। 18 दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोर्डिनेटर डॉ प्रणव कुमार, डॉ विजय शंकर सिंह, डॉ रितेश कुमार,डॉ शालिनी सिंह, डॉ नैयर मुमताज, प्रो अंकित कुमार सिंह, प्रो अनवर आलम, प्रो स्वेता कुमारी समेत इंडक्शन प्रोग्राम के मेंबर सेक्रेटरी प्रो अभिषेक कौशल की अहम भूमिका रही।

### स्टार प्रचारक बनाये जाने पर राजेश सिन्हा सन्नी ने पार्टी के प्रति अभार व्यक्त किया

**रांची।** झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा, सन्नी को प्रदेश नेतृत्व द्वारा स्टार प्रचारक प्रतिनियुक्त किये जाने पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियका गांधी, राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चीब, राष्ट्रीय प्रभारी युवा कांग्रेस कृष्णा अल्लूवरू एवं विशेष रूप से झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का अभार व्यक्त किया। राजेश सिन्हा, सन्नी ने कहा कि पार्टी के आम कार्यकर्ता को स्टार प्रचारक बनाये जाने से पार्टी से जुड़े आम कार्यकताओं का हौसला अफजाई हुआ है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्ति करने के लिए हर स्तर पर पुरा प्रयास किया जा रहा है। श्री सन्नी के स्टार प्रचारक बनने पर कई लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में मो इनायतउल्ला, मोहसिन अहमद, अब्दूल रहमान, नितीश सिन्हा, पिया वर्मण, वेद प्रकाश तिवारी, बसंत लकड़ा, अनिल सिंह, दिपेश पाठक, अमित लाल, अजहर खान, राहुल वर्मा, अतुल उरांव, अयुष सिन्हा शामिल है।

# निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल ने मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर प्रभात फेरी निकाली




**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल ने मंगलवार को पूरे जोर शोर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत विद्यालय की ओर से प्रभात फेरी निकाली गयी। सिमें कक्षा प्रथम से कक्षा दशम तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रभात फेरी विद्यालय से लेकर के एदलहातू के विभिन्न चौक- चौराहा तथा गलियों में संचालित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान का महत्व तथा मतदान करने के लिए जागरूक करना था।

इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने लोगों को जागरूक करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाट्यकला के माध्यम से जागो-जागो मेरे देश वासियों..करो मतदान मेरे देश वासियों.. के गीत की धुन पर बच्चों ने जमकर नृत्य कर लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। इसके अलावा बच्चों की मतदान से संबंधित स्लोगन प्रतियोगिता भी कराई गयी। इसमें बच्चों ने मतदान के लिए प्रेरणादायक वाक्य लिखे। स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि मताधिकार अन्य सभी अधिकारों से सर्वोपरि है। इसका उपयोग हर वयस्क व्यक्ति को करना चाहिये। वहीं दसवीं कक्षा कि विद्यार्थियों ने बताया कि देश का भविष्य नेताओं पर नहीं बल्कि मतदाताओं पर निर्भर होता है। इसलिए सभी 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिये। मौके पर विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा तथा शिक्षक- शिक्षिका आशुतोष कुमार, अनिमा इक्का, गीता कुमारी, सुधा राणा, निशा कुमारी विभा तिग्गा, सुरेश कुमार, अनामिका छेत्री तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

# झारखंड विधानसभा चुनाव : रांची के रण में उतरे नामचीन चिकित्सक डॉ. बीपी कश्यप

- चुनावी अखाड़े में विरोधियों को पटखनी देने के लिए हैं तैयार, महारथियों से है सीधा मुकाबला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डॉ. बीपी कश्यप ने पिछले 40 वर्षों से झारखंड और रांची की जनता के दृष्टि सुरक्षा की दिशा में उल्लेखनीय काम किया है और झारखंड की जनता की दृष्टि सुरक्षा में अपना जीवन समर्पित किया है। उन्होंने झारखंड में एनएबीएच की क्वालिटी की सर्वोच्च मान्यता प्राप्त आंखों के सुपर स्पेशलिटी 'आई हॉस्पिटल' की स्थापना की है।

इस अस्पताल में नई दिल्ली एम्स से प्रशिक्षित आंखों की सभी सुपर स्पेशलिटी के चिकित्सक काम करते हैं। डॉ. बीपी कश्यप और उनकी धर्मपत्नी डॉ. भारती कश्यप द्वारा 2005 में उत्तरी-पूर्वी और पश्चिमी भारत का पहला एनएबीएच की क्वालिटी की सर्वोच्च मान्यता प्राप्त आंखों के अस्पताल की स्थापना की गई है। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल नेत्र चिकित्सा के लिए डीएनबी और फैलोशिप की उच्चतम पढ़ाई का भी केंद्र है।

डॉ. बीपी कश्यप का पूरा परिवार, जो डॉक्टर और इंजीनियरों की गहन पढ़ाई किए हुए लोगों का परिवार है। यह पूरा परिवार उनकी माता जी के साथ उनके पिताजी के निधन के बाद अमेरिका में बसे डॉ. बीपी कश्यप ने रांची को अपनी मातृभूमि मानकर रांची में ही लोगों की सेवा करने का निर्णय किया और लगातार 40 वर्षों से सेवा में लगे हुए हैं।

### आरटीसी आईटी छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**ओरमांझी।** राष्ट्रीय सेवा योजना व उन्नत भारत अभियान के तहत आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आनंदी ओरमांझी के सेल के छात्रों द्वारा मंगलवर को मतदान जागरूकता रैली निकल लोगों को मतदान करने के प्रति जगरूक कया गया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में स्लोगन लिए तख्तियां व पोस्टर लिए चुनाव एक कर्तव्य, पहले मतदान फिर जलपान, मतदाता वोट हमारा अधिकार, नर हो या नारी मतदान हैं जरूरी, वोट डालने जाना हैं, अपना फर्ज निभाना हैं, चुनाव हैं लोकतंत्र की शान, वोट देकर इसका करो सम्मान आदि नारा लगा रहे थें। वहीं अलग-अलग समुह में छात्र-छात्राएं घर-घर जाकर भी लोगों से बात कर मतदान करने को कहा, अपने वोट का उपयोग करना सिर्फ हमारा कर्तव्य ही नहीं दायित्व भी है। भारत एक लोकतान्त्रिक देश है, देश के हर एक नागरिक को जिम्मेदारी पूर्वक मतदान कर एक जिम्मेदार सरकार बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में कालेज के प्रचार्य व कई षिक्षक भी शामिल थें।

### झारखंड अधिवक्ता लिपिक संघ ने दिया 50 हजार मुआवजा

**रांची।** राज्य में पहली बार किसी अधिवक्ता क्लर्क को डेथ क्लेम के रूप में 50 हजार रुपये स्वर्गीय अधिवक्ता क्लर्क के परिजन को मदद स्वरूप दिया गया। रांची जिला बार एसोसिएशन के नये बार भवन के पुस्तकालय रूम में आयोजित एक समारोह में संजय कुमार विद्रोही ने स्व काशी नाथ बैठा की पत्नी को 50 हजार रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि यह चेक भविष्य में की आवश्यकताओं को देखते हुये उनके परिजन को दिया गया है। इस राशि को बढ़ाकर एक या डेढ़ लाख रुपये करने की आवश्यकता है। यह राशि झारखंड अधिवक्ता क्लर्क वेलफेयर फंड कमेटी रांची के तहत डेथ क्लेम दिया गया है। रांची सिविल कोर्ट में रजिस्टर्ड 145 अधिवक्ता क्लर्क हैं। इतिहास में झारखंड राज्य में पहली बार किसी अधिवक्ता क्लर्क को मरनोपरांत डेथ क्लेम दिया गया है। इस अवस पर अधिवक्ता क्लर्क संघ के अध्यक्ष अवधेस कुमार सिन्हा, सचिव ललन प्रसाद, अयुब अंसारी, ललित दास गोस्वामी, ओम प्रकाश साहू, मो इस्तेयाकग अहमद, अजीत कुमार शर्मा, रोजामत अंसारी, कृपाल साहू, मो इम्तेयाज, सुलेमान अंसारी, सत्यनारायण राम, कार्तिक महतो, सृष्टिधर महतो, सुधीर टोप्पो समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# शिल्पी नेहा तिर्की ने इटकी प्रखंड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

**इटकी (खबर मन्त्र)।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को इटकी प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रखंड के रानीखटंगा स्थित अखरा स्थल पर चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि अपार चुनौतियों के बीच अपने दो वर्ष के विधायिका कार्यकाल में मांडर विधान सभा के पांचों प्रखंड में चहुंमुखी विकास योजनाएं धरातल पर उतारी है। उन्होंने लोगों से अपने विवेक से बेहतर कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि को मतदान करने की बातें कही। उन्होंने मांडर विधान सभा में किये गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इटकी में पांच हजार करोड़ की लागत से अजिम प्रेम जी मेडिकल यूनिवर्सिटी बेरोजगारों को रोजगार सृजन करेगी।



इटकी में ही झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय को नामकोम से लाने का काम किया गया। लापुंग में हॉकी खेल को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम का निर्माण किया गया। मांडर के रेफरल अस्पताल को उत्तम श्रेणी का अस्पताल बनाने का काम किया गया। ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सके। साथ ही करोड़ों की लागत से कई सड़क योजनाओं को धरातल पर उतारी गई है। चान्हों के रघुनाथपुर में दो हजार हेक्टर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य है। बेड़ो केसीबी कॉलेज को 13 करोड़ की लागत से नया भवन का निर्माण लिफ्ट की सुविधाएं, साथ ही मांडर कॉलेज में 19 करोड़ की लागत नए शैक्षणिकभवन व स्टूडेंट रीसोर्स सेन्टर का निर्माण कराया जा रहा है जिसमे आधुनिक पुस्तकालय, जिम सहित अन्य व्यवस्थाएं होगी। साथ ही पूरे मांडर विधान सभा को शैक्षणिक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड के मल्टी, रानीखटंगा और कुंदी पंचायत के विभिन्न गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली, रितेश कुमार सिंह, अबुमाज,

### मखमंदरो में धराया 1 लाख 5 हजार 2 सौ नकद

**रातू।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन काफी सख्त है। मखमंदरो में बनाये गये अस्थायी चेक पोस्ट में वाहन चेकिंग के दौरान अधिकारियों ने मंगलवार की शाम करीब 5 बजे पिकअप वैन जेएच 01 ईजी 9174 के चालक घनश्याम लोहरा से 1 लाख 5 हजार 2 सौ नकद पकड़े। पुलिस ने उसे जब्त कर लिया है। उसकी जब्ती सूची बना आरोपी के खिलाफ थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। रुपये मांडर के एक फर्नीचर दुकानदार की है। वैन में तीन लोग सवार थे। लोहरा ने पुलिस को बताया कि दो मजदूर के साथ वह प्लाई लेने रांची जा रहा था। इसकी जांच की जा रही है।

# मांडर विस में बंधु तिर्की का कारवां बढ़ायेंगी शिल्पी नेहा तिर्की या सन्नी टोप्पो खिलायेंगे कमल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** सन्नी टोप्पो कितनी मजबूत चुनौती पेश कर सकेंगे, यह देखने वाली बात होगी। हालांकि शिल्पी नेहा तिर्की और बंधू तिर्की अपनी जीत को लेकर बेहद आश्वस्त नजर आ रहे हैं, बंधु तिर्की का दावा है कि कहीं कोई मुकाबला नहीं है, कांग्रेस की जीत महज औपचारिकता है, लेकिन अंतिम फैसला तो मतपटियों से ही निकल कर सामने आयेगा।

मांडर विधानसभा में वर्ष 2005, 2009 और 2019 में बंधु तिर्की अलग-अलग पार्टियों के बैनर तले जीत दर्ज कर चुके हैं। वर्ष 2005 में बंधु तिर्की ने गोवा डमोक्रेटिक पार्टी, वर्ष 2009 में झारखंड जनाधिकार मंच और वर्ष 2019 में झाविमो के टिकट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि आय से अधिक मामले में उनकी विधायकी जाने के बाद बेटी शिल्पी नेहा तिर्की ने मोर्चा संभाला और 2022 के उपचुनाव में जीत दर्ज करने में सफल भी रही, इस बार कांग्रेस ने शिल्पी नेहा तिर्की पर एक बार फिर से दांव लगाया है, जबकि भाजपा ने सन्नी टोप्पो को मोर्चे पर तैनात किया है। वर्ष 2014 में कमल खिलाने वाले गंगोत्री कुजूर पर इस बार पार्टी ने दांव लगाना बेहतर नहीं समझा, दरअसल वर्ष 2022 के उपचुनाव में पार्टी ने एक बार फिर से गंगोत्री कुजूर पर दांव लगाया था, लेकिन गंगोत्री कुजूर शिल्पी नेहा तिर्की का मुकाबला सफलता का परचम फहराने में सफल नहीं हो सकी, इस हालत में देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी ने सन्नी टोप्पो जैसे युवा चेहरा पर जो दांव खेला है, कि कामयाब रहता है।



**वर्ष 2014 में गंगोत्री को हाथों खिला था कमल :** यदि मांडर के पुराने इतिहास को खंगाले तो इस सीट से वर्ष 2000 में देवकुमार धान ने पंजा को जीत दिलाई थी, जबकि वर्ष 2005 और 2009 में बंधु तिर्की ने जीत का सेहरा बांधा, लेकिन वर्ष 2014 में गंगोत्री कुजूर कमल खिलाने में कामयाब रही। वर्ष 2022 के उप चुनाव में शिल्पी नेहा तिर्की के हिस्से 95,486 तो गंगोत्री कुजूर के खाते में 71,796 वोट आया था, जबकि पूर्व विधायक देव कुमार धान ने निर्दलीय अखाड़े में कूदते हुए 22,424 वोट पाने में कामयाब हुए थे। जबकि वर्ष 2019 में बंधु तिर्की के हिस्से 92,491 तो देव कुमार धन भाजपा की ओर से बैटिंग करते हुए महज 69,364 पर सिमट गये थें, जबकि उस वक्त के कांग्रेस उम्मीदवार सन्नी 8,840 के साथ चौथे स्थान पर थे।

हार जीत का अंतर करीबन 23 हजार का था। इस हालत में इस बार सन्नी टोप्पो कितनी मजबूत चुनौती पेश कर सकेंगे, यह देखने वाली बात होगी। हालांकि शिल्पी नेहा तिर्की और बंधू तिर्की अपनी जीत को लेकर बेहद आश्वस्त नजर आ रहे हैं, बंधू तिर्की का दावा है कि कहीं कोई मुकाबला नहीं है, कांग्रेस की जीत महज औपचारिकता है, लेकिन अंतिम फैसला तो मतपटियों से ही निकल कर सामने आयेगा।

### इंटरनेशनल यूथ डेवलपमेंट फाउंडेशन ने बच्चों के विकास को लेकर किये कई कार्यक्रम

**नामकुम।** इंटरनेशनल यूथ डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को चायबगान के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छोटे छोटे जरूरतमंद बच्चों के बीच डांस, पेंटिग और स्कीपिंग प्रतियोगिता फुटबाल मैच, क्लैप एंड रन सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों के बीच पुरस्कार स्वरूप ही कई तरह की प्रतियोंगिताएं आयोजित कर उनके बीच पुरस्कार स्वरूप स्कूल बैग,लंच बाक्स,पेन्सिल बाक्स,पेन सेट,वाटर बोतल, फुटबाल, बैडमिन्टन सेटकलर बुक सहित केक बिस्कीट,एवं स्नैक्स भी बांटे गए। कार्यक्रम के आयोजन में नेहा सिंह,सूरज कुमार,राहुल कुमार, शक्ति पाडेंय,कमलेस कुमार,संदीप महतो,आशा रानी,बबीता देवी सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

स्पीड न्यूज

## रातू : पुलिस की मौजूदगी में थाने से कैदी फरार

- शाम सवा सात बजे की घटना
- पकड़ने में विफल रहे जवान

**रातू।** थाना परिसर में मंगलवार की शाम 7:15 बजे सफेद बोलेरो में सवार एक कैदी, दो पुलिस कर्मी और चालक को चकमा देकर फरार हो गया। सत्यापन के लिये पिठोरिया की पुलिस उसे लेकर 7 बजे यहां आयी थी। गाड़ी खड़ी कर पदाधिकारी थाने के अंदर गये। बोलेरो में दो जवान और चालक थे। चालक अपने सीट में था। दो जवान पीछे बैठे थे। बीच में कैदी था। एक जवान पानी लेने मंदिर के समीप टंकी के पास गया। दूसरा मोबाइल देख रहा था। इस बीच आरोपी रफू-चक्कर हो गया। जवानों ने उसका पीछा भी किया। लेकिन, उसे पकड़ने में वह विफल रहे। कैदी की फरारी के बाद पदाधिकारी और जवानों के महज होश उड़ गये। पुलिस हिरासत से कैदी के फरार होने को लेकर वरीय अधिकारी काफी नाराज बताये जा रहे हैं। उसकी सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारी और जवानों पर लापरवाही के आरोप में संभावित कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता है। विस्तृत ब्योरे की प्रतीक्षा की जा रही है।

## संत एग्नेस स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**इटकी।** संत एग्नेस मध्य और उच्च विद्यालय इटकी की ओर से मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली स्कूल प्रांगण से निकल कर खोरखटोली, महुवा टोली, बेलचान टोली, प्रखंड कार्यालय साहेब मोड़ होते हुए वापस स्कूल पहुंची। इस दौरान छात्राओं ने मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्कूली छात्राएं हाथों में तख्तियां लिए मम्मी-पापा वोट दो, बदलाव के लिए अपना मत का सही प्रयोग करें आदि नारा लगा रहे थे।

## इटकी : धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी

**इटकी।** धनतेरस के मौके पर मंगलवार को इटकी में जम कर खरीदारी हुई। लोगों ने अपनी जरूरत और मान्यताओं के मुताबिक खरीदारी की। इटकी में धनतेरस को लेकर दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दुकानों में खरीदारों के पहुंचने से बाजार गुलजार रहा। सोने चांदी के गहने, लक्ष्मी गणेश की मूर्ती, पूजा सामग्री, बर्तन, मिठाई, झाड़ू, मिट्टी के दीये, करंज तेल, खिलौने के अलावा इलेक्ट्रॉनिक दुकान व वाहनों के शो रूम में ग्राहक देर शाम तक खरीदारी करते नजर आये।

## राहे में स्कूली छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**राहे।** प्रखंड के कई स्कूलों के बच्चों के द्वारा मंगलवार को अपने पोषक क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। डोमनडीह प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल के विद्यार्थियों की जागरूकता रैली डोमनडीह स्कूल मैदान से निकल कर भगत सिंह चौक होते हुए वापस स्कूल तक आयी। छात्र छात्राओं ने मतदान करने एवं मतदाता अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो में धनतेरस पर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित दुकानों में ग्राहकों ने जमकर खरीदारी किया। शाम तक बाजार गुलजार रहा। सुबह से शाम तक बाइक,बर्तन,इलेक्ट्रा निक्स,आभूषण,पूजन सामग्री एवं किराना समेत सभी प्रकार दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ खरीदारी के लिए उमड़ पड़ी। सुबह से ही खरीदारी के लिए बाजार सज गये थे।इधर इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक, बर्तन दुकान व ज्वेलरी शॉप के दुकान संचालकों ने पर्याप्त स्टॉक अपने पास मंगा रखा था। झाड़ू का बाजार सबसे अधिक गर्म रहा। धनतेरस के मौके पर झाड़ू खरीदे जाने की परंपरा के मद्देनजर सभी चौक चौराहों पर झाड़ू के दुकानें भी सजी हुई थीं। लोगों ने जमकर झाड़ू की खरीदारी की। 40-60 रुपये से लेकर 100 रुपये के भाव में झाड़ू बिके। वहीं लोगों ने जमकर सोने-चांदी के गहनों के साथ साथ सिक्कों को खरीदा। धनतेरस पर चांदी और सोने के सिक्कों की भी खासी मांग रही। इधर बर्तन दुकानों में तांबा व कांसा की मूर्तियों के अलावा स्टील के बर्तन व अन्य आवश्यकताओं के सामान लोगों ने खरीदा।खासकर महिलाओं ने बर्तनों की खरीददारी की। महावीर चौक, जिला परिषद, बाजार टांड़ व देवी मंडप चौक में काफी चहल-पहल रही। मान्यता है कि धनतेरस पर खरीददारी करना काफी शुभ होता है। इस दिन लक्ष्मी घर आती हैं तथा अन्न धन का भंडार भी भरता है।

## रातू प्रखंड में दीपावली की धूम

**रातू।** प्रखंड के विभिन्न भागों में दीपावली की धूम मची है। चारों ओर चहल-पहल देखा जा रहा है। मां काली की पूजा को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं। मुख्यालय स्थित मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। रंग-बिरंगी विद्युत सजावट भी की गयी है। इससे यहां की छटा देखते ही बन रही है। धनतेरस पर धन की बारिश हुयी। लोगों ने दो, तीन, व चार पहिया वाहन, सोने चांदी के जेवरात, कांसे और स्टील के बर्तन व घरेलू चीजों की जमकर खरीदारी की। पटाखे की आवाज से क्षेत्र गुंजायमान है। वहीं, आतिशबाजी से माहौल जगमगा रहा है। त्योहार को लेकर बच्चे और युवाओं में विशेष उत्साह है।

### मिट्टी के दीये की खूब हुई बिक्री

काठीटांड़, चट्टी, मखमंदरो, दलादिली, कटहल मोड़, कमड़े, तिलता, रवि स्टील व झखराटांड़ आदि चौक-चौराहे में मिट्टी के दीये और मनमोहक खिलौने की दर्जनों दुकानें सजी है। लोग इसकी खूब खरीदारी कर रहे हैं। पटाखे और मिठाई की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ लगी है। इसके मद्देनजर प्रशासन चौकस है। कई स्थानों में लाठी और सशस्त्र बल तैनात किये गये हैं। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह है।

# मांडर : सड़क हादसे में महिला समेत छह घायल

**मांडर।** प्रखंड के टांगरबसली मुख्य पथ पर स्थित बुढ़ाखुखरा के समीप हुए सड़क हादसे मे एक महिला समेत छह छात्राएं घायल हो गयीं। घटना मंगलवार की सुबह सात बजे की है। बताया जाता है कि टेम्पो टांगर बसली से पैसेंजर लेकर मांडर आ रहा था, उसमें मांडर के संत जेवियर व संत अन्ना इंटर की छह छात्रएं भी सवार थी। इसी दौरान बुढ़ाखुखरा कोल्डस्टोर के समीप एक कुत्ते को बचाने के क्रम में टेम्पो असंतुलित होकर सड़क पर पलट गया। सवारी ऑटो के सड़क पर पलट जाने से एक महिला सहित उसमें सवार छह छात्राएं घायल हो गयीं स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को टेम्पो से बाहर निकाला और उन्हें रेफरल अस्पताल पहुंचाने में मदद की। घायलों में तीन छात्राओं, चालक और एक महिला को बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया है। घायलों में बुढ़ाखुखरा निवासी पचास वर्षीय मंगरी उरांइ, लोयो की सतरह वर्षीय अर्चना मिंज, सतरह वर्षीय तरशीला केरकेट्टा, टांगरबसली की अठारह वर्षीय खुशी खलखो और रितिका पलक, सकरा गांव की यमुना कुमारी 18 वर्ष और सतरह दिव्या उरांव शामिल हैं। इनमें से मंगरी, तरशीला, रितिका और दिव्या को ज्यादा चोट आयी है। जिन्हें मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है।

# कार्तिक उरांव के सपनों को करेंगे साकार : गणेश

**महादानी मैदान बेड़ो में मना स्व कार्तिक उरांव की 100वीं जयंती समारोह**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** स्व कार्तिक उरांव के अधूरे सपनों को साकार करना हमारा कर्तव्य है। यह बातें अखिल भारतीय जनजातिय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक सह छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने कहीं। वे जनजाति सुरक्षा मंच बेड़ो के तत्वावधान में मंगलवार को महादानी मैदान में आयोजित कार्तिक उरांव की 100वीं जयंती सह जतरा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में ढोल, ढाक, मांदर और नगाड़ों की थाप पर खोड़हा दलों के साथ नाचते-गाते शामिल हुए। समारोह में संयुक्त रूप से सामूहिक प्रार्थना और कार्तिक उरांव के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा हमें अपनी सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान और परंपरा को बचाने के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी। परंपरागत नाच गान हमारी सांस्कृतिक पहचान है। वहीं जनजाति सुरक्षा मंच के जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा कि कार्तिक उरांव ने आदिवासियों के विकास के लिए जो सपना देखे था, उन्हें हमें पूरा करना है। उनकी जीवनी से प्रेरणा लेते हुए हमें आदिवासियों के समग्र उत्थान के लिए काम करना होगा। इसके लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है।

### समारोह में थे शामिल

समारोह में क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, प्रदेश संयोजक हिन्दुवा उरांव, प्रदेश प्रवक्ता मेघा उरांव, प्रदेश सदस्य सन्नी उरांव व रवि प्रकाश उरांव आदि ने अपने विचार रखे। समारोह की अध्यक्षता जगरनाथ भगत, संचालन मनोज उरांव व धन्यवाद ज्ञापन मनोज भगत ने किया। वहीं समारोह को सफल बनाने में मंच के सदस्यों में बन्नू भगत, बुधवा उरांव, पुनई फागु मुंडा, शंकर बधाई चिलगु उरांव, विशु उरांव, जयंती उरांव, पुष्पा उरांव, काजल उरांव, सृष्टि विहां, काजल तिर्की, पूजा मिंज, सुजीता केरकेट्टा व जुली कच्छप आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# रंगोली बना कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रंगोली प्रतियोगिता**

खबर मन्त्र संवाददाता



रंगोली बना संदेष देने वाले कालेज के छात्र।

**ओरमांझी।** दीपावली के अवसर पर उदय मेमोरियल बीएड कालेज केदल में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली बनाओ व दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अलग-अलग हाउस के छात्राओं ने राष्ट्रप्रेम, पर्यावण संरक्षण जैसे विषय पर रंगोली बनाकर दीपों से सजाया। रंगोली बनाओ व दीप सजाओ प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानन्द हाउस के बीएड द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान, डा. एपीजे अब्दुल कलाम हाउस द्वितीय स्थान व बिरसा मुंडा हाउस, बी० एड० प्रथम वर्ष तृतीय स्थान मिला। वहीं उत्कृष्ट विषय पर रंगोली बनाने वाले बिरसा मुंडा हाउस को प्रथम डा. एपीजे अब्दुल कलाम हाउस स्थान द्वितीय व संत मदर टेरेसा हाउस को तृतीय पुरस्कार मिला। कालेज के सचिव संतोष महतो व निदेशक राजेश कुमार कंडरवार ने विजेता हाउस के छात्र-छात्राओं पुरस्कार देकर सम्मानित किया, और कहा छात्र-छात्राओं के बीच दीपावली पर्व को उत्सव बनाने उदेष्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में शामिल हो छात्र-छात्राओं ने अपने रंगोली के मध्यम से पर्यावरण सरक्षण का संदेश देने का कार्य किया है। मौके पर कालेज के प्राचार्य डा. चंदन कुमार पंकज, उपप्राचार्य दयामनी कुमारी, स्वाति अंजना टोप्पो मौजूद थे।

## सोनाहातू में मनाई जाती है अनोखी धनतेरस

**सोनाहातू।** प्रखंड में मंगलवार को साप्ताहिक हाट लगा था। पूरे हाट में मिट्टी के बर्तन सजाकर रखे गए थे। प्रखंड के लोग धनतेरस में मिट्टी का बर्तन जरूर खरीदते हैं। मान्यता है कि दीपावली के बाद हर घर में गोरेया की पूजा की जाती है। इस पूजा में मिट्टी के बर्तन में बने पकवान का भोग लगाया जाता है।

## तोरपा में मना फसल प्रदर्शनी दिवस

**खूंटी।** एग्रीसाइंस पॉयोनियर बीज कंपनी द्वारा तोरपा प्रखंड के अंतर्गत गांव रिढुंग में किसानों के बीच फसल प्रदर्शनीय दिवस मनाया गया। दो नंबर जमीन पर पॉयोनियर 27/37 और अन्य हाइब्रिड धान को 10-10 बाली वजन करके दिखाया गया, जिसमें पॉयोनियर 27/37 की 4 बाली का अंतर यानि 40 प्रतिशत ज्यादा उत्पादन हुआ। इस मौके पर रांची रीजन के सुनाक्षी मेम टेरेटरी मैनेजर टिंकू कुमार बेमिसाल किसान को शॉल और मेडल देकर सम्मानित किये।

# एसीसी पब्लिक स्कूल में मना दीपोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** दीपोत्सव एवं छठ महापर्व के अवसर पर एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में एसीसी हाई स्कूल एवं एसीसी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम बाकी शरूआत विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी एवं रवि गिरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के छोटे बच्चों ने राम से संबंधित आधारित गीतों पर एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वही विद्यालय के छात्राओं ने छठ पर्व की पवित्रता विधिवत दशार्या। छात्राओं को सिखाने एवं साज सज्जा करने में शर्मिला पात्रा एवं दीपा गिरी का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। मंच संचालन मधु श्रीवास्तव व अन्तः प्रशासक एवं प्रधानाध्यापक महोदय ने बच्चों को हार्दिक बधाई दी।

# मतदान के बगैर लोकतंत्र की मिठास अधूरी

**नर्सिंग की छात्राओं ने की मतदान की अपील**

खबर मन्त्र संवाददाता




निदेशक व प्रबंधक के साथ रैली में शामिल छात्राएं।

**ओरमांझी।** जबतक मतदान नही किया जाए तबतक लोकतंत्र की मिठास अधुरी है। उक्त बात श्री साई नर्सिंग कालेज के प्रबंधक त्रिनयन्य कुमार ने कही, मंगलवार को हुमन रिर्सोर डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाईटी द्वारा संचालित श्री साईं नर्सिंग कालेज रूदिया मेसरा के छात्र-छात्राओं ने एक जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान करने की अपील किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हांथों में स्लोगन लिखे पोस्टर व मतदाता जगरूकता बैनर लिए, चुनाव हैं लोकतंत्र की शान, वोट देकर इसका करो सम्मान, जैसे कई नारे लगाते हुए लोगों को मतदान के प्रति जगरूक कर रहे थें। वहीं गांव के टोला मुहल्ला में जागकर लोगों को मतदान का महत्व व वोट करना क्यों जरूरी है बता रहे थें। रैली में शामिल कालेज के प्रबंधक त्रिनयन्य कुमार ने कहा लोकतंत्र में चुनाव का काफी महत्व है। लोकतंत्र को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए मतदान करना काफी जरूरी है। कहा लोकतंत्र का एक बड़ा पर्व चुनाव है, इसका महत्व तभी है जब हम सभी अपना मताधिकरी का इस्तिमाल मतदान करें। जबतक भय, प्रलोभन व लालच के बिना मतदान नही करते तबतक लोकतंत्र का मिठास व खुबसूरती का आनंद नही मिल सकता है। वहीं कालेज के निदेषक बवीता कुमारी ने भी सभी छात्र-छात्रओं को अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने व मतदान कराने की अपील किया। मौके पर प्राचार्य तमिल सैल्वी, डा. श्वेता सिन्हा, रवि रेष्म एक्का, नेहा कुमारी, श्रेया घोष, सुलेखा कुमारी, दीपमाला कुमारी, सुषीला तिर्की, आरती कुमारी, रितेष कुमार, रिना चैधरी, मोहनी कुमारी, गितांजलि कुमारी व कालेज के छात्र-छात्राएं आदि शामिल थें।

## शपथ पत्र

1. असलम अंसारी, सुबेदार मियां का पुत्र, लिंग पुरुष, धर्म-इस्लाम, निवासी- डुमरी, पोस्ट ऑफिस-चरकी डुमरी, कोकर, पी.एस.-नरकोपी, जिला- रांची, झारखंड, पिन 635301, झारखंड मैं नीचे दिए गए कथन की सत्यनिष्ठा से पुष्टि करता हूँ और वचन देता हूँ कि यह मेरे सर्वोत्तम ज्ञान विश्वास के अनुसार सत्य और सही है:
1. मैं भारत का नागरिक हूँ।
2. मेरा पासपोर्ट जो 16/06/2011 को बना है, जिसका पासपोर्ट नंबर-18338554 है, उसमें मेरा नाम मोहम्मद असलम अंसारी लिखा हुआ है।
3. असलम अंसारी और मोहम्मद असलम अंसारी दोनों एक ही व्यक्ति हैं, अर्थात मैं स्वयं हूँ।
4. अब मैं असलम अंसारी के नाम से जाना जाता हूँ, जो मेरा वास्तविक और मूल नाम है।
5. मेरा नाम असलम अंसारी मेरे आधार कार्ड में अंकित है, जिसका आधार नंबर 7422 7539 3562 है तथा पैन कार्ड में भी अंकित है, जिसका पैन नंबर DMRPA4259K है।
6. इस हलफनामे को अखबार में प्रकाशित करने का मुख्य उद्देश्य नाम में सुधार करना है।
7. इस हलफनामे में लिखी गई बातें मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं।

Ref. No. 06
Date 28-10-2024

## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रॉंची

**प्रेस विज्ञप्ति**

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा के ज्ञापांक–749, दिनांक–21.10.2024 के द्वारा गढ़वा जिला के कुल 197 (एक सौ संतानबे) गृह रक्षक गोड्डा पुलिस केन्द्र में अनुपस्थित रहे हैं, जिस कारण गृह रक्षा वाहिनी की छवि धुमिल हुई है और चुनाव कार्य प्रभावित हुआ है। फलतः झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रॉंची के द्वारा गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली, 2014 का नियम–18 (दण्ड) की उप–कण्डिका–(i) (ड) के तहत् संबंधित गृह रक्षक को सेवा से 06 (छः) माह के लिए कर्त्तव्य से वंचित किया गया है।

अतः उपरोक्त आदेश के आलोक में गढ़वा जिला के वैसे गृह रक्षक जो रॉंची जिला अन्तर्गत किसी पोस्ट/प्रतिष्ठान पर प्रतिनियुक्त है और मुख्यालय, रॉंची द्वारा 06 (छः) माह के लिए वंचित कर दिया गया है, अविलम्ब अपने प्रतिनियुक्ति स्थल से प्रस्थान करना सुनिश्चित करें अन्यथा आपकी प्रतिनियुक्ति स्थल पर बने रहने की स्थिति में आपके भत्ते की निकासी नहीं की जायेगी साथ ही ऐसी जानकारी मिलने पर आपके विरूद्ध सेवामुक्त करने की अनुशंसा मुख्यालय, रॉंची को की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।**

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
रॉंची

PR 339683 Police (24-25)_D

## सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,रॉंची
## विधानसभा (आम) निर्वाचन 2024
## (प्रशिक्षण कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

58–तमाड़/63–रॉंची/64–हटिया/65–कॉंके एवं 66–माण्डर विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) का तृतीय चरण (3rd Phase) का Party wise प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित है:–

**प्रशिक्षण स्थल :– राजकीय +2 उच्च विद्यालय, कॉंके रॉंची**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| Phase | Training Date | Shift | Time | Party No. | Duty |
|---|---|---|---|---|---|
| 3rd Phase Training | 03.11.2024 | 1st | 09:30 AM to 11:30 AM | 58-0001 to 58-0200 | Presiding Officers/1st Polling Officers/2nd Polling Officers/ 3rd Polling Officers |
| | | 2nd | 12:00 Noon to 02:00 PM | 58-0201 to 58-0364 | |
| | | | | 63-0001 to 63-0036 | |
| | | 3rd | 03:00 PM to 05:00 PM | 63-0037 to 63-0236 | |
| | 04.11.2024 | 1st | 09:30 AM to 11:30 AM | 63-0237 to 63-0408 | Presiding Officers/1st Polling Officers/2nd Polling Officers/ 3rd Polling Officers |
| | | | | 64-0001 to 64-0028 | |
| | | 2nd | 12:00 Noon to 02:00 PM | 64-0029 to 64-0228 | |
| | | 3rd | 03:00 PM to 05:00 PM | 64-0229 to 64-0428 | |
| | 05.11.2024 | 1st | 09:30 AM to 11:30 AM | 64-0429 to 64-0556 | Presiding Officers/1st Polling Officers/2nd Polling Officers/ 3rd Polling Officers |
| | | | | 65-0001 to 65-0072 | |
| | | 2nd | 12:00 Noon to 02:00 PM | 65-0073 to 65-0272 | |
| | | 3rd | 03:00 PM to 05:00 PM | 65-0273 to 65-0472 | |
| | 06.11.2024 | 1st | 09:30 AM to 11:30 AM | 65-0473 to 65-0545 | Presiding Officers/1st Polling Officers/2nd Polling Officers/ 3rd Polling Officers |
| | | | | 66-0001 to 66-0128 | |
| | | 2nd | 12:00 Noon to 02:00 PM | 66-0129 to 66-0328 | |
| | | 3rd | 03:00 PM to 05:00 PM | 66-0329 to 66-0516 | |

नोटः–

1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, कॉंके रॉंची (सी0आई0पी0. कॉंके के समीप) के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। विद्यालय के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था है। कमरावार Party wise सिटिंग प्लान प्रशिक्षण स्थल पर अंकित रहेगा। निर्धारित सिटिंग प्लान के अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling officers) निर्धारित तिथि एवं पाली में ससमय अपना स्थान ग्रहन करना सुनिश्चित करेंगे।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling officers) के विरूद्ध जन–प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

**मत डालना आपका अधिकार है, मतदाता बनें**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–
उपायुक्त,रॉंची

PR 339670 Ranchi(24-25).D

## समाहरणालय सिमडेगा
## dprosimdega@yahoo.in
## (डाक मतपत्र कोषांग)

**संशोधित आदेश**

**PR 339617 Simdega (24-25)D**

विधान सभा आम चुनाव 2024 के लिए सिमडेगा जिला अन्तर्गत 70–सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र एवं 71–कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रथम चरण के मतदान कार्य में संलग्न रहने के कारण अपने मतदान केन्द्र पर मताधिकार के प्रयोग से वंचित रहने वाले झारखण्ड राज्य के अन्तर जिला के वैसे सभी मतदाताओं को डाक मतपत्र के द्वारा सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) पर निम्नानुसार मतदान की सुविधा प्रदान की जायेगी :–

| क्र0सं0 | सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) का नाम | चरणवार मतदान | मतदान का समय | मतदान की तिथि | नोडल पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला कॉलेज सलडेगा | प्रथम चरण /द्वितीय चरण | सुबह 8:30 AM से 4:30 PM तक | 04.11.2024 से 06.11.2024 तक एवं 09.11.2024 से 10.11.2024 तक | C.O Kolebira-8809815791<br>C.O Pakartanr -9470560579<br>Shiv Sankar Pandey, PMAYG-8340769255<br>Ropna Oraon Clark-7542080635<br>Upendra Kumar, Asst.T-7903422970<br>Sharawan Braik-6201043980 |
| 2 | पुलिस केन्द्र सिमडेगा | | | 04.11.2024 से 06.11.2024 तक | C.O Kurdeg –8084757425<br>Binod jojo Clark-7004801453<br>Saurabh Kumar BTM-7978959043<br>Kuldeep Minj, Asst.T-9771338035 |
| 3 | अनुमण्डल कार्यालय सिमडेगा | | | 11.11.2024 | C.O Pakartanr -9470560579<br>Kavindra Kumar varma Clark -7903099701<br>Rohit Kumar Asst.T-8102767666 |
| 4 | समाहरणालय सिमडेगा ए0 ब्लॉक भू–तल | | | 11.11.2024 | C.O Kurdeg –8084757425<br>Manish Kumar Clark -7633809055<br>Nageshwar Hota Asst.T-7761802916 |
| 5 | सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा (डिस्पेच सेन्टर) | | सुबह 7:00 AM से 3:00 PM तक | 12.11.2024 | All cell Membars |
| 6 | समाहरणालय सिमडेगा आत्मा सभागार सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) | द्वितीय चरण | सुबह 10:00 AM से 5:00 PM तक | 14.11.2024 एवं 16.11.2024 से 17.11.2024 तक | C.O Kolebira-8809815791<br>C.O Pakartanr -9470560579<br>Manish Kumar Clark -7633809055<br>Shiv Sankar Pandey-8340769255<br>Ropna Oraon Clark -7542080635<br>Upendra Kumar, Asst.T-7903422970 |

उपरोक्त तालिका के अनुरूप Facilitation Centre में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि अंकित तिथि एवं समय के अनुसार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, सिमडेगा

PR 339696 (Simdega)24-25*D

# फर्जी धमकियां

देश के विमान कंपनियों को बार-बार मिलने वाली फर्जी धमकियों से जहां इन विमानन कंपनियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं यात्रियों को उड़ान में देरी व सुरक्षा जांच के चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विमानन कंपनियों के आर्थिक नुकसान व यात्रियों पर मानसिक दबाव के मद्देनजर जो तत्परता सरकार की तरफ से दिखायी जानी चाहिए थी,वो नजर नहीं आ रही है। इस घटनाक्रम से आम यात्रियों में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षाबोध पैदा हो रहा है। हालांकि, अधिकांश धमकियां फर्जी ही निकली हैं, लेकिन इन अपराधियों तक पहुंचना जरूरी है। चिंता यह भी कि यदि भविष्य में किसी आतंकी साजिश के प्रति कोई वास्तविक सचेतक सूचना भी आएगी तो संभव है, उसे गंभीरता से न लिया जाए। अतः हर स्तर पर सावधानी बरती जानी जरूरी है। वहीं ऐसी हरकत करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। इस तरह लगातार मिल रही धमकियों की वजह से निरंतर फ्लाइट्स देर से उड़ान भर रही हैं, यात्री और उनके परिजन परेशान हो रहे हैं। विमानन कंपनियों को अपनी फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ रही हैं। ऊपरी तौर पर ऐसे घटनाक्रम का आर्थिक नुकसान विमानन कंपनियों को हो रहा है, लेकिन बाद में उसका असर आखिर यत्रियों की जेब पर ही पड़ना स्वाभाविक है। कुल मिलाकर नुकसान देश का ही है। लेकिन सरकार की तरफ से ऐसा संकेत नहीं मिल रहा है कि इससे निपटने के लिये कोई बड़ी व कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इससे पूरी दुनिया में देश के प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा होता है। केन्द्र और राज्यों को सहयोग से इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिये गंभीर प्रयास करने चाहिए। यह समस्या लगातार बढ़ते जा रही हैजिससे अफरा-तफरी का माहौल बनता है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

वृष : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8

मिथुन : विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8

कर्क : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-4-5-7

सिंह : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6

कन्या : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6

तुला : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अ'छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। शुभांक-3-5-7

धनु : धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8

मकर : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-&-6-9

कुंभ : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6


मीन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5

# दीपावली का सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक महत्व

**दीपावली** अंधकार पर प्रकाश की जीत का पर्व है। दीपावली का अर्थ है- दीपों की पंक्तियां। दीपावली शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के दो शब्दों 'दीप' एवं 'आवली' से हुई है। यह त्यौहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। दीपावली एक दिवसीय त्यौहार नहीं है। इसमें कई त्यौहार सम्मिलित हैं, जो एक-दूसरे से संबद्ध हैं जैसे धन त्रयोदशी अर्थात धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज। इसीलिए इसे दीपावली महोत्सव अर्थात दीपोत्सव भी कहा जाता है। यह महोत्सव भारत सहित विश्व के हिंदू बहुल क्षेत्रों में कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की दूज तक हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन धातु की वस्तु क्रय करना अति शुभ माना जाता है। इस दिन तुलसी या गृह के द्वार पर दीप प्रज्वलित किया जाता है। नरक चतुर्दशी के दिन यम की पूजा के लिए दीप प्रज्वलित किए जाते हैं। दीपावली के दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से गृह धन-धान्य एवं समृद्धि से भरा रहता है। गोवर्धन पूजा के दिन लोग गाय एवं बैलों को सजाते हैं तथा गोबर का पर्वत बनाकर उसकी पूजा-अर्चना करते हैं। इसीलिए इसे गोवर्धन पूजा कहा जाता है। भैया दूज पर बहन अपने भ्राता के माथे पर तिलक लगाकर उसके लिए मंगलकामना करती है। इस दिन यमुना नदी में स्नान करने की परंपरा भी प्राचीन काल से चली आ रही है। माना जाता है कि ऐसा करने से सभी पापों का नाश होता है तथा पुण्य की प्राप्ति होती है।



दीपावली का संबंध मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम से भी है। रामायण के अनुसार दीपावली के दिन श्रीरामचंद्र 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अपने राज्य अयोध्या लौटे थे। उन्होंने लंका नरेश रावण का वध करके अपनी पत्नी सीता को स्वतंत्र करवाया था। उनके परिवारजनों एवं प्रजा के लिए यह दोहरी प्रसन्नता का विषय था। इसलिए उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने घी के दीप प्रज्वलित करके अपनी प्रसन्नता एवं श्रद्धा व्यक्त की थी। तभी से दीपावली का त्यौहार मनाया जा रहा है। महाभारत के अनुसार दीपावली के दिन ही बारह वर्षों के वनवास एवं एक वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात पांडव हस्तिनापुर वापस आए थे। यह भी मान्यता है कि दीपावली का त्यौहार भगवान विष्णु की पत्नी देवी लक्ष्मी से संबंधित है। दीपावली का पांच दिवसीय महोत्सव देवताओं एवं राक्षसों द्वारा समुद्र मंथन से पैदा हुई लक्ष्मी के जन्म दिवस से प्रारंभ होता है। समुद्र मंथन से प्राप्त चौदह रत्नों में देवी लक्ष्मी भी एक थीं। इनका प्रादुर्भाव कार्तिक मास की अमावस्या को हुआ था। उस दिन से कार्तिक की अमावस्या देवी लक्ष्मी के पूजन का त्यौहार बन गई। इसीलिए दीपावली पर देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। दीपावली की रात्रि को देवी लक्ष्मी ने अपने पति के रूप में भगवान विष्णु का वरण किया था। मान्यता है कि इस दिन देवी लक्ष्मी प्रसन्न रहती हैं। जो लोग इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन पर देवी की विशेष कृपा होती है। इस दिन लोग लक्ष्मी के साथ-साथ शिव-पार्वती पुत्र गणेश, विद्या की देवी सरस्वती एवं धन के देवता कुबेर की भी पूजा-अर्चना करते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से धन में वृद्धि होगी तथा उसका सदुपयोग होगा। यह भी मान्यता है कि दीपावली के दिन भगवान विष्णु अपने बैकुंठ धाम में वापस आए थे तथा बैकुंठ में हर्षोल्लास छा गया था।



**- डॉ सौरभ**

> दीपावली का त्यौहार श्रीकृष्ण से भी संबद्ध है। माना जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने राजा नरकासुर का वध करके प्रजा को उसके अत्याचारों से मुक्त करवाया था। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया था। यह भी कहा जाता है कि इसी दिन समुद्र मंथन के पश्चात धन्वंतरि प्रकट हुए। वे भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों में से एक माने जाते हैं।

दीपावली का त्यौहार श्रीकृष्ण से भी संबद्ध है। माना जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने राजा नरकासुर का वध करके प्रजा को उसके अत्याचारों से मुक्त करवाया था। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया था। यह भी कहा जाता है कि इसी दिन समुद्र मंथन के पश्चात धन्वंतरि प्रकट हुए। वे भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों में से एक माने जाते हैं। वे आयुर्वेद के जनक माने जाते हैं। दीपावली का त्यौहार देशभर में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा में दीपावली काली पूजा के रूप में मनाई जाती है। इस दिन यहां के हिंदू देवी काली की पूजा-अर्चना करते हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा एवं उत्तर मध्य क्षेत्रों में इसे भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा पर्व माना जाता है। इसलिए यहां गोवर्धन पूजा या अन्नकूट ला विशेष महत्व है। इस दिन श्रीकृष्ण के लिए छप्पन या एक सौ आठ स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। सभी व्यंजन शुद्ध भारतीय होते हैं।

दीपावली का ऐतिहासिक महत्व भी उल्लेखनीय है। कई महापुरुषों से भी दीपावली का संबंध है। स्वामी रामतीर्थ का जन्म एवं महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन ही हुआ था। उन्होंने दीपावली के दिन गंगातट पर स्नान करते समय समाधि ली थी। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद ने दीपावली के दिन अवसान लिया था। जैन एवं सिख समुदाय के लोगों के लिए भी दीपावली अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैन समाज के लोग दीपावली को महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस के रूप में मनाते हैं। जैन धर्म के मतानुसार चौबीसवें तीर्थकर महावीर स्वामी को इस दिन मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसी दिन संध्याकाल में उनके प्रथम शिष्य गौतम गणधर को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। जैन धर्म के मतानुसार लक्ष्मी का अर्थ है निर्वाण और सरस्वती का अर्थ है ज्ञान। इसलिए प्रातःकाल जैन मंदिरों में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण उत्सव मनाया जाता है। सिख समुदाय के लिए दीपावली का दिन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन अमृतसर में स्वर्ण मंदिर का शिलान्यास हुआ था। दीपावली के दिन ही सिखों के छठे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी को जेल से रिहा किया गया था।

वास्तव में दीपावली एक प्रकार से सामाजिक त्यौहार है, क्योंकि समाज के विभिन्न संप्रदायों के लिए इसका भिन्न-भिन्न महत्व है। जो लोग इस त्यौहार को मनाते हैं, उनके लिए इसका धार्मिक महत्व है। किंतु जो लोग व्यापार आदि से जुड़े हैं, उनके लिए इसका आर्थिक महत्व है। दीपावली स्वच्छता एवं साज-सज्जा का भी पर्व है। दीपावली से पूर्व लोग अपने घरों एवं दुकानों आदि की सफाई करते हैं। घरों में मरम्मत एवं रंग आदि का कार्य कराते हैं। दीपावली वर्षा ऋतु के पश्चात आती है। वर्षा ऋतु में घरों में कीड़े-मकौड़े हो जाते हैं। इसलिए भी सफाई अति आवश्यक है। घरों में रंगोली बनाई जाती है तथा दीप प्रज्वलित किए जाते हैं। घरों व अन्य भवनों को बिजली के रंग-बिरंगे बल्बों की लड़ियों से सजाया जाता है।

## लेटर टू एडिटर

### सोच भी बदले

यौन अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए केवल कठोर कानूनों की आवश्यकता नहीं है, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव भी आवश्यक है। परिवार, स्कूल और सामाजिक आयोजनों में नैतिक शिक्षा और संस्कारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए जूडो, कराटे आदि जैसे कौशल सिखाने से उन्हें सुरक्षा का आत्मविश्वास मिलता है। बेटियों के साथ छेड़खानी और यौन हिंसा की घटनाओं के बढ़ते मामले चिंताजनक हैं।

**– संजय वर्मा, रांची**

### किसान आंदोलन

किसानों ने रेल यातायात को रोककर अपने कृषि समुदाय के मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया। यह विरोध केवल एक असुविधा नहीं है। यह उन चुनौतियों की स्वीकृति के लिए एक गंभीर अपील है, जिनका हम सामना कर रहे हैं। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

**– राजकुमार सिंह, गढ़वा**

## ट्वीट

हम राज्य के लोगों को महंगाई से बचाने के लिए महिलाओं के खाते में 1000 की सम्मान राशि दे रहे हैं और अभी दीपावली और छठ आने वाला है। अभी उसमें भी आपको 1000 आने वाला है।

मेरा संकल्प है कि सरकार बनने के पश्चात हम 5 वर्ष के अंदर आप सभी के खाते में एक-एक लाख रुपए भेजने का काम करेंगे।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

**लिट्टीपाड़ा** विधानसभा से झामुमो(महागठबंधन) प्रत्याशी आदरणीय श्री हेमलाल मुर्मू जी के नामांकन सभा में शामिल हुई। लिट्टीपाड़ा में सिर्फ तीर-कमान है। संथाल में सिर्फ तीर-कमान है।

एक ही नारा

हेमन्त दुबारा

**कल्पना मुरमू सोरेन, विधायक**

# भारत की वैश्विक महाशक्ति बनने की यात्रा में रेलवे की भूमिका

**डॉ. विपिन कुमार**

## विकास

**देश** के रेलवे और आधारभूत संरचना के विकास के क्षेत्र में कई मील के पत्थर विगत एक दशक में सामने आये है।

वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल भारत ने अपनी तकनीक से बनाया और पूरी दुनिया को दिखाया। आज दर्जनों देश इस रेल को अपने देश में चलाना चाहते हैं। इसके पहले छह देशों से भारत ने ऐसे रेल खरीदने का प्रयास किया जो तकनीकी और अधिक मूल्य के कारण रद्द हो गया था।

पहली बार देश में रेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी जो रेल में सुधार पर शोध और निमार्ण के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

भारत 2047 तक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए रेल व्यवस्था का नवीनीकरण अत्यंत आवश्यक है। भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यमेक इन इंडियाह्न और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न जैसे कार्यक्रमों का इस क्षेत्र पर गहरा असर पड़ा है। भारतीय रेलवे दुनिया की प्रमुख रेल प्रणालियों में से एक है और पिछले एक दशक में सरकार ने इसके मूलभूत ढांचे के विकास, आधुनिकीकरण और परिचालन दक्षता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। इसके परिणामस्वरूप, रेलवे ने एक नई दिशा प्राप्त की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रेलवे को 2,62,200 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है, जो एक नया रिकॉर्ड है।

2013-14 में रेल बजट केवल 63,363 करोड़ रुपये था। 2014 से 2024 के बीच, सरकार ने 31,180 किलोमीटर से अधिक रेल ट्रैक चालू किए हैं और ट्रैक बिछाने की गति 14.54 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है, जो 2014-15 में केवल 4 किलोमीटर प्रतिदिन थी। इसी अवधि में 41,655 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण भी किया गया है, जो कि 2014 के मुकाबले लगभग दोगुना है। आज, वंदेभारत, अमृत भारत और नमो भारत जैसी कई आधुनिक ट्रेनों का संचालन हो रहा है, जो यात्रियों के जीवन में सुगमता ला रही हैं। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लॉन्च की गई वंदेभारत एक्सप्रेस, आधुनिक और आरामदायक रेल यात्रा का प्रतीक बन गई है। वर्तमान में देश में 102 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है, जिनकी ऑक्यूपेंसी रेट 96.62% है। वंदेभारत ट्रेनों की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो न केवल यात्रियों को बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान कर रही है। हाल ही में, गुजरात में अहमदाबाद और भुज के बीच पहला ह्यवंदेभारत मेट्रोह्न शुरू हुआ, जो शहरी यातायात समस्या का समाधान है। इसके अलावा, जल्द ही वंदेभारत स्लीपर ट्रेनों का भी परिचालन शुरू होगा।

रेलवे केवल यात्री सुविधा नहीं बल्कि भारत की कृषि और औद्योगिक प्रगति का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी दिशा में, भारत सरकार ने ह्यअमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य चल रहा है। यह पहल यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। ह्यपीएम गति शक्ति मिशनह्न के अंतर्गत, ऊर्जा, खनिज और सीमेंट जैसे तीन आर्थिक रेलवे गलियारों की पहचान की गई है, जो लॉजिस्टिक्स लागत में कमी और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सहायक होगी।


प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन के तहत रेलवे ने स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत अभियान भी चलाया है, जिससे स्टेशनों पर सफाई और सुविधाओं में सुधार हो रहा है।

रेलवे द्वारा डिजिटलीकरण, स्वच्छता, समावेशिता और शिकायत निवारण को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष विशेष अभियान चलाए जाते हैं। इस वर्ष, 31 अक्टूबर, 2024 तक 50,000 स्वच्छता अभियान आयोजित करने का लक्ष्य है, जो पिछले वर्ष के लक्ष्य से लगभग दोगुना है। भारतीय रेलवे ने सुरक्षा और सुगमता बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं, जैसे ह्यकवच प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, जिसके परिणामस्वरूप रेल हादसों में कमी आई है।

भारतीय रेलवे डिजिटल इंडिया मिशन और विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमें इस गति को बनाए रखना चाहिए, ताकि रेलवे हर वर्ग के लिए सुखद यात्रा की गारंटी बन सके। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपने उत्साह और जुनून से इस लक्ष्य को जल्द ही हासिल कर लेंगे।

(लेखक, विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव हैं।)

# गढ़वा में मिथिलेश ठाकुर का सशक्त चक्रव्यूह और ओवर कॉन्फिडेंस की शिकार भाजपा



**पंकज प्रसून**

## विस चुनाव

करीब तीन दिनों तक गढ़वा विधानसभा के अलग- अलग हिस्सों में घूमने, और लगभग सभी समुदायों से बात करने के बाद इतना ही कह सकता हूं कि झामुमो बड़ी बारीकी से चक्रव्यूह का घेरा डाल रही है और भाजपा ओवरकॉन्फिडेंस की शिकार है।

बीजेपी उम्मीदवार अभी से मानकर बैठे हैं कि वो जीत रहे हैं, यही हाल संगठन का है। उनकी बातों में अहंकार और बड़बोलापन झलकता है। संगठन के पुराने कार्यकर्ता जैसे अलखनाथ पांडे, राजीव तिवारी, प्रमोद चौबे आदि नाराज हैं, लेकिन कोई उनसे सीधे मुंह बात तक करने को तैयार नहीं है।

भाजपा इस भरोसे बैठी है कि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार गिरिनाथ सिंह 30 हजार वोट काट लेंगे और हम जीत जाएंगे।

हमने डुमरी उपचुनाव और उसके बाद लोकसभा चुनावों में भी देखा है। लॉबिन हेंब्रम वोट काट लेंगे और हम राजमहल सीट जीत लेंगे। चमरा लिंडा वोट काट लेंगे और हम लोहरदगा संसदीय सीट जीत लेंगे। अगर वोट कटवा के भरोसे चुनाव लड़ने पर ही जीत हासिल होती तो फिर क्या बात थी। गढ़वा घूमने पर अंदाजा लगा कि पार्टी का मैनेजमेंट कितना कमजोर है। सतेंद्र तिवारी के घर के सामने खड़े कार्यकर्ता चर्चा कर रहे थे कि पैसा नहीं मिला, सब खा गया आदि।

दूसरी ओर झामुमो उम्मीदवार मिथिलेश ठाकुर का चुनाव प्रबंधन कमाल का है। मेराल में पूरी की पूरी भाजपा झामुमो में शामिल हो गई। रंका, रामकंडा आदि जगहों पर अभी से झामुमो दफ्तर में हर बूथ का हिसाब है। मनी पावर, प्रबंधन में मिथिलेश ठाकुर कोसों आगे दिखते हैं।

एक बात जो पूरे गढ़वा विधानसभा में हर आदमी बोल रहा है कि जितना काम इस 5 साल में हुआ, आज तक किसी विधायक ने नहीं कराया। सड़कें चमकदार हैं, कलेक्ट्रेट ऑफिस, बिरसा मुंडा पार्क का इलाका रांची के किसी पॉश इलाके जैसा दिखता है। लोग बताते हैं कि गढ़वा में कभी मुश्किल से 4 घंटे बिजली रहती थी, आज मुश्किल से कटती है।।

हां, नए पत्रकार गढ़वा में जाकर कन्फ्यूज हो सकते हैं। क्योंकि ब्राह्मण लोग ज्यादा वोकल हैं। कैमरा देखते ही वो आपके पास दौड़े चले आयेंगे, लेकिन गढ़वा का चुनावी नतीजा वे वोटर तय करते हैं, जो खामोश हैं। मल्लाह, प्रजापति, कुम्हार, कहार आदि किसके साथ हैं, वो पता लगाएं। गढ़वा में वैसे कार्यकर्ता भी मिले जो दिन में सत्येंद्र तिवारी के नॉमिनेशन में थे, लेकिन रात में झामुमो का झंडा लगाए घूम रहे थे। गढ़वा में भाजपा संगठन गुटबाजी का शिकार है, अंत में भितरघात हुआ तो मुश्किल होगी।गिरिनाथ सिंह के भरोसे रहने वालों को झटका लग सकता है। फि लहाल कांटे की टक्कर में मुकाबला तो झामुमो और भाजपा के बीच ही है।

बाकी ये मेरा आकलन है, आप अपने आकलन के लिए स्वतंत्र हैं।

### कांग्रेस की दूसरी लिस्ट

बरही से उमा शंकर अकेला का टिकट कटा। अरुण साहू कांग्रेस उम्मीदवार घोषित। उधर विश्रामपुर में फॉग चल रहा है। राजद के उम्मीदवार नरेश सिंह जीतने की स्थिति में हैं। भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी की हालत पतली थी। लेकिन अब कांग्रेस ने राजद उम्मीदवार के सामने अपना प्रत्याशी उतार दिया।

पांकी से कांग्रेसी नेताओं के कहने पर पूर्व विधायक देवेंद्र उर्फ बिट्टू सिंह ने नामांकन किया था। उनका टिकट कटा। मधु सिंह के बेटे लाल सूरज को टिकट।

डाल्टनगंज में के एन त्रिपाठी और बिट्टू पाठक, दोनो ने नामांकन का पर्चा खरीदा था। अब बिट्टू पाठक क्या करते हैं, देखना दिलचस्प होगा।

झारखंड में महागठबंधन बिखर गया है। झामुमो - कांग्रेस, माले और राजद एक-दूसरे खिलाफ प्रत्याशी दे रहे हैं ।

राजधनवार में माले और झामुमो दोनों के उम्मीदवार हैं। विश्रामपुर में राजद और कांग्रेस दोनों लड़ रहे हैं।। ऐसा कैसा गठबंधन है भाई?

समाजवादी पार्टी ने झारखंड में अब तक दो उम्मीदवार उतारे हैं। गढ़वा से गिरिनाथ सिंह और अब बरही से उमा शंकर अकेला दरअसल कांग्रेस चाहती थी कि उमा शंकर अकेला निर्दलीय या किसी पार्टी से चुनाव लड़ें। मनोज यादव और उमा शंकर अकेला के बीच यादव वोट बंट गया, और बरही में अगर यादव बनाम अन्य हुआ तो कांग्रेस के अरुण साहू के चुनाव जीतने की संभावना बढ़ जाती है। हजारीबाग जिले में कांग्रेस जो समीकरण बना रही है उसे समझिए। अरुण साहू, अंबा प्रसाद और मुन्ना सिंह। लेकिन जो कांग्रेस सोचती है, क्या जनता भी वैसा ही सोचती है?

लातेहार जिले के मनिका विधानसभा में इस बार मुकाबला कांग्रेस के रामचंद्र सिंह और भाजपा के हरिकृष्ण सिंह के बीच है। पिछली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले रघुपाल सिंह समाजवादी पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा निर्दलीय मुनेश्वर उरांव साहित कुल 12 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मुद्दों की बात करें तो भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी सबसे बड़ा मुद्दा है। इसके अलावा डिग्री कॉलेज, माइयां योजना आदि की भी चर्चा है।

चेरो राजा, खेरवार जनजाति की बहुलता वाले इस विधानसभा में उरांव जनजाति का भी दबदबा है। महुआडांड़ जैसे इलाकों में ईसाई मिशनरी का जबरदस्त प्रभाव है । गारु और मनिका में हमें भाजपा की स्थिति अच्छी लगी। लोग सबसे ज्यादा ब्लॉक ऑफिस में फैले भ्रष्टाचार से नाराज दिखे। यहां नाराजगी हेमंत सोरेन या खटट से नहीं, बल्कि मौजूदा विधायक रामचंद्र सिंह के खिलाफ है।

लेकिन चुनाव का फैसला तो वोट कटवा करेंगे। हर कोई इस बात की चर्चा कर रहा है कि कौन किसका वोट कटेगा।

ईसाई और मुस्लिम वोट एकतरफा कांग्रेस की ओर दिख रहा है।

बाक ी लोग इन 5 सालों में काम कैसा हुआ, इसपर भी मतदान करेंगे।

# हजारीबाग के पूर्व रामनवमी अध्यक्ष मंजीत यादव की गोली मारकर हत्या

## जमीन कारोबार से जुड़े थे मंजीत यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग। हजारीबाग के पूर्व रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या मंगलवार सुबह अज्ञात अपराधियों ने दी। जानकारी मिलते ही हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार पुलिस प्रशासन के साथ अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना क्रम की जानकारी ली। मंजीत यादव रामनवमी समिति के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके है। मंजीत यादव को अपराधियों ने उनके सिरका स्थित निवास स्थान के बाहर गोली मारी। तीन की संख्या में अपराधी थे और वे स्कूटी पर सवार थे । गोली की आवाज सुनने के बाद परिजन बाहर निकले और मंजीत यादव को लेकर आरोग्यम अस्पताल पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शहर में



उसकी हत्या की सुचना आग की तरह फैल गयी जिसके बाद उसके समर्थक आरोग्यम अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली । उसकी हत्या से समर्थको में भारी रोष है। उनके समर्थको ने हत्यारो की गिरफ्तारी को लेकर झंडा चौक जाम कर दिया है।

कब घटी घटना : घटना सुबह करीब 7:50 बजे की बताई जा रही है। सुबह सात बजे मंजीत घर से बाहर अपने स्कूटी से निकले थे । घर से निकलने के बाद वे चौक पर नारियल का पानी पिए और उसके बाद एक दो लोगो से मिले। उसके बाद करीब साढ़े सात बजे वे अपने घर के पास पहुंचे। जहा पहले से घात लगाए तीन अपराधी जो स्कूटी पर सवार थे उनलोगों ने मंजीत पर गोली दाग दी जो उनके पेट में लगी। गोली मारने के बाद अपराधी वहा से फरार हो गए ।

**मंजीत खुद थे दबंग, काफी लोगों से थी अदावत** : उनकी पत्नी सुनीता यादव वार्ड 23 की निर्वतमान पार्षद है। मंजीत यादव की हत्या शूटर से करवाने की बात सामने आ रही है। सूचना के अनुसार सुबह 7:50 बजे माउजर से गोली दागी गई है। सूत्रों के अनुसार रेकी कर मंजीत को गोली मारी गई है। मंजीत खुद दबंग प्रवृति के व्यक्ति थे। वे जमीन के कारोबार से जुड़े थे। इस कारण उनकी काफी लोगो से अदावत भी चल रही रही थी। आशंका जताई जा रही है कि कोई पुरानी रंजिश या जमीन विवाद के कारण मंजीत की हत्या का कारण हो सकता है।

जांच में जुटी पुलिस : घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटे हैं। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान में जुट गयी है। इधर, गंभीर रूप से घायल मंजीत यादव को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# अशीर्वाद मिला तो विधानसभा क्षेत्र का करेंगे संपूर्ण विकास : प्रदीप प्रसाद

▸▸ भाजपा विधायक प्रत्याशी ने कटकमदाग का किया दौरा


खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के कटकमदाग मंडल के शंकरपूर, बघमारवा, बेस, हारम, कुरलूगवाँ, हुरूदाग, पुंदरी, फतहा, ओदरना जमवारी, सिसोई, सिरका, कसुम्भा, चिची, कुबा, पुरनी अडरा, अडरा, केशवारिया, झगरबाँध, उदयपूर, बेंदी सहित दर्जनों गाँवों मे अशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानें की अपील किया। प्रदीप प्रसाद ने अशीर्वाद यात्रा में देवतुल्य जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग मेरा परिवार है। आशा है आप सभी का अशीर्वाद मिला तो विधानसभा क्षेत्र का संम्पूर्ण विकास करेगें। ठगबंधन की सरकार नें झारखंड की भोली भाली जनता को बेवकूफ बनानें का काम किया है। अब जनता मन बना चूँका है कि पूरे प्रदेश में कमल खिलेगा ओर भाजपा की सरकार बनेगी। डबल इंजन की सरकार से झारखंड समृद्ध व खुशहाल होगा। हजारीबाग के लिए भाजपा का साथ देनें का आग्रह किया।

इस आशीर्वाद यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता टौनी जैन, भाजपा नेता कमल गोप, अजय साहु, कटकमदाग प्रभारी मंडल अध्यक्ष अरूण राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कविन्द्र यादव , कटकमदाग मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उप प्रमुख विमल गुप्ता, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, शिवपाल यादव,पंकज ठाकुर, संजु पासवान, विनोद प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व मुखिया कामेश्वर दास, पूर्व मुखिया पिन्टु रानी, पूर्व जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, वार्ड पार्षद विषु विश्कर्मा,, वासुदेव गोप, कुन्दन राम, पंकज ठाकुर सहित सैकेडो संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## भीड़भाड़ इलाके में हो रही है पटाखों की बिक्री



**रामगढ़।** शहर के चट्टी बाजार, सुभाष चौक, बिजुलिया आदि स्थानों पर पटाखों की बिक्री हो रही है, जहां हमेशा खतरा मंडराता रहता है। लोग कह रहे हैं की भीड़भाड़ वाले इलाके में पटाखों की बिक्री होने से हमेशा डर लगा रहता है। लोगों ने कहा कि शहर के चट्टी बाजार और सुभाष चौक में पटाखा दुकानों में पूर्व में आग लगने की घटना हो चुकी है। कहा कि हमलोगों को पुनः वैसी घटना होने का भय सता रहा है। कुछ वर्ष पूर्व प्रशासन की ओर से पटाखा कारोबारियों को शहर से बाहर दिपावली के दौरान पटाखा बिक्री की अनुमति दी गई थी। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन पटाखा कारोबारी फिर से भीड़भाड़ वाले इलाके में पटाखों की बिक्री कर रहे हैं। जिससे किसी घटना को लेकर लोग डरे हुए हैं।

# बरही में खिलाएं कमल : सांसद

**चौपारण।** सांसद मनीष जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव के पक्ष में जनसमपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में माँगा जनसमर्थन। सांसद ने कहा कि बरही में भाजपा के पक्ष में माहौल है। बरही से कमल खिलाएं हम दोनों मिलकर करेंगे बरही का विकास।



झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनते ही सभी संकल्पों को पूरा किया जाएगा ये मोदी की गारंटी है। इससे पहले भगहर के सैकड़ों युवकों ने बाइक रैली निकाल कर सांसद व भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चनद्रवंशी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता सुनील सिंह, गजाधर प्रसाद, स्थानीय मुखिया कृष्णा रविदास, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पहलवान उर्फ भुनेश्वर यादव, भाजपा नेता संतोष रविदास, मो असलम अंसारी, प्रमोद रविदास, दिलीप केशरी, मुनिलाल यादव, भोला यादव, नागो भुइयाँ दिनेश यादव सहित अन्य।

**आपके सम्मान की रक्षा के लिए आपके साथ खड़ा हूं :** मनोज कुमार यादव ने कहा कि 35 वर्षो से आपके सुख दुःख का साथी रहा हूँ। आपके सम्मान की रक्षा के लिए सदैव आपके साथ खड़ा रहूँगा। कमल का बटन दबाकर बरही से भाजपा को जिताकर डबल इंजन की सरकार बनाएं।

## परवरिश एडुकेयर में मनी दीवाली



**कुजू।** परवरिश एडुकेयर विद्यालय में मंगलवार को दीपावली मनी। विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार एवं प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह, संयोजक प्रकाश रंजन ने विद्यालय की ओर से परवरिश परिवार को दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। शैलेंद्र कुमार ने कहा कि दीपावली का उत्सव हमें आपसी पारिवारिक जिम्मेदारियां आपसी बंधुता और अमन की प्रेरणा देता है। विकास कुमार सिंह ने पर्यावरण को अपना जिम्मेवारी बताते हुए हमें संदेश दिया है कि हमारा पर्यावरण है, और हम इस ग्रह के निवासी हैं तो यह हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि दायित्व को निभाएं।

# धनतेरस पर भुरकुंडा में आठ करोड़ का कारोबार

## ब्रांडेड सामानों की जमकर हुयी बिक्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के बाजारों में धनतेरस पर धनलक्ष्मी की खूब वर्षा हुई। कोयलांचल के बाजारों में मंगलवार को करीब सात से आठ करोड़ तक का कारोबार होने का अनुमान है। सुबह से लेकर देर रात तक खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान जाम की स्थिति बनी रही। दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दिये गये ऑफरों का लोगों ने जमकर फायदा उठाया।

वाहन, जेवर, इलेक्ट्रेनिक्स, स्टील, बर्त्तन, सजावट के सामान व मिठाईयों की जमकर बिक्री हुई। इसके अलावे दिपावली पर्व को लेकर दीया, मुर्ति, पूजा सामग्री और पटाखों की भी खूब बिक्री हुई। धनतेरस पर्व को के भुरकुंडा बाजार में रीवर साइड, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, भदानीनगर, चिकोर, लपंगा, देवरिया, महुआटोला, पाली, सांकी,



मतकमा, कुरसे, बलकुदरा, चौनगड्डा, उरीमारी, सयाल, बींजा, छापर, बड़कागांव, हेन्देगीर, गिद्दी, अरगड्डा, बासल आदि इलाकों के हजारों ग्राहक सामानों की खरीदारी के लिये पहुंचे।

इलेक्ट्रानिक सामानों में ब्रांडेड कंपनियों की सामानों की जमकर बिक्री हुई। इसमें विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के एलईडी टीवी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन, ऑवेन, मिक्सर ग्राइंडेड, आलमीरा, गीजर, पंखा, आयरन, म्यूजिक सीस्टिम सहित अन्य सामानें प्रमुख रूप से शामिल थें। इलेक्ट्रोनिक सामानों के विक्रेता ने बताया की मारकेट में सैमसंग, सोनी, एलजी, गोदरेज, वीडियोकोन, जेब्रोनिक्स, एमआई, एसर, पेनासोनिक, वर्लपूल, हायर, इनटेक्स आदि कंपनियों की डिमांड सबसे अधिक रही। धनतेरस के अवसर पर भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग ढाई से तीन सौ दो पहिया वाहनो की बिक्री हुई। इसमें हीरो, होंडा, बजाज, टीवीएस, यामाहा, महेंद्रा, सहित अन्य कंपनियों के बाइक, स्कूटी, मोपड व चार पहिया वाहन शामिल थें। इसके अलावे भुरकुंडा कोयलांचल में दर्जनों ग्राहकों ने रामगढ़ व रांची के बाजारों से चारपहिये वाहनो की भी खरीदारी की। वहीं धनतेरस के दूसरे दिन बुधवार को भी करोड़ों रुपए के कारोबार होने का अनुमान है।

**चांदी के सिक्कों की खरीदारी :** धनतेरस के अवसर पर कोयलांचल सहित ग्रामीण इलाकों के ग्राहकों ने चांदी का सिक्का जमकर खरीदा। इसके अलावे जेवर व सोने के सिक्कें भी कई जगहों पर बिकें।

जेवर विक्रेता विजय ज्वेलर्स के संचालक किशोरी वर्मा व विजय वर्मा ने बताया कि चांदी के सिक्कों की ज्यादा बिक्री हुई है। साथ ही भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की चांदी से बने प्रतिमा की भी खूब बिक्री हुई।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में करोड़ों का कारोबार



**रामगढ़।** रामगढ़ में धनतेरस पर मंगलवार को करोड़ों का कारोबार हुआ। चार पहिया और दो पहिया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान,सोने चांदी के सिक्क, बर्तन की खूब बिक्री हुई। बताया जा रहा है कि इसबार 60 करोड़ से अधिक के सामान बिके। जिसमें दो पहिया वाहन 15 करोड़, चार पहिया वाहन 20 करोड़, 5 करोड़ के बर्तन, 5 करोड़ के इलेक्ट्रॉनिक सामान और 10 करोड़ से अधिक के सोने-चांदी की बिक्री होने का अनुमान लगाया जा रहा है। रामगढ़ के इलेक्ट्रॉनिक दुकानो, चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन, ज्वेलरी दुकानो, बर्तन दुकानो में लोगों की भीड़ लगी रही है। बर्तन दुकानों में लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और बर्तन की खरीदारी की। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में भी भीड़ नजर आई। धनतेसर के मौके पर लोगों ने फ्रीज, मिक्सी, कुलर, एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन आदि की खूब खरीदारी की। ज्वेलरी दुकानों में भी लोग पहुंचे और सोने एवं चांदी के सिक्के खरीदे। साथ ही सोना चांदी के लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति भी लोगों ने खरीदा। धनतेरस पर झाड़ू का खरीदना शुभ माना जाता है इसलिए लोगों ने झाड़ू की भी खरीदारी की।

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली की थी रामगढ़ थाना अंतर्गत अवैध बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा रामगढ़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें रामगढ़ थाना अंतर्गत रांची रोड सिंह होटल के पास से 02 ट्रैक्टर को लगभग 200 सीएफटी बालू के साथ जब्त किया गया।

### मतकमा चौक पर खुला मोबाइल दुकान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र के मेन रोड भुरकुंडा-मतकमा चौक के समीप मंगलवार को आकाश टेलीकॉम प्रतिष्ठान का उद्घाटन प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किया । टेलीकॉम के प्रोपराईटर आकाश साहू ने बताया कि हमारे यहां सभी ब्रांड के मोबाइल सस्ते दामों मे उपलब्ध हैं। साथ ही धनतेरस, दिपावली व छठ महापर्व के अवसर पर ग्राहकों को भारी छूट के साथ आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी तरह के सस्ते, मंहगे मोबाइल का रिपेयर उच्च तकनीक के साथ किया जायेगा। श्री साहू ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में ग्राहकों के हितों का पूरा ख्याल रखा जायेगा। ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारी पहचान होगी। मौके पर अजय साहू, कैलाश प्रसाद, प्रोपराइटर आकाश साहू, भूपेंद्र साहू, बिहार मांझी, विनय साहू, रवि विश्वकर्मा, जितेंद्र साहू, कमलेश शर्मा, उमेश महतो, मनोज साहू, किशोर कुमार, संतोष कुमार, ओमकार हांसदा, आर्यन कुमार, सावन कुमार, संजय साहू, विनोद साहू, मुनिया देवी, सुप्रिया कुमारी आदि मौजूद थे।

### कुजू : पत्रकार की मां का निधन



**कुजू।** पत्रकार अरविंद वर्मा की 83 वर्षीय मां शांति देवी का निधन मंगलवार की सुबह नया बाजार टांड़ कुजू स्थित आवास पर हो गई। वे कई माह से बीमार चल रहे थे। निधन कि सूचना बाद नेताओं, बुद्धिजीवी वर्ग, जन प्रतिनिधियों, पत्रकारों समेत शुभचिंतकों ने आवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। साथ ही, ढांढस बंधाया। शांति देवी अपने पीछे पांच पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गयी। इधर, हेसागढ़ा स्थित चौथा नदी घाट पर छोटे पुत्र अरविंद वर्मा ने मुखाग्नि दी। वही, घाट पर मौजूद लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखकर शोकसभा की। शोक व्यक्त करने वालो में रंजीत सिंहा, तिवारी महतो, अनिल सिंह, बीरू यादव, धनेश्वर प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, प्रदीप राज, सातों सिंह आदि शामिल थे।

### सास-बहू व पति सम्मलेन आयोजित



**कुजू।** स्वास्थ्य विभाग मांडू ने सास बहू और पति सम्मलेन प्रखंड क्षेत्र के अलग स्थानों में मंगलवार किया । सम्मलेन में एएनएम क्रमशः रिंकी कुमारी, ममता कुमारी, भारती कुमारी, सारिका कुमारी शामिल थी। इस दौरान सभी एएनएम ने बड़की डुंडी, छोटकी डुंडी, रतवे पंचायत सचिवालय, करमा बलिया, जतराटांड़ में सास बहू व पति के बीच फैमिली प्लानिंग, हम दो हमारे दो, छोटा परिवार सुखी परिवार, पुरुष बंध्याकरण समेत कई अन्य आवश्यक जानकारियां दी। सम्मलेन में शामिल होने वाले पति पत्नी को विभाग द्वारा प्रोत्साहन के रूप में एक एक स्टील ग्लास देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर में

### निर्दलीय प्रत्याशी अजमेरा ने की हत्या की निंदा

**हजारीबाग।** युवा नेता एवं निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने समाजसेवी मंजीत यादव की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को समाज के लिए एक बड़ी क्षति करार देते हुए कहा कि मंजीत यादव न केवल समाज सेवा में समर्पित थे, बल्कि रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने अमूल्य योगदान दिया। मंजीत यादव ने वर्ष 2008 से 2011 तक चार वर्षों तक महासमिति का नेतृत्व किया, जिसमें उन्होंने समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर्ष अजमेरा ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक प्रकट किया है, उन्होंने कहा, मंजीत यादव जैसे समर्पित समाजसेवियों की हत्या न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ा आघात है। उनका समाज सेवा में योगदान अमूल्य था, और उनकी अनुपस्थिति एक खालीपन छोड़ गई है जिसे भरना कठिन होगा।

### मुन्ना सिंह ने परिवार के प्रति जतायी संवेदना

हजारीबाग। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने गहरा शोक और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा, श्यह घटना अत्यंत निंदनीय और हजारीबाग की सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर सवाल खड़े करती है। मैं प्रशासन से मांग करता हूँ कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।श मुन्ना सिंह ने मंजीत यादव के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा, श्मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि मंजीत यादव के परिवार को इस कठिन समय में सहनशक्ति और साहस प्रदान करें। यह अपूरणीय क्षति है। ॐ शांति। इस जघन्य हत्याकांड के बाद हजारीबाग के लोगों में गहरा आक्रोश और भय व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन से शीघ्र न्याय की उम्मीद जताई है।

### अकेला ने बार एसोसिएशन से मांगा समर्थन



**बरही।** सपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला ने मंगलवार को बार एसोसिएशन बरही के अधिवक्ताओं से समर्थन की अपील की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष झारखंडी साहा, सचिव राजकुमार प्रसाद समेत सभी अधिवक्तागण मौजूद थे। अधिवक्ताओं ने अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को रखते हुए मांग की कि बरही में नए भवन, शौचालय और व्यवहार न्यायालय की व्यवस्था की जाए जिससे स्थानीय निवासियों और अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उअकेला ने उनकी इन मांगों को गम्भीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि अगर वे विजयी होते हैं, तो इन समस्याओं को उनकी प्राथमिकताओं में रखा जाएगा। इस आश्वासन के बाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उमाशंकर अकेला को समर्थन देने का वादा किया।

### अरुण साहू ने रानीचुंवा में किया जनसंपर्क



**बरही ।** रानीचुंवा तुरी टोला में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से संवाद किया। साहू ने चुनावी योजनाओं और वादों को लोगों के सामने रखा। उन्होंने बताया कि यदि वे जीतते हैं, तो क्षेत्र के विकास के लिए विशेष योजनाएँ लागू की जाएगी। अरुण साहू ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा। साथ ही कहा कि यहां के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। अभियान के दौरान अरुण साहू के साथ कई प्रमुख व्यक्ति, जैसे छोटन ठाकुर, संतोष रजवार, मंटू सिंह और राजू बास्के भी मौजूद रहे। दर्जनों ग्रामीणों ने इस जनसम्पर्क अभियान में भाग लिया और अपनी समस्याओं को कांग्रेस प्रत्याशी के सामने रखा। अरुण साहू के इस प्रयास को ग्रामीणों का समर्थन भी मिला। जनसम्पर्क अभियान के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य न केवल चुनाव जीतना है, बल्कि बरही को विकास की एक नई दिशा देना है, जो हर नागरिक की जीवनशैली को बेहतर बनाए।

### जानकी प्रसाद यादव का जनसंपर्क अभियान कल



टाटीझरिया । झरपो में झामुमो कार्यकर्ताओं ने विधायक प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव के पक्ष में झरपों पंचायत मुखिया सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में बैठक मंगलवार को हुई। इसका संचालन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह ने किया ।बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के छः पंचायत झरपों, भराजो,खैरा,मेढ़कुरी, कैबलाशी, पुनाई पंचायत के कई गांवों का तूफानी जनसंपर्क अभियान 31 अक्तूबर को लेकर कार्यकताओं ने क्षेत्र भ्रमण का योजना बनाया गया। मौके पर टाटीझरिया प्रखंड उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय,बब्लू यादव,सौरभ सिंह,लक्ष्मीकांत सोनी,इब्राहिम अंसारी,जितेंद्र पासवान,अशोक कुमार कुशवाहा,धनेश्वर पासवान, संजय कु .रवि,नारायण विश्वकर्मा,सरजू राम,शंकर कुमार,राजेंद्र प्रसाद, श्री प्रसाद,राजू पासवान,केदार गौरव, सरजू प्रसाद,रोहित माली,राजेश प्रसाद,सुरेंद्र राम,रवि यादव,राजकुमार राम,गणेश माली,परमेश्वर प्रसाद,रवि वर्मा,रोहित कुमार ,नारायण विश्वकर्मा,राजेश शर्मा,ऋषिकांत कुमार, मो .सुलेमान अंसारी समेत अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में जल संचय पर कई कार्यक्रम आयोजित




**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर जलसंचय में जनभागीदारी की मुहिम को गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग ने भी आत्मसात किया है। इसके तहत मंगलवार को महाविद्यालय में पेंटिंग, स्केचिंग और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रशिक्षुओं ने तीनों स्पद्धाओं के माध्यम से जलसंचय की महत्ता को दर्शाया और समाज को संदेश दिया कि पानी को बर्बाद होने से कैसे बचाया जा सकता है। जल के बना जीवन की कल्पना करना व्यर्थ है। इसलिए बारिश का पानी हो या फिर बेकार बहते जल का संचयन मानव या फिर जीव-जंतुओं की जिंदगी के लिए कितना जरूरी है। पेंटिंग प्रतियोगिता में नंदिनी कुमारी ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर संध्या वर्मा और तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से मीनाक्षी भारती और स्वीटी रे की पेंटिंग चुनी गई। वहीं स्केचिंग में पहले स्थान पर गौतम कुमार, दूसरे स्थान पर नीतू कुमारी और तीसरे स्थान पर यशवंत रहे। आकर्षक रंगोली निर्माण में बी ग्रुप प्रथम, ए एंड ई ग्रुप द्वितीय और एफ ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि, स्नेहलता खलखो, डॉ मीरा कुमारी, रचना कुमारी, संदीप खलखो आदि की देखरेख में संपन्न हुआ। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में धनतेरस और दीपावली के मौके पर प्रशिक्षुओं ने आकर्षक रंगोली बनाई। इसमें राष्ट्रीय पक्षी मोर का सुंदर चित्रण किया गया। फिर परिधि में चारों ओर जग को जगमग करते जलते दीपों की दूरियां सजाई गईं।शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और प्रशिक्षुओं ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

# गणेश ज्ञान और लक्ष्मी धन के प्रतीक

बासुकीनाथ पाण्डेय

दीपावली का पर्व हर घर में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आता है। इस दिन माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, ताकि उनका आशीर्वाद घर-परिवार पर बना रहे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, दीपावली पर घर में सही प्रकार की तस्वीरें लगाना अत्यंत शुभ माना जाता है। ये तस्वीरें न केवल घर की शोभा बढ़ाती हैं, बल्कि का भी संचार करती हैं।




### गणेश-लक्ष्मी जी की तस्वीर

दीपावली पर गणेश जी और लक्ष्मी जी की संयुक्त तस्वीर को अत्यंत शुभ माना जाता है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि के देवता माना जाता है, जबकि माता लक्ष्मी धन और समृद्धि की देवी हैं। दोनों की संयुक्त तस्वीर घर में लगाने से सभी प्रकार की विघ्न-बाधाओं का नाश होता है और साथ ही धन-संपत्ति का आगमन होता है। यह तस्वीर घर के मुख्य हॉल या पूजा स्थल में लगानी चाहिए, ताकि पूरे परिवार को इसका शुभ प्रभाव प्राप्त हो सके।

### विष्णु-लक्ष्मी की साथ वाली तस्वीर

भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का एक साथ चित्र घर में लगाने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। विष्णु और लक्ष्मी का साथ होना गृहस्थ जीवन के लिए बेहद शुभ माना जाता है। यह तस्वीर इस बात का प्रतीक है कि लक्ष्मी जी केवल वहीं टिकती हैं जहां धर्म और सदाचार का पालन होता है। ऐसी तस्वीर को घर के पूजा कक्ष या बैठक कक्ष में स्थापित किया जा सकता है, जिससे परिवार में सौहार्द और प्रेम का वातावरण बना रहता है।

### गाय और बछड़े की तस्वीर

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गाय को लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। गाय और उसके बछड़े की तस्वीर को घर में लगाने से घर में सुख-समृद्धि और धन-धान्य की वृद्धि होती है। यह तस्वीर परिवार में प्रेम और वात्सल्य की भावना को बढ़ाती है। ऐसी तस्वीर को उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना सबसे उत्तम माना जाता है।

**स्वस्तिक और ॐ का चित्र**

स्वस्तिक और ॐ के चित्रों को भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र माना गया है। दीपावली पर घर में स्वस्तिक और ॐ का चित्र लाने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह चित्र घर में सुख-शांति और समृद्धि का प्रतीक होता है।

**हाथी की तस्वीर**

हाथी को भारतीय धार्मिक परंपराओं में शुभ और सौभाग्य का प्रतीक माना गया है। हाथी की तस्वीर को दीपावली पर घर में लगाने से घर में शक्ति, धैर्य और समृद्धि का आगमन होता है। हाथी की तस्वीर को मुख्य रूप से उत्तर दिशा में लगाना शुभ होता है, क्योंकि इसे कुबेर की दिशा माना जाता है, जो धन और संपत्ति के देवता हैं। धार्मिक मान्यता है कि हाथी की तस्वीर से घर में स्थिरता और उन्नति का वास होता है।

### उल्लू की तस्वीर

भारतीय संस्कृति में उल्लू को देवी लक्ष्मी का वाहन माना गया है। दीपावली के समय उल्लू की तस्वीर या मूर्ति लगाने से देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है। उल्लू को बुरी नजर और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने वाला माना जाता है। इसकी तस्वीर घर या कार्यस्थल में लगाने से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं।

**श्री लक्ष्मी चालीसा**

**॥ दोहा ॥**

**मातु लक्ष्मी करि कृपा करो हृदय में वास।**
**मनोकामना सिद्ध कर पुरवहु मेरी आस॥**
**सिंधु सुता विष्णुप्रिये नत शिर बारंबार।**
**ऋद्धि सिद्धि मंगलप्रदे नत शिर बारंबार॥**
**बहुविधि क्या मैं करौं बड़ाई। लेय परीक्षा ध्यान लगाई॥**
**करि विश्वास करै व्रत नेमा। होय सिद्ध उपजै उर प्रेमा॥15॥**
**जय जय जय लक्ष्मी भवानी। सब में व्यापित हो गुण खानी॥**
**तुम्हरो तेज प्रबल जग माहीं। तुम सम कोउ दयालु कहुं नाहिं॥16॥**
**॥ दोहा॥**
**त्राहि त्राहि दुख हारिणी, हरो वेगि सब त्रास।**
**जयति जयति जय लक्ष्मी, करो शत्रु को नाश॥**
**रामदास धरि ध्यान नित, विनय करत कर जोर।**
**मातु लक्ष्मी दास पर, करहु दया की कोर॥**

## पूजा स्थल-कार्य स्थल पर रखें मोर का पंख राधा-कृष्ण की करें पूजा



### नकारात्मक शक्ति होगी दूर

**मोरपंख को** घर में रखना शुभ माना जाता है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि वासुदेव श्रीकृष्ण ने मोरपंख को अपने मुकुट पर स्थान देकर सम्मान दिया है। मोर को देवताओं का वाहन होने का भी गौरव प्राप्त है।

वास्तु शास्त्र और ज्योतिष शास्त्र में मोर पंख का बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि मोरपंख के प्रयोग से अमंगल टाले जा सकते हैं। विशेष रूप से मोरपंख के प्रयोग से घर से नकारात्मक शक्तियों का पलायन होता है। इसलिए मोरपंख को घर में रखना शुभ माना जाता है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि वासुदेव श्रीकृष्ण ने मोरपंख को अपने मुकुट पर स्थान देकर सम्मान दिया है।

मोर को देवताओं का वाहन होने का भी गौरव प्राप्त है। यह मां सरस्वती का वाहन है। इसके उपयोग से कालसर्प दोष और वास्तु दोष समेत कई दोषों से मुक्ति मिलती है। वहीं इसके फायदों को देखते हुए स्टूडेंट्स अपनी पाठ्य-पुस्तकों के बीच भी मोरपंख रखते हैं।

मोरपंख का उपयोग

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक घर के दक्षिण-पूर्व दिशा में मोरपंख लगाने से बरकत बढ़ता है और घर-परिवार पर अचानक कष्ट नहीं आता है।

अगर मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति के मुकुट में 40 दिन के लिए लगाकर रोजाना शाम को माखन-मिश्री का भोग लगाएं। वहीं 41वें दिन उस मोरपंख को भोग, दान-दक्षिणा चढ़ाकर अपने घर लाएं। फिर उसे लॉकर में रख दें। इससे आप स्वयं अनुभव करेंगे कि घर में धन-सुख और शांति में वृद्धि हो रही है। वहीं इस उपाय को करने से रुके हुए कार्य बनने लगेंगे।

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक कालसर्पदोष के दुष्प्रभाव को दूर करने की मोरपंख अद्भुत क्षमता रखता है। अगर कालसर्प दोष वाला व्यक्ति पूर्णिमा के दिन अथवा किसी भी शुभ मुहूर्त में अपने तकिए के कवर के अंदर 9 मोरपंख रखता है, तो उस व्यक्ति को किसी तरह का दुःस्वप्न नहीं आता है। वहीं मोरपंख के इस्तेमाल से कालसर्प दोष को भी प्रभावहीन कर सकते हैं।

बता दें कि मोरपंख की हवा से किसी भी व्यक्ति पर ऊपरी भूत-प्रेत बाधा या नकारात्मक ऊजाओं को खत्म किया जा सकता है।

सांप की मोरपंख से शत्रुता होती है, वहीं ज्योतिष शास्त्र में सांप को राहु-केतु की संज्ञा दी गई है। घर के पूर्वी और उत्तर-पश्चिम दीवार में मोर पंख लगाने या अपनी जेब और डायरी में इसको रखने से राहु-केतु व इससे बनने वाला कालसर्प का दोष का प्रभाव कम होता है।

एक मोरपंख चांदी के ताबीज में डालकर बालक के सिर की दाहिनी तरफ दिन-रात रखने से बच्चा डरता नहीं है। साथ ही वह नजरदोष और अला-बला से भी बचा रहता है।

वास्तु दोष के शमन हेतु भी मोरपंख का प्रयोग किया जाता है। मोरपंख के इस्तेमाल से और इसे घर में रखने से आर्थिक तंगी दूर होती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है।

## भैया दूज पर करें आसान उपाय, घर में आएगी खुशहाली



इस साल भाई दूज का पर्व 3 नवंबर को मनाया जाएगा। इस दिन बहने भाईयों के लिए व्रत रखती हैं और विधि विधान के साथ पूजा करती हैं। इस दिन कुछ खास उपाय करने से आपको कई तरह के लाभ मिल सकते हैं।

हिंदू धर्म में भाई दूज का पर्व बहुत महत्व है। इस पर्व के साथ पांच दिवसीय दिवाली उत्सव का समापन भी होता है। भाई दूज का पर्व बहन और भाई के प्रति विश्वास और प्रेम का होता है। हर साल कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। देशभर में भाई दूज को अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। इस दिन को भाई बहन के प्यार और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। इस साल भाई दूज का पर्व 3 नवंबर को मनाया जाएगा। इस दिन बहने भाईयों के लिए व्रत रखती हैं और विधि विधान के साथ पूजा करती हैं। इस दिन कुछ खास उपाय करने से आपको कई तरह के लाभ मिल सकते हैं।

**भैया दूज के उपाय**

भाई दूज के दिन बहनें भाई के साथ यमुना नदी में स्नान करें, इससे घर में खुशहाली आएगी और भाई के साथ आपका रिश्ता और भी मजबूत होता है।

भाई दूज के दिन भाई को बहन के घर जाना चाहिए और बहन को तिलक लगाकर भाई को खाना खिलाकर स्वागत करना चाहिए। ऐसा करने से दोनों के जीवन में खुशहाली बनी रहती है।

इस दिन तिलक करते समय बहनें ₹गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे मेरे भाई की आयु बढ़े, का जाप करना चाहिए। इसे बेहद शुभ माना जाता है। भैया दूज के दिन बहनों को यमराज के नाम से चौमुखी दीपक जलाकर घर के बाहर रखना चाहिए। इससे भाई की आयु बढ़ती है। भैया दूज के दिन किसी गरीब या जरूरतमंद को खाना खिलाना चाहिए। ऐसा करने से भाई की आयु बढ़ती है और घर में खुशहाली आती है। भाई दूज पर पूजा करने के लिए सबसे पहले आटा से चौक बनाएं। इसके बाद भाई को इस चौक पर पूर्व की ओर मुंह करके बिठाएं और भाई के सिर पर फूल, पान, सुपारी और पैसा रखकर माथे पर तिलक करें।

इसके बाद तिलक लगाने के बाद भाई के हाथों में कलावा बांधे और हमेशा रक्षा करने का संकल्प लें। इससे भाई-बहन का प्यार बरकरार रहता है।

## गोवर्धन पूजा पर करें ये काम, बरसेगी श्रीकृष्ण की कृपा

गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्रीकृष्ण को अन्नकूट का भोग लगाना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है। श्रीकृष्ण की कृपा मिलती है और घर में धन और अन्न की कभी कमी नहीं होती है।

हिंदू धर्म में गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। इसे अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व दिवाली के दूसरे दिन मनाया जाता है। इस साल यह पर्व 2 नवंबर को मनाया जाएगा है। गोवर्धन पूजा के दिन महिलाएं घर से बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाती हैं और उसकी पूजा करती हैं। इस दिन भगवान कृष्ण की पूजा का विधान है। इस दिन कुछ खास उपायों को करना भी बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और घर में खुशहाली का वास होता है। आईए जानते हैं गोवर्धन पूजा वाले दिन कौन से खास उपाय किए जा सकते हैं...



### श्री कृष्ण की तस्वीर

इस दिन आप गोवर्धन पर्वत उठाए हुए भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर घर में लगा सकते हैं। इस विपरीत परिस्थितियों से मुकाबला करने और आत्म बल में वृद्धि का प्रतीक माना जाता है। अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाए हुए भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर को ऐसी जगह लगे जहां पर सभी सदस्यों की नजर उसे पर बार-बार पड़े। माना जाता है ऐसा करने से परिवार के सदस्यों में आपसी तालमेल और विश्वास बना रहता है। ध्यान रहे कि इस तस्वीर में श्री कृष्ण के साथ उनके ग्वाल बाल सखा भी हो।

### नकारात्मक ऊर्जा दूर करें

अपने घर से नकारात्मकता दूर करने के लिए गोवर्धन पूजा की दिन संध्याकाल के समय गाय का गोबर जलाकर धुआं करें। इससे आसपास मौजूद नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है और घर परिवार में सुख शांति बनी रहती है।

### श्रीकृष्ण को भोग

गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्रीकृष्ण को अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और श्रीकृष्ण सदैव अपनी कृपा बरसाते हैं। इसके अलावा घर में धन और अन्य की कभी भी कमी नहीं होती है।

पीपल की पूजा

गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए आप पीपल के पेड़ के सामने 7 दीपक जलाएं। इससे श्रीहरि का आशीर्वाद मिलता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**तुलसी की पूजा**

तुलसी को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। इस दिन तुलसी में जल अवश्य चढ़ाएं और इनके आगे घी का दीपक जलाएं। ऐसा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है और आप पर कृपा बरसाती हैं।

**मंत्र जप करें**

गोवर्धन धराधार गोकुल त्राणकारक।
विष्णुबाहु कृतोच्छ्राय गवां कोटिप्रभो भव।।

### आरती करें

श्री गोवर्धन महाराज, ओ महाराज,
तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ।
तोपे पान चढ़े तोपे फूल चढ़े,
तोपे चढ़े दूध की धार।
तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ।
तेरी सात कोस की परिकम्मा,
और चकलेश्वर विश्राम
तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ।
तेरे गले में कण्ठा साज रहेओ,
ठोड़ी पे हीरा लाल।
तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ।
तेरे कानन कुण्डल चमक रहेओ,
तेरी झाँकी बनी विशाल।
तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ।
गिरिराज धरण प्रभु तेरी शरण।
करो भक्त का बेड़ा पार

## दीपशिखा भारत का मन है

हृदयनारायण दीक्षित

**भारत** में दीपपर्व है। वातावरण मधुवाता है। कुछ दिन पहले गर्म हवाओं के झोंके थे। संप्रति वातायन में न शीत है और न ही उमस ताप। वर्षा रानी भी गरज बरस कर चली गईं। धन का पर्व धनतेरस है। भारत ने अपनी करेन्सी को रूपया कहा। मुद्रा का रूपया नाम और भी दिलचस्प। रूप-या संस्कृत से आया है। रूप-या का अर्थ हुआ-जो रूप है। रूपया बड़ा मजेदार है। आकर्षण भी है। रूप में यह कागज है। इस रूप के भीतर समस्त भौतिक वस्तुए छुपी हैं। यहाँ रूपया दो, जो पसंद है वह लो। रूपया बड़ा शक्तिशाली है। ऋग्वेद में उचित ही मुद्रा को देवताओं जैसा शक्तिशाली बताया गया है। तरह-तरह के रूप धारण करना। रूपया बहुरूपया है। धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी मनुष्य को धनार्जन शुभ लाभ देती हैं। अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है। वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। साहस का प्रतिफल पाता है। शुभ लाभ भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिकों का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। शुभ लाभ ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है।

अंधकार और प्रकाश दो नहीं हैं। प्रकाश का शून्य हो जाना अंधकार है। इसी तरह अंधकार शून्य होना प्रकाश है। सूर्य प्रकाश पुंज है। उन्हें नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्ध्य देकर पूंजते हैं। चन्द्र ब्रह्माण्ड का मन है। पूर्णिमा का प्रकाश उपास्य है। दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण अंधकार रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र अपनी पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा।

शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया। शरद् पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनंद तो इसके ठीक बाद झमाझम दीपमालिका। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। माना जाता है कि यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो तो पकड़ में आता है। जहां जहां तमस् वहां वहां प्रकाश-दीप। प्राचीन पूर्वजों की कर्मशक्ति का रचा गढ़ा तेजोमय प्रकाश है। प्रकाश ज्ञानदायी और समृद्धिदायी भी है। भारत दीप पर्व की रात रात केवल भूगोल नहीं होता। भारत इस रात ह्यदिव्य दीपशिखाह्न हो जाता है। वातायन में शीत और ताप का प्रेम प्रसंग चलता है। घर, आंगन, तुलसी के चैबारे, गरीब किसान के दुवारे, खेत खलिहान, नगर, गांव, मकान, दुकान, ऊपर नीचे सब तरफ दीप शिखा।



तुलसीदास ने रामचरितमानस उत्तर काण्ड में दीप शिखा का रूपक बनाया है। वे सात्विक श्रद्धा को गाय बताते है, जपतप नियम को गाय का चारा। फिर इस गाय से परम धर्ममय दूध निकालते हैं। निष्काम भाव की अग्नि पर उबाल कर धैर्य आदि भावों से ठंढ़ा कर दही बनाते है। इस दही से ह्यमुदिता मथै विचार मथानीह्न के जरिए मक्खन निकालते हैं। इस मक्खन को योग अग्नि पर गरम कर ह्यज्ञान घृतह्न पाते हैं। चित्त के दिया (दीपक) में इस घी को डालते है। तीन गुण तीन अवस्थाओं (जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति) से परे ह्यतुरीय अवस्थाह्न की बाती सजाते हैं। तुलसीदास बताते हैं कि यह दीपक विज्ञानमय है-एहि विधि लेसे दीप, तेज राशि विज्ञानमय। फिर कहते हैं सोहमस्मि इति वृत्ति अखण्डा/दीपशिखा सोई परम प्रचण्डा।ह्व दीपशिखा के प्रकाश में जीव ब्रह्म हो जाता है, ह्लआत्म अनुभव सुख सुप्रकाशा।ह्व तुलसी के सौन्दर्यबोध (बालकाण्ड) में भी दीपशिखा है सुन्दरता कहु सुन्दर करई/छविग्रह दीपशिखा जनु बरई। दीपशिखा भारत का मन है। सभी साधकों के लिए दीप मालिका भारत के मन की स्वर्णमय दीपशिखा है। दीपक अपना हृदय-स्नेह (तेल) उड़ेलता है, बाती जलाता है। तब अंधकार से लड़ता है, प्रकाश देता है। दीपक के नीचे अंधेरा रहता है लेकिन दूसरों का तमसावृत पथ प्रकाशवान होता है।

दीप पर्व स्वाभाविक ही लक्ष्मी गणेश का नीराजन मुहूर्त बना। ऋग्वेद के रचनाकाल में गण (समूह) थे। प्रत्येक गण का एक गण प्रमुख या गणपति होता था और एक आराध्य देवता यानी गण-ईश था। ऋग्वेद (2.23.1) में बृहस्पति को गणपति कहा गया है, ह्लगणानां त्वां गणिपतिं हवामहे-आप गणों के गणपति हैं। ये गणपति प्रकाशदाता भी हैं। (वही मन्त्र 3) ऋग्वेद के गणपति कवि हैं, विद्वान है लेकिन यजुर्वेद के गणपति ह्यनिधिपतिह्न भी है-निधीनां त्वा निधिपति। दीप-उत्सव है अतिरिक्त आनंद का अतिरेक। सम्पूर्णता का केन्द्र है उत्स। उत्सव इसी केन्द्रक का उफनाया आनंद है। लेकिन उत्सव उल्लास नहीं रहे। पहले उत्सव की खबर ऋतु देती थी, माह और तिथि उत्सवों की सूचना थे, अब उत्सव की खबर अखबारी विज्ञापन देते हैं। विज्ञापन नया स्वप्न संसार देते हैं। बाजारी वस्तुएं उत्सव का विकल्प नहीं हो सकती। बाजार में मादक क्रान्ति है। उत्सवी मानुष हलकान है। करें तो क्या करें? दीपावली नाक का सवाल बन गयी है। खरीददारी स्टेटस सिम्बल है। जिसने खरीददारी नहीं की, वह उत्सव से बाहर हो गया।

छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार सृष्टि का समस्त सर्वोत्तम और पुरूषोत्तम प्रकाशरूपा है। परम तेजोमय सूर्य हैं। वे सहस्त्र आयामी प्रकाशरूपा हैं। गीता के अर्जुन ने विश्वरूप देखा, उसके मुंह से शब्द फूटे ह्लदिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यो का प्रकाश एक साथ जगमगा उठा।ह्व उपनिषद् के ऋषियों ने परमसत्ता की अनुभूति को प्रकाशरूप ही पाया। कठोपनिषद् (2.2.15), मुण्डकोपनिषद् (2.2.10) व श्वेताश्वतर उपनिषद् (6.10) में एक साथ गाए गए मंत्र में कहते हैं ह्लन तत्र सूर्यो भाति, न चन्द्रतारकम/नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयंमग्नि-वह न सूर्य चमकते हैं और न चांद तारे।

# सरयू ने ही पिछली बार कमल फूल को डूबोया था : बन्ना गुप्ता

## जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र : कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता का वार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि मानगो को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने के लिये फ्लाइ ओवर का निर्माण करवाया जा रहा है किंतु जब जमशेदपुर के विकास की गाथा लिखने वाली इस ऐतिहासिक परियोजना के लिए सर्वे शुरू हुआ था, तो वर्ष 2022 में सरयू राय ने इसे हास्यास्पद परिकल्पना और झूठी घोषणा बतलाया था। नकारात्मक सरयू राय ने कहा था कि यह एक अनुपयोगी एवं फि जूलखर्ची वाली सोच है। अभियांत्रिकी कसौटियों पर भी यह खोटा साबित होगी। बन्ना गुप्ता ने सरयू राय को भगोड़ा नेता की संज्ञा देते हुए कहा कि सरयू राय ने कहा था कि विडंबना है कि सरकार के योग्य अभियंताओं ने किसी अस्वस्थ एवं असंतुलित दिमाग की ऐसे घटिया राजनीतिक फि तूर को सर्वेक्षण लायक समझा और घटनास्थल पर पहुंच गये। उन्हें पहले ट्राफिक सर्वे करना चाहिए था। यातायात की प्रकृति और घनत्व पर गहन मंथन करना चाहिए था। अंतर्विभागीय विमर्श करना चाहिए था तब किसी समुचित निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिये था, न कि दौड़कर सर्वे के लिए पहुंच जाना चाहिए था। बन्ना गुप्ता ने कहा कि मानगो फ्लाइ ओवर के निर्माण की योजना का शुभारंभ करने में सरयू राय ने कई बाधाएं डाली। उन्होंने सीएम, मुख्य सचिव, मुख्य अभियंता और टाटा स्टील को कई पत्र लिखे। इस परियोजना को रोकने का हर संभव कुत्सित प्रयास किया किंतु मैं उनकी नकारात्मकता से वाकिफ हूं। इसलिए जनहित में अपने ईमानदार प्रयासों को जारी रखा। आज जनता के आशीर्वाद से मानगो फ्लाइ ओवर का काम प्रारंभ हो चुका है। मैं यह भी वादा करता हूं कि यह परियोजना ससमय पूर्ण होगी। बन्ना गुप्ता ने कहा कि जदयू प्रत्याशी सरयू राय वो शख्स है, जिसने पिछले चुनाव में कमल छाप को डूबाने का काम किया था। इस बार वे कहते हैं कि कमल ही सिलेंडर है। उनसे पूछना चाहिए कि पिछली बार क्या हुआ था, जब आप सिलेंडर की गैस से कमल को मुरझाने का काम कर रहे थे। असल में उस व्यक्ति का चाल, चरित्र और चेहरा समय के अनुसार बदलते रहता है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय का एकमात्र उद्देश्य भाजपा को कमजोर करना है। वे भाजपा कार्यकर्ताओं को जदयू में शामिल करवा कर भाजपा का जमीनी आधार खत्म करना चाहते हैं। चूंकि भाजपा ने सरयू राय को निष्कासित किया था इसलिए वे भाजपा से चिढ़े हुए हैं।

# भय-आतंक का माहौल बनाने वालों को ईंट का जवाब पत्थर से देंगे : सरयू

## सरयू राय का बन्ना गुप्ता पर पलटवार



### दर्जनों महिलाएं जदयू में शामिल



जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के उम्मीदवार सरयू राय ने मंगलवार को अपने आवास/कार्यालय में धातकीडीह मेडिकल बस्ती से आई दर्जनों महिलाओं को जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वालों में किरण विश्वकर्मा, रंजीता रागी, ममता जल, रानी, बीना मुखी, भारती, किरण, राकी मुखी, सपना दुर्गा, नेहा महली, मोनू लोहार, मुंगली दबे, गीता लोहार, सुनीता देवी, मीनाक्षी, दुर्गा गोप, कस्तूनी सरदार, रीता कर्मकार, ममता कर्मकार, अंजना भूमिज, लक्ष्मी नामता, दीपाली आचार्य, मीना देवी, बरसा भूमिज आदि प्रमुख रहे।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए के उम्मीदवार सरयू राय ने मंगलवार को सोनारी और मानगो के विभिन्न इलाकों का सघन दौरा किया। इस दौरे की खास बात यह रही कि वे जिस इलाके में भी गये, नौजवान बड़ी संख्या में उनके साथ जुड़ते चले गये। कुछ नौजवानों ने राय को बताया कि उनके (राय) साथ चुनाव प्रचार करने पर कांग्रेसी उम्मीदवार के कुछ गुर्गे धमकाते हैं। इस पर राय ने कहा कि जो लोग शहर में, खास कर पश्चिमी विधानसभा में भय और आतंक का माहौल बनाना चाहते हैं, उन्हें ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। किसी को किसी से भी लेश मात्र डरने की जरूरत नहीं है। जो मेरे साथ मेरे चुनाव कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं, उनकी सुरक्षा की नैतिक जिम्मेदारी उनकी है। राय ने लोगों को आश्वस्त किया कि जो लोग भी राजनीति को अपराधीकरण की दिशा में ले जाना चाहते हैं, उन्हें मुंह की खानी पड़ेगी क्योंकि कमजोर, पिछड़ा, दलित वर्ग के बहुसंख्यक लोग उनके साथ हैं। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया कि पश्चिमी विधानसभा में अगर कोई भी उन्हें धमकी देता है, प्रताड़ित करने का प्रयास भर भी करता है तो उन्हें सूचित करें। राय ने मंगलवार को गुणमय कालोनी, पंजाबी लाइन, चाणक्यपुरी कालोनी, लक्ष्मीनगर, गौड़ बस्ती, शिव कुमार स्थली, आदर्शनगर आदि में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याएं पूछीं और समाधान का आश्वासन भी दिया।

स्पीड न्यूज

### सविता महतो ने नीमडीह के दर्जनों गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान

**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड के दर्जनों गांव में इंडिया गटबंधन के प्रत्याशी निवर्तमान विधायक सविता महतो व विश्वरंजन महतो उर्फ कार्तिक महतो ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने रघुनाथपुर, रामनगर, शीमा, गुंडा, मुरुकडीह, हेवेन काशीपुर, कल्याणपुर, लावा आदि गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही उन्होंने लोगो के समस्या से भी अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने लोगो से और एक बार आशीर्वाद देने का अपिल किया।

### आदिम जनजाति को पारुल सिंह ने मतदान के लिए प्रेरित किया

**जमशेदपुर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ईचागढ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 231 (टोला केंद्रडीह) एवं मतदाण केंद्र संख्या 307 (टोला सालतन) में पीजीटीजी समुदाय के मतदाताओं के बीच उप नगर आयुक्त -सह-प्रभारी पदाधिकारी पारुल सिंह के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाताओ के बीच पहुंचकर लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक वोट की महत्व, मतदान दिवस तथा मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र के माध्यम से वोट देने संबंधित जानकारी प्रदान कर आगामी 13 नवंबर को मतदान करने हेतु प्रेरित एवं आमंत्रित किया गया। इस दौरान उन्होंने महिला मतदाताओं तथा युवा मतदाताओं को लोकतंत्र के निर्माण में बढ़-चढ़ कर भाग लेने तथा अपने परिवार के अन्य सदस्य को भी प्रत्येक वोट की अहमियत की जानकारी देते हुए आगामी 13 नवंबर मतदान दिवस के दिन मतदान करने का अपील किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, चांडील श्री तालेस्वर रविदास, एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मजदूरों की अनदेखी करने वालों को देंगे जवाब : शिवशंकर सिंह

**सिंह ने मजदूरों की समस्याओं को लेकर बड़े बड़े दलों के नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाया**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन के महामंत्री सतीश सिंह और डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह के आमंत्रण पर मंगलवार को जनसंपर्क अभियान के क्रम में बिस्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम पहुंचे समाजसेवी शिवशंकर सिंह ने पूर्व मजदूर नेता स्व बी जी गोपाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर यूनियन के दोनों नेताओं ने विधानसभा चुनाव में सभी मजदूरों का समर्थन मिलने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर शिवशंकर सिंह ने मजदूरों की समस्याओं को लेकर बड़े बड़े दलों के नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बीते 3 दशकों में मजदूरों का वोट हासिल कर अपनी राजनीतिक प्रभाव को बड़ा करने वालों को जवाब देने का समय आ गया है और इस बार मजदूरों की आवाज विधानसभा में गूंजकर रहेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव उनका नहीं है और न ही वह कोई राजनेता हैं बल्कि जमशेदपुर पूर्वी के बुजुर्गों के बेटा, युवाओं के भाई और साथी बनकर केवल उनकी आवाज बनना चाहते हैं इसलिए यह चुनाव भी यहां की जनता ही लड़ रही है और उनके प्रयास से ही एक बार फिर से यहां इतिहास लिखा जाएगा। जनसंपर्क में कुणाल, रवि, राहुल, गुरुमान सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# सोना देवी यूनिवर्सिटी में मना दीपावली महोत्सव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला के ऑडिटोरियम में मंगलवार को विद्यार्थीयों द्वारा दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थीयों के बीच तीन थीम पर प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई । रंगोली प्रतियोगिता में चार टीमों ने हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में ग्रुप सी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरी प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग की हुई इसमें छात्र - छात्रओं ने मतदाता जागरूकता थीम पर आधारित पोस्टर बनाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ग्रुप डी की टीम विजेता रही। इस मौके पर विद्याथीर्यों ने खाने की चीजों के दस स्टॉल लगाये यहां सभी ने पारम्परिक भोजन का आंनद लिया कइस अवसर पर जज के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर गुलाब सिंह 'आजाद', कई फैकल्टी मेंबर शामिल हुए क कल्चरल कमिटी के संयोजिका अर्चना सिंह के नेतृत्व में छात्र - छात्रओं ने दीपावली महोत्सव को सफल बनाया।

## एक नजर में

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया जांच अभियान



**मेदिनीनगर।** एसपी के निर्देश पर जिला ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने छह मुहान एवं कचहरी रोड पर सघन जॉच अभियान चलाया। पुलिस ने चार पहिया वाहन एवं दोपहिया तथा टेंपो का जांच किया तो कुछ टेंपो ई रिक्शा सवारी गाड़ी के चालक नो एंट्री एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे उनके वाहन को जप्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा है। जिस में06 टेंपो सवारी गाड़ी तथा 05 ई रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी को परिवहन कार्यालय फाइन हेतु भेजा गया है। परिवहन कार्यालय पलामू से 10 बाइक का चलन फाइंड राशि 20000 तथा 12 ई रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी का चालान फाइन राशि 21150 रुपया आया है। टोटल चालान फाइन राशि 41150 रुपया आया है।

### ज्ञान निकेतन में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**मेदिनीनगर।** स्थानीय विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में आने वाले त्योहार दीपावली, भैयादूज, छठ के अवसर पर नर्सरी विंग के बच्चों द्वारा रंगा-रंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में बच्चे विभिन्न देवी-देवताओं के वेश में आए और सभी त्योहारों की झाकियां प्रस्तुत की। विशेष रूप से छठ पर्व की प्रस्तुति ने तो सबों को भक्ति में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा, प्राचार्य मनोहर पांडेय तथा शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में अपनी संस्कृति को समझने तथा पर्व त्योहारों के महत्व को समझने में मदद मिलती है। अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने कहा कि आज के दौर में बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से अवगत कराना बहुत जरूरी है। इससे ही सामाजिक सद्भाव को बनाए रखा जा है। कार्यक्रम के आयोजन एवं कार्यक्रम की तैयारी में नर्सरी विंग की प्रभारी पूजा दुबे, आराधना दुबे, सौम्या कुमारी, गुड़िया कुमारी, कंचन कमल, स्नेहलता, निताशा सहाय, रिंकी सिंह, शकुंतला गुप्ता, सुमन खलको, राधिका शर्मा, तृप्ति कुमारी निधि कुमारी, अर्चना द्विवेदी, पूजा सिंह, पूजा कुमारी, जयंती ने सहयोग दिया।

### हिन्डालको ने किया नि: शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर ईकाई द्वारा सिक्का में नि: शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती एवं माइंस के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ टीबी गफ्फार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश कुमार ने 48 मरीजों के आंख की जांच किया। जांच के बाद कंपनी द्वारा नि: शुल्क दवा भी दिया गया। शोभा रानी मोहंती ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए आंख शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग होता है। इसलिए आंखों का देखभाल एवं समय समय पर इसकी जांच कराना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कंपनी ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही इस तरह के शिविर का आयोजन करतीं हैं ताकि लोगों को गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ टीबी गफ्फार ने कहा कि 40 वर्षों के बाद सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। नियमित रूप अपने आंखों की भी जांच करानी चाहिए ताकि रोशनी ठीक रह सकें। मौके पर अनीता भगत, सुहानी, बिरबल महतो, रेणु आदि मौजूद थे ।

### निधि आपके निकट शिविर का आयोजन



मेदिनीनगर। सेक्रेड हर्ट स्कूल में निधि आपके निकट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर नोडल अधिकारी नीतीश कुमार व सदस्य ब्रजेश कुमार ने ईपीएफओ द्वारा चलाये जाने वाली योजनाओं के संबंधित में जानकारी प्रदान की। सदस्यों से आधार, पैन नंबर, बैंक अकाउंट को यूएएन से लिंक करने व केवाईसी अद्यतन करने की सलाह दी गयी ताकि ऑन लाईन सेवाओं का लाभ प्रदान की जा सके। सदस्य के विवरणी में कोई भी विसंगति दूर करने के लिए ऑन लाईन ज्वाइंट डिकलरेशन जमा करने की सलाह दी गयी। प्रयास योजना की भी जानकारी दी गई जिसके तहत सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी को सेवानिवृति वाले माह में ही पेंशन कागजात करने की सलाह दी गयी। मौके पर प्राचार्य सिस्टर विनीफ्रेड, शिक्षक मौजूद थे।

# भाजपा प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा आज चाईबासा आयेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा के झारखंड़ चुनाव सह प्रभारी असम राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा बुधवार को चाईबासा विधान सभा चुनावी कार्यालय में बैठक करेंगे। वे 4 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के टाटा कालेज मैदान -चाईबासा में होने वाली चुनावी सभा कार्यक्रम की , तैयारी बैठक में शामिल होंगें। हिमंता विस्वा सरमा पूर्वाहन 9.45 बजे हेलीकाप्टर से सिंहभूम स्पोर्ट्स मैदान में उतरेंगे और 9-50 सेव10-30 बजे तक चाईबासा विधान सभा चुनावी कार्यालय में रहेंगें। बैठक कर मुख्यमंत्री असम 10-35 बजे धालभूमगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगें। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के कोल्हान प्रमंडलीय प्रभारी प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू और जिला अध्यक्ष संजय पांडे के साथ जिले के पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, कार्यक्रम प्रभारी, सभी विधानसभा के चुनाव प्रवासी प्रभारी संयोजक शामिल होंगें।

# पावर ग्रिड ने मनाया सर्तकर्ता दिवस




खबर मन्त्र ब्यूरो

**गम्हरिया।** पावरग्रिड कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड, गम्हरिया के तत्वावधान में विगत 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के क्रम में मंगलवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पावर ग्रिड की ओर से पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रिड के आसपास के गांवों में जाकर आम लोगों को भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूक किया गया तथा सत्यनिष्ठा के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर पावर ग्रिड उपकेंद्र के प्रमुख मनीष कुमार झा ने सभी लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध खडे रहने के लिए प्रोत्साहित किया।इस मौके पर पावर ग्रिड के प्रबंधक ए. अजहर नायर, बिभु सोमंडल समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपास्थि थे।

# डॉ अजय ने भुईंयाडीह में चलाया जनसम्पर्क अभियान, स्व कार्तिक उरांव को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने मंगलवार को भुईंयाडीह, कल्याणनगर सहित टिनप्लेट में चलाया जनसम्पर्क अभियान। इस दौरान डॉ अजय ने लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान डॉ अजय बिरसानगर के ज्ञानदीप मैदान में उरांव समाज द्वारा स्व कार्तिक उरांव की पूण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर डॉ अजय ने स्व कार्तिक उरांव को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्व कार्तिक उरांव का आदिवासी समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसको भुलाया नहीं जा सकता। गठबंधन की सरकार आदिवासी मूलवासियों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरना धर्म कोड विधेयक को विधानसभा से पास कर भेज दिया गया लेकिन आदिवासियों के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले मोदी सरकार ने सरना धर्म कोड लागू नहीं किए। जो कहीं ना कहीं आदिवासी समाज के साथ धोखा है। जिसे आदिवासी समाज के लोग बेहतर समझते है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इसके तहत प्रातः कालीन मेरा वोट, मेरा अभिमान-जैसे तख्तियों के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें कक्षा षष्ठी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी निभाई। पत्र-लेखन, निबंध-लेखन, रंगोली, ड्राइंग, कविता-वाचन आदि गतिविधियां छात्रों के द्वारा किया गया। विगत 28 अक्टूबर को विद्यालय में पत्र-लेखन का आयोजन किया गया। कक्षा षष्ठी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावक को पत्र लिखे। पत्र-लेखन में लिखे संदेश में छात्रों ने अभिभावकों से आग्रह कर कहा कि वोट डालकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार अवश्य बनें। आपके वोट से ही ईमानदार, सशक्त, कर्मठ, जुझारु प्रत्याशी का चयन हो सकता है। ज्ञात हो कि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार झारखण्ड के सभी विद्यालयों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में तहसील, जिला, राज्य तथा केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से मतदान प्रतिशत में वृद्धि के सतत प्रयास किए जा रहे है। इस अवसर पर प्राचार्य छात्रों को संबोधित कर कहा कि -पत्र-लेखन जैसी सक्रिय गति विधियों से अभिभावकों में जागरुकता आएगी। पत्र-लेखन व रैली संबंधी लाभ को उन्होंने विस्तार पूर्वक बताया। जागरुकता के संदर्भ में अभिभावकों व मतदाताओं को जागरुक करने संबंधी प्रत्येक गतिविधि विद्यालय में आयोजित की गई। इन जागरुकता संबंधी गतिविधियों द्वारा मतदान प्रतिशत में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त करते हैं,।

# रघुवर पर सोच समझ कर बोलें डॉ अजय, अन्यथा कानूनी कार्रवाई : भीष्म

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** ओडिशा के राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने वाले कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार को मानवाधिकार संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में सामाजिक कार्यकर्ता एवं असेम्बली ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस के चैयरमैन भीष्म सिंह ने अजय कुमार की टिप्पणियों पर तीखी आपत्ति जताई। उन्होंने इसे गैरकानूनी और असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि राज्यपाल का पद बेहद गरिमापूर्ण होता है और इस पर इस तरह के निराधार आरोप लगाना संविधान की मयार्दा का उल्लंघन है। प्रेस वार्ता में सामाजिक कार्यकर्ता सोमेन कुमार, सुनील ओझा एवं रॉकी सिंह मौजूद थे। भीष्म सिंह ने कहा कि अजय कुमार को यह समझना चाहिए कि राज्यपाल का पदभार संभालने वाले व्यक्तियों का प्रमुख कर्तव्य संविधान की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करना है। राज्यपाल पर बिना प्रमाण गंभीर आरोप लगाना न केवल गैर-जिम्मेदाराना हरकत है, बल्कि यह एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। भीष्म सिंह ने अजय को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने राज्यपाल पर लगाए गए आरोपों को लेकर बिना शर्त सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का सहारा लिया जाएगा। संविधान में राज्यपाल के खिलाफ इस प्रकार की अनुचित टिप्पणी और आरोपों की मनाही है, और इस धारा का उल्लंघन कानूनी कार्यवाही को बाध्य कर सकता है। सिंह ने साफ किया कि अगर अजय कुमार माफी नहीं मांगते हैं, तो उन पर मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। रघुवर दास के जमशेदपुर आने-जाने पर हो रही टिप्पणियों को गलत बताते हुए भीष्म सिंह ने कहा कि रघुवर दास लंबे समय से इस शहर के निवासी रहे हैं और विभिन्न संगठनों से उनका जुड़ाव पुराना है।

# रघुवर ने जनता का हाल किया बेहाल : आलोक शर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने मंगलवार को कैनेलाईट होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रघुवर दास ने की कार्यशैली आज सबको पता है, 25 साल से चुनाव में लुभावने वादे लेकिन किया कुछ भी नहीं। ना मालिकाना दिला पाए, ना कोई नई कंपनी खुलवा पाए। यहां तक की जो कंपनियां चल रही थी वो भी या तो बंद हो गई या फिर शहर से बाहर चली गई। मजदूर संड़क पर आ गए और स्वंयभू मजदूरों के मसीहा रघुवर दास मूकदर्शक बने रहे। रघुवर दास ने कितने पतंग उड़ाए यह तो नहीं जानता लेकिन वे हाथी उड़ाने के माहिर खिलाड़ी है। पूरा प्रदेश रघुवर दास के हाथी उड़ाने की कला से परिचित है। मोमेंटम झारखंड से झारखंड को कुछ भी नहीं मिला लेकिन राज्य का खजाना हाथी उड़ाने में खाली कर दिए। उन्होंने कहा कि अगर पूर्वी जमशेदपुर से हमारे कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार डॉ अजय कुमार जीतें तो हम मालिकाना हक का सपना पूरा करने की कोशिश करेंगे। बंद कंपनियों को खुलवाने के लिए प्रयास करेंगे, ताकि जमशेदपुर में लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो। लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बेहतर प्रयास किए जाएगें। आलोक शर्मा ने कहा कि मालिकाना हक-जो अभी सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है, हमारी सरकार अगर दोबारा बनी तो हम न केवल जमशेदुर शहर के लिए बल्कि रांची, धनबाद, बोकारो जैसे शहरों के लिए एक सर्वेक्षण करेंगे, जहां मालिकाना हक का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा बन के खड़ा है।

# महिला टीम ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

## भारत ने सीरीज पर 2-1 से जमाया कब्जा, मंधाना ने जड़ा शतक

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अमहदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 3 वनडे मैचों की सीरीज में 2-1 से हरा दिया है। एक तरफ जहां भारतीय पुरुष टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से पीछे हैं। वहीं, महिलाओं ने न्यूजीलैंड जीत हासिल कर भारतीय क्रिकेट फैंस को राहत दी है। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में ब्रुक हैलिडे की 86 रन की पारी की बदौलत पहले खेलते हुए 232 रन बनाए थे। अनुभवी दीप्ति शर्मा ने 3 जबकि प्रिया मिश्रा ने 2 विकेट लिए। जवाब में भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने 100, यस्तिका भाटिया ने 35, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 59, जेमिमा रोड्रिग्ज ने 22 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।




### न्यूजीलैंड 232 (49.5 ओवर)

भारतीय गेंदबाजों ने पारी की शुरूआत से ही सटीक लाइन-लेंथ से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को परेशानी में रखा। जेमिमा रोड्रिग्स के शानदार थ्रो पर सूजी बेट्स के रन आउट होने से भारत को पहली सफलता मिली। साइमा ठाकोर ने आठवें ओवर में लौरिन डाउन को 1 रन पर पवेलियन की राह दिखाई। कप्तान हरमनप्रीत ने 11वें ओवर में गेंद युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा को थमाई और इस गेंदबाज ने शानदार लय में चल रही न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन (नौ रन) को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। एक छोर से सतर्कता से खेल रही सलामी बल्लेबाजी जॉर्जिया प्लिमर को प्रिया ने दीप्ति के हाथों कैच कराया। उन्होंने 67 गेंद में 39 रन बनाए। मैडी ग्रीन 15 गेंद में 19 रन बनाकर रन आउट हुई। जिससे न्यूजीलैंड ने 24 ओवर में 88 रन पर 5वां विकेट गंवा दिया। हैलिडे को इसके बाद विकेटकीपर इजाबेल गेज (49 गेंद में 25 रन) के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला और दोनों ने छठे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर मैच में टीम की वापसी कराई। हैलिडे ने थकान हावी होने के बावजूद कुछ बड़े शॉट लगाये। वह 46वें ओवर में दीप्ति की गेंद पर राधा यादव को कैच दे बैठी। आखिरी ओवरों में लिया ताहुहू ने 14 गेंद में नाबाद 24 रन बनाकर न्यूजीलैंड के स्कोर को 232 तक पहुंचाने में मदद की।

### भारत 236/4 (44.2 ओवर)

टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही। लंबे समय से शैफाली वर्मा की फार्म पर नजरें टिकी हुई थीं लेकिन वह इस बार भी इसको ठीक नहीं कर पाई। शैफाली का विकेट चौथे ओवर में ही गिर गया। उन्होंने 11 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 12 रन बनाए। शैफाली के साथ स्मृति मंधाना ने एक कोना संभाले रखा और रन बनाना जारी रखा। स्मृति का यस्तिका भाटिया ने भरपूर सहयोग किया। यस्तिका बल्लेबाजी करते हुए काफी अच्छे टच में दिख रही थीं। वह 21वें ओवर में सोफिया डिवाइन की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठी। यस्तिका ने 49 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 35 रन बनाए। स्मृति ने इस दौरान अर्धशतक पूरा किया। उन्हें कप्तान हरमनप्रीत कौर का सहयोग मिला। दोनों ने स्ट्राइक को रोटेट करना जरी रखा और 32वें ओवर में ही 150 का स्कोर पार कर लिया। स्मृति ने एक छोर संभाले रखा और 121 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। अब वह भारत के लिए सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाली प्लेयर बन गई हैं। उन्होंने मिताली राज (7) को पीछे छोड़ा। वह 41वें ओवर में आऊट हुई तब तक भारत 209 रन तक पहुंच चुका था। स्मृति मंधाना के आऊट होने के बाद भी कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रन गति को धीमे नहीं होने दिया। उ



**88 मैचों में 8वां शतक, स्मृति मंधाना के नाम सबसे ज्यादा वनडे शतक, टूटे रिकॉर्ड :** स्मृति मंधाना ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ खेलते हुए तीसरे वनडे मुकाबले में स्मृति मंधाना ने शतक जड़ा है। ऐसा करने के साथ ही वह भारत की ओर से महिला वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली प्लेयर बन गई हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ा जिनके नाम पर महिला वनडे में 7 शतक दर्ज थे। खास बात यह रही कि स्मृति ने यह उपलब्धि 88वें मुकाबले में ही हासिल कर ली। जबकि मिताली ने 232 वनडे खेलकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। ओवरऑल शतकों की लिस्ट में भी स्मृति छलांग लगाते हुए टॉप 5 में पहुंच गई है।

## आइसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंचीं दीप्ति शर्मा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा मंगलवार को गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गईं हैं। टी दीप्ति घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी टीम की चल रही सफेद गेंद श्रृंखला के शुरूआती दो मैचों में भारत की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रही हैं। दीप्ति ने व्हाइट फर्न्स के खिलाफ दो मैचों में 3.42 की इकॉनमी रेट से तीन विकेट लिए हैं। इससे दीप्ति को दो स्थान का फायदा हुआ है और वह तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, और भारत के वरिष्ठ स्पिनर ने इंग्लैंड की ट्वीकर और सोफी एक्लेस्टोन को पीछे छोड़ दिया है। इसके अलावा न्यूजीलैंड की तिकड़ी ली ताहुहू (तीन पायदान ऊपर 12वें स्थान पर), एमिली केर (एक स्थान ऊपर 13वें स्थान पर) और सोफी डिवाइन (नौ पायदान ऊपर 30वें स्थान पर) रैंकिंग में आगे बढ़ी हैं। डिवाइन (तीन पायदान ऊपर आठवें स्थान पर) और केर (एक स्थान ऊपर 11वें स्थान पर) ने भी वनडे बल्लेबाजों की नवीनतम सूची में कुछ बढ़त हासिल की है, हमवतन सुजी बेट्स (दो पायदान ऊपर 15वें स्थान पर) और मैडी ग्रीन (सात पायदान ऊपर 18वें स्थान पर) ने भारत के खिलाफ कुछ अच्छे स्कोर के बाद बढ़त हासिल की है। भारतीय दाएं हाथ की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स (तीन पायदान ऊपर 30वें स्थान पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़ी हैं। वनडे ऑलराउंडरों की नवीनतम सूची में दीप्ति एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर और डिवाइन दो पायदान ऊपर सातवें स्थान पर हैं। जिम्बाब्वे की भी कुछ खिलाड़ियों ने रैंकिंग में बढ़त हासिल की है। चिपो मुगेरी-तिरिपानो 21 स्थान के फायदे से बल्लेबाज रैंकिंग में 28वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि उनकी टीम की साथी जोसेफिन नकोमो वनडे गेंदबाजों की सूची में 13 स्थान के सुधार के साथ 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



## भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट से बाहर हुए केन विलियमसन

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन भारत के खिलाफ शुक्रवार से मुंबई में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। 34 वर्षीय विलियमसन, जो बेंगलुरु और पुणे में पहले दो टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे, तीसरे टेस्ट का भी हिस्सा नहीं होंगे, इसके बजाय वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए तैयार होने के लिए अपनी कमर की चोट का पुनर्वास जारी रखेंगे। इंग्लैंड का पहला टेस्ट 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल में शुरू होगा। न्यूजीलैंड ने बेंगलुरु में भारत को आठ विकेट से और पुणे में 113 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली और भारत में पहली बार ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत ली है।

## सात साल बाद हांगकांग सिक्सेस की वापसी पहले दिन भारत-पाकिस्तान होंगे आमने-सामने

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित और खेल का सबसे तेज रूप, हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस सभी का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गया है। टूनामेंट का आयोजन 1 से 3 नवंबर तक टिन क्वांग रोड क्रिकेट ग्राउंड में किया जाएगा, जिसमें 12 टीमें शामिल होंगी, जो सिक्स-ए-साइड मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। 12 टीमों को तीन-तीन के चार पूल में विभाजित किया गया है और वे राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। रॉबिन उथप्पा के नेतृत्व में भारत पूल सी का हिस्सा है और यूएई के साथ उसका चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान भी है। पूल ए में मेजबान हांगकांग का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड से होगा जबकि पूल बी में आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और नेपाल शामिल हैं। पूल डी में श्रीलंका, बांग्लादेश और ओमान के बीच मुकाबला होगा। टूनामेंट की शुरूआत दक्षिण अफ्रीका और हांगकांग के बीच मैच के साथ होगा, जबकि पहले दिन भारत और पाकिस्तान के बीच भी हाईवोल्टेज भिड़ंत होगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी और क्वार्टर फाइनल राउंड के विजेता आगे सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। जो टीमें क्वार्टर में हारेंगी वे प्लेट सेमीफाइनल खेलेंगी। प्रत्येक पूल में सबसे निचले स्थान पर रहने वाली टीम बाउल प्रतियोगिता खेलेगी। प्रतियोगिता के तीन दिनों में कुल 29 मैच होंगे। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए टूनामेंट के अंतिम दिन एक महिला प्रदर्शनी मैच भी निर्धारित किया गया है। हांगकांग सिक्सेस 2024 के सभी रोमांचक मैचों का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स और फैनकोड पर किया जाएगा। प्रसारण सुबह 8:15 बजे (हांगकांग समय) और सुबह 5:45 बजे (भारतीय समयानुसार) किया जायेगा।




## वेड ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**सिडनी।** विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के लेने की घोषणा की है। वह पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला में आस्ट्रेलिया के कोच के रूप में नजर आयेंगे। वेड ने कहा,मुझे पता था कि टी-20 विश्वकप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरा समय समाप्त होने वाला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास और कोचिंग की भूमिका के संबंध में पिछले छह महीनों से मेरी जॉर्ज (बेली) और एंडर्यू से चर्चा हो रही थी। पिछले कुछ वर्षों से मैं कोचिंग के बारे में सोच रहा था और मैं इस नई भूमिका के लिए काफी उत्सुक और आभारी भी हूं। वेड ने इससे पहले मार्च में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। जून में हुए टी-20 विश्वकप में आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे और इसके बाद सितंबर में इंग्लैंड दौरे पर वेड को आस्ट्रेलिया की टीम में जगह नहीं मिली।

## हिमाचल ने आंध्रप्रदेश को पारी व 38 रनों से हराया

**विशाखापत्तनम।** ऋषि धवन के हरफनमौला प्रदर्शन, विनय गलेटिया (पांच विकेट) और मयंक डागर (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर हिमाचल प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी के ग्रुप बी के मुकाबले में आंधप्रदेश को पारी और 38 रनों से हरा दिया है। हिमाचल के लिए (195) रनों की शानदार पारी खेलने और 80 रन देकर तीन विकेट झटकने वाले ऋषि धवन को प्लेयर ऑफ मैच से नवाजा गया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी आंध्रप्रदेश की शुरूआत खराब रही और उसने 78 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। महिप कुमार (पांच) अभिषेक रेड्डी (दो), मनीष गोलामारु (23),शेख रशीद (34) और हनुमा विहारी (20) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद अश्विन हेब्बर (17) रन बनाकर आउट हुये। गलेटिया और डागर की गेंदबाजी के आगे आंध्र प्रदेश की पूरी टीम 32.1 ओवर में दूसरी पारी में 118 के स्कोर पर सिमट गई। हिमाचल प्रदेश ने पारी और 38 रन से मुकाबला जीत लिया।डीजॉर्जी और स्टब्स के शतक से दक्षिण अफ्रीका बड़े स्कोर की ओर

## डीजॉर्जी और स्टब्स के शतक से दक्षिण अफ्रीका बड़े स्कोर की ओर



**चटगांव।** टोनी डीजॉर्जी (नाबाद 141) और ट्रिस्टन स्टब्स (106) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दो विकेट पर 307 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया हैं। मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी एडन मारक्रम और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। 18वें ओवर में तैजुल इस्लाम ने एडन मारक्रम (33) को आउटकर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ट्रिस्टन स्टब्स ने डीजॉर्जी का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 201 रनों की साझेदारी हुई। 74वें ओवर में तैजुल इस्लाम ने ट्रिस्टन स्टब्स (106) को आउट कर बांग्लादेश के लिए दूसरा विकेट लिया। उस समय टीम का स्कोर 270 रन था। दिन का खेल समाप्त होने के समय दक्षिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 307 रन बना लिये है तथा टोनी डीजॉर्जी (नाबाद 141) और डेविड वेडिंघम (नाबाद 18) रन बनाकर क्रीज पर है। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम दो विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड के टीम प्रबंधक एरिक टेन हैग को हटाया

**लंदन।** प्रीमियर लीग की दिग्गज टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सीजन की निराशाजनक शुरूआत के बाद टीम प्रबंधक एरिक टेन हैग को पद से हटा दिया है। मई 2022 में क्लब में शामिल हुए टेन हैग रविवार को वेस्ट हैम यूनाइटेड से 2-1 से हारने के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब छोड़ रहे हैं। यूनाइटेड लीग तालिका में 14वें स्थान पर हैं। यह 35 वर्षों में मैनचेस्टर यूनाइटेड का सबसे खराब प्रदर्शन है। उसने पहले नौ मैचों में से केवल तीन में जीते हैं।

## 'नारी शक्ति की सच्ची एम्बेसडर' : पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल के संन्यास पर पीएम मोदी ने लिखा पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल की खेल में उनके योगदान के लिए प्रशंसा की है। रानी ने गुरुवार को हॉकी में अपने 16 साल के करियर का समापन करते हुए संन्यास की घोषणा की। वह हरियाणा के एक छोटे से शहर से उभरी और भारत की सबसे सफल हॉकी खिलाड़ियों में से एक बन गई। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने महिला टीम को ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जिसने 2021 टोक्यो खेलों में चौथा स्थान हासिल किया। पीएम मोदी ने रानी को पत्र में लिखा, भारतीय महिला हॉकी में आपकी 28 नंबर की जर्सी बेजोड़ कौशल और अजेय लक्ष्यों का पर्याय थी। हालांकि यह फिर से मैदान पर नहीं दिखाई देगी, लेकिन देश की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में आपने हमें जो यादें दीं उन्हें हमेशा संजोया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, खेल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक होने के नाते, आपने अपने पदार्पण के समय टीम में एक नई ऊर्जा लाई। तब से एक फॉरवर्ड के रूप में आपने डिफेंस को भेदा, गोलकीपरों को चकमा दिया और 200 से अधिक गोल किये। रानी ने 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर में 14 साल की उम्र में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और भारत के लिए 254 मैचों में 205 गोल किए। उन्हें 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उसी वर्ष देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया। मोदी ने कहा, जिस तरह से आपके प्रदर्शन ने कई एशिया कप संस्करणों में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटों में आपका 'सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी' और 'टूनामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' प्रदर्शन, 2018 एशियाई खेलों में पदक ये उन शानदार यादों के कुछ उदाहरण हैं जो आपने हॉकी प्रेमियों को दी हैं।

## तीसरे टेस्ट में दर्शक गर्मी से नहीं होंगे परेशान

**मुंबई।** पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारत बनाम न्यूजीलैंड के दूसरे टेस्ट के दौरान पानी की कमी के बारे में दर्शकों की शिकायत को ध्यान में रखते हुये तीसरे टेस्ट की मेजबानी कर रहे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने सुनिश्चित किया है कि दर्शकों के लिए पर्याप्त पीने का पानी होगा। दक्षिण मुंबई में प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम 1 नवंबर से भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। न्यूजीलैंड ने पहले ही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अभय हडप ने मंगलवार को बताया कि सभी पांच दिनों में दर्शकों को मुफ्त पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

## महाराष्ट्र ने मेघालय को 10 विकेट से हराया

एजेंसी


**औरंगाबाद।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुर्तजा ट्रंकवाला (नाबाद 78) की पारी के दम पर महाराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी के ग्रुप ए मुकाबले में मेघालय को दस विकेट से हरा दिया है। मैच में 128 रन की शतकीय पारी खेलने वाले हर्षल काटे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरी पारी में महाराष्ट्र के मुर्तजा ट्रंकवाला और सिद्धेश वीर की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी मुजाहिरा करते हुए 21.1 ओवर में 104 रन बनाकर अपनी टीम को दस विकेट से जीत दिला दी। मुर्तजा ट्रंकवाला (नाबाद 78) और सिद्धेश वीर (24) रन पर नाबाद रहे। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी मेघालय की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसके बल्लेबाज मुकेश चौधरी की गेंदबाजी के आगे बेबस दिखे। एक समय मेघालय ने 50 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये थे। सुमित कुमार ने सर्वाधिक (45) रन बनाये। बालचंदर अनिरुद्ध (36), आकाश चौधरी (26) रन बनाकर आउट हुये। मेघालय की पूरी टीम 55.5 ओवर में 185 के स्कोर पर सिमट गई। महाराष्ट्र को जीत के लिए 100 रनों का लक्ष्य मिला, मुकेश चौधरी ने सबसे अधिक चार विकेट लिये। जबकि रजनीश गुरबानी और प्रदीप दाढ़े को दो-दो विकेट मिले। हितेश वालुंज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# रॉड्री ने जीता बैलन डी'ओर 2024 अवॉर्ड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** स्पेनिश फुटबॉल में सोमवार को एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब मैनचेस्टर सिटी के मिडफील्डर रॉड्री को प्रतिष्ठित बैलन डी'ओर पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। 28 वर्षीय रॉड्री ने रियल मैड्रिड के विनिसियस जूनियर और जूड बेलिंगहैम जैसे मजबूत दावेदारों को हराकर यह पुरस्कार जीता। पिछले सीजन में रॉड्री ने सिटी को लगातार चौथी बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। साथ ही, उन्हें इस साल की यूरोपीय चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जहां स्पेन ने रिकॉर्ड चौथी बार खिताब पर कब्जा किया। 1990 में लोथर मैथॉस के बाद यह पुरस्कार पाने वाले रॉड्री स्पेन के पहले डिफेंसिव मिडफील्डर बने। साथ ही, अल्फ्रेडो डि स्टेफानो (1957 और 1959) और लुइस सुआरेज (1960) के बाद यह पुरस्कार पाने वाले वे केवल तीसरे स्पेनिश फुटबॉलर बने। अपने स्वीकृति भाषण के दौरान, रॉड्री ने कहा कि यह पुरस्कार स्पेनिश फुटबॉल के लिए एक जीत है। रोड्री ने समारोह में कहा, आज की जीत मेरे लिए नहीं है। यह स्पेनिश फुटबॉल के लिए है। उन कई खिलाड़ियों के लिए है जिन्होंने इसे नहीं जीता है और वे इसके हकदार हैं। जैसे (एंड्रेस) इनिएस्ता, जावी (हर्नांडेज), इकर (कैसिलस), सर्जियो बुस्केट्स, और भी कई। यह स्पेनिश फुटबॉल और मिडफील्डर के व्यक्तित्व के लिए है।





### न मेस्सी और न ही रोनाल्डो

2008 के बाद यह केवल तीसरा अवसर था जब लियोनेल मेसी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी ने यह पुरस्कार जीता। साथ ही, 2003 के बाद यह पहली बार था जब दोनों स्टार खिलाड़ियों में से कोई भी इस पुरस्कार के लिए नामांकितों की सूची में नहीं आया, जिससे फुटबॉल में एक युग का अंत हो गया।

### लेमिन यामल बने सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ी

अन्य पुरस्कारों में, राष्ट्रीय टीम में रोडी की टीम के साथी लेमिन यामल ने सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ी के लिए कोपा ट्रॉफी जीती, जबकि ऐताना बोनमती ने लगातार दूसरे वर्ष बैलन डी'ओर जीता।

### हमोर्सो को सोक्रेट्स पुरस्कार

जेनिफर हमोर्सो को फुटबॉल में महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और खेल में लैंगिक भेदभाव के खिलाफ उनके साहसी रुख के लिए सोक्रेट्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रियल मैड्रिड वर्ष का पुरुष क्लब था, जबकि प्रबंधक कार्लो एंसेलोटी को वर्ष का पुरुष कोच पुरस्कार दिया गया।

# फाइनल तक नहीं पहुंचने का दुख लेकिन कांस्य जीतने की खुशी : आमिर अली

एजेंसी

**बेंगलुरू।** भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है। भारत ने तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराकर मलेशिया के जोहोर बाहरू में हुए जूनियर टूनामेंट में कांस्य पदक जीता। अली ने कहा, गोल औसत के आधार पर फाइनल से बाहर रहने का हमें दुख है लेकिन एक टीम के रूप में हमने तय किया कि पीछे मुड़कर देखने का कोई फायदा नहीं है। हमने कांस्य पदक के मुकाबले पर फोकस करने का फैसला किया और खुद से वादा किया कि हम खाली हाथ नहीं लौट सकते।' भारत पूरे टूनामेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन ऑस्ट्रेलिया से 0.4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका।



जूनियर टीम के कोच के तौर पर महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का यह पहला टूनामेंट था। अली ने कहा, हमें श्री भाई (श्रीजेश) से बेहतर मेंटोर नहीं मिल सकता था। वह लगातार हमसे कहते रहे कि मैचों का मजा लो और हमने दबाव लिये बिना खेला। हमने गोल गंवाने के बाद वापसी की और वे मैच जीते भी। अब भारतीय जूनियर टीम की नजरें जूनियर एशिया कप खिताब जीतने पर लगी है जो अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूनामेंट है। जूनियर एशिया कप 26 नवंबर से ओमान में खेला जाएगा।

# डीसी ने की कार्यों की समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारी एवं अब तक की गई कार्रवाई के निमित विभिन्न कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर गठित सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारियों से एक-एक कर समीक्षा की। इनमें मुख्य रूप से पर्सनल एवं कंप्यूटराइजेशन सेल, इलेक्टोरल सेल एवं म्टड मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, डब्ब, डब्डब, लॉ एंड ऑर्डर सेल, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, स्वीप सेल, आईटी सेल, म्ज्च्ठै एवं पोस्टल बैलेट सेल, म्क्ब सेल, मीडिया एवं पब्लिसिटी सेल, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम एवं हॉटलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, स्ट्रॉन्ग रूम सेल, एसएमएस मॉनिटरिंग एवं कम्यूनिकेशन प्लान सेल, जिला डॉक्यूमेंटेशन सेल, नॉमिनेशन एवं रिसीविंग सेल, एमसीएमसी सेल, वेलफेयर सेल एवं डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन सेल की एक-एक कर बिंदुवार समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनिवार्य रूप से सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं अपने अधीनस्थ पदाधिकारी, कर्मियों को अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी को सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी निदेर्शों का अनुपालन करना सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की बात कही। साथ ही कंप्लेंट एवं मॉनिटरिंग सेल के तहत निर्वाचन संबंधी प्राप्त हो रहे सभी शिकायतों को ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया।

ईवीएम सेल के नोडल पदाधिकारी द्वारा ईवीएम के फर्स्ट रेंडमाइजेशन के बाद सेकंड रेंडमाइजेशन करने एवं ईवीएम कमीशनिंग की तैयारियों के बारे में पूछी गई। एक्सपेंडिचर सेल द्वारा किए जा रहे हैं कार्य के बारे में पूछा तथा जीरो टॉलरेंस पर वाहनों की जांच एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन जैसे हर मामलों की जांच करने को लेकर निर्देशित किया गया। कंट्रोल रूम के तहत हेल्पलाइन डेस्क एवं 1950 डायल के बारे में पूछी गई तथा आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल एवं पेयजल स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा एएमएफ के तहत सभी पोलिंग स्टेशन पर सभी आवश्यक सुविधाओं को बहाल करने के बारे में पूछा। जिस पर सभी संबंधित पदाधिकारियों ने एएमएफ के तहत सुविधाएं सुनिश्चित कर दिए जाने की बात कही। चिकित्सकीय व्यवस्था के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार को सभी पोलिंग स्टेशन पर समुचित एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन द्वारा सरकारी एवं प्राइवेट कुल 27 एंबुलेंस होने की बात बताई गई। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारी को स्वीप एक्टिविटी के तहत चुनाव पाठशाला समेत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन कराने हेतु निर्देश दिया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न स्थानों पर बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से भी अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक जिले के योग्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिससे जिले के मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।

## खबर एक नजर में

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी व एसपी ने किया स्थल निरीक्षण

गढ़वा। आगामी 04 नवम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित गढ़वा जिला आगमन पर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से सदर प्रखंड के चेतना स्थित मैदान का भौतिक रूप से स्थल निरीक्षण किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे। डीसी एवं एसपी ने पूरे मैदान का जायजा लेने के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी हेलीपैड का निर्माण, मंच का निर्माण, वीवीआईपी एंट्री, अतिथियों के आगमन पर पहुंच पथ की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, आवश्यक साफ-सफाई एवं साज सज्जा, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं अस्थाई शौचालय की व्यवस्था, चिकित्सकीय व्यवस्था, ट्रैफिक व पार्किंग की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही डीसी ने सभी संबंधित विभागों को सक्रिय होकर कार्यक्रम की तैयारियों को निर्धारित समय के अंदर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री के गढ़वा जिला आगमन पर प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी आवश्यक बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए सभी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर डीसी श्री जमुआर एवं एसपी श्री पांडेय द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से सांसद बीडी राम, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, एसी राज महेश्वरम, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### चुनाव ऑब्जर्वर ने की एफएसटी व एसएसटी टीम के साथ बैठक

**कांडी।** विश्रामपुर विधानसभा के चुनाव ऑब्जर्वर आनंद पटेल मंगलवार को कांडी व बरडीहा प्रखण्ड का दौरा किया। ऑब्जर्वर ने प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में एफएसटी व एसएसटी टीम के साथ बैठक कर उनके द्वारा अब तक किए गए कार्रवाईयों के बारे में जानकारी ली। आब्जर्बर ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, सभी सेक्टर ऑफिसर व सेक्टर पुलिस ऑफिसर से चुनाव की तैयारियों का गहन पूछताछ किया और कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने अब तक विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में सख्ती के साथ सम्बंधित अधिकारियों व कर्मियों के साथ जानकारी प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी कीमत पर नहीं हो इसके लिए 24 घन्टा सभी अधिकारियों को सचेत रहने का निर्देश दिया और कहीं से भी शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने का एफएसटी टीम को हिदायत दी। एफएसटी टीम निर्धारित समय के अंदर मामले का जांच कर वास्तविक रूप से निष्पादन करें। इस संबंध में चुनाव ऑब्जर्वर बहुत सख्त दिखे।

### देह व्यापार का धंधा चला रहे रिटार्यड दारोगा गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी शहर के अगरवा वार्ड नं 36 रेलवे लाइन के समीप देह व्यापार का धंधा चलाने वाले रिटायर्ड दारोगा सत्येन्द्र शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुप्त सूचना मिलने के बाद एसपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस ने दारोगा के गोपालपुर स्थित आवास पर छापेमारी किया। जहां दो महिलाएं संदिग्ध हालत में पकड़ी गईं। उनके पास से कुछ आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया। पकड़ी गई महिलाओं ने पूछताछ के दौरान बताया कि यहां देह व्यापार चलता है।इस रैकेट का संचालक सत्येन्द्र शर्मा है, जिसके बाद पुलिस ने रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर सत्येन्द्र शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दारोगा जहानाबाद जिले के मकदुपुर थाने के आमोपुर गांव का रहने वाले बताये गये है।एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार रिटायर्ड दारोगा सत्येंद्र नारायण शर्मा और दोनों महिला धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार रिटायर्ड दारोगा सत्येंद्र शर्मा पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न थानों में पदस्थापित रह चुके हैं। नगर थाने में भी पदस्थापित रहे हैं।इसके अतिरिक्त डुमरियाघाट और हरसिद्धि थाने में भी ये पदस्थापित रह चुके है। बताते है,कि नगर थाना में दारोगा पद पदस्थापित रहने के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।

## स्पीड न्यूज

### सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास व निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

**सहरसा।** विकास भवन में सांसद दिनेश चंद्र यादव की अध्यक्षता में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा कर यथोचित दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में दिशा की पूर्व में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विभागवार समीक्षा की गई। पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देश अनुपालन क्रम में जानकारी दी गई की चिन्हित स्थलो पर पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात भवन प्रमंडल द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण की दिशा में आवश्यक कारवाई प्रगति पर है।पंचायत सरकार भवनों के सुचारु संचालन निमित बायोमेट्रिक के माध्यम से उपस्थिति की व्यवस्था की गई है।

### आक्रोश मार्च निकाल डीएम को सौंपा ज्ञापन

**सहरसा।** अधिवक्ताओं के उपर हो रहें जानलेवा तथा हत्या के विरोध में मंगलवार को आक्रोश मार्च निकाल डीएम को ज्ञापन सौपा गया। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सुदेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आयोजित आक्रोश मार्च में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए। जिला में अपराधियों का मनोवल इस कदर वढ़ गया है कि सम्मानित अधिवक्तागण के साथ भी अपराध करने से परहेज नहीं करते है।वही न्यायालय में, अधिवक्ता के धर पर एवं रास्ते में कहीं भी अधिवक्ता गण सुरक्षित नहीं है। अपराधियों के गलत एवं कुकृत्य के कारण पुलिस प्रशासन एवं सामान्य प्रशासन भी वदनाम हो रहा है और ससमय अधिवक्ताओ के विरूद्ध किए जा रहे गलत अपराध के विरूद्ध ठोस एवं त्वरित कार्यवाही नहीं हो रही है। इसका ज्वलन्त उदाहरण की घटना है जिसमें अधिवक्ता दुलारचन्द्र शर्मा जो पेश से अधिवक्ता थे।

### दो अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरफ्तार

**पटना।** बिहार में औरंगाबाद जिला से अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर सालिक व उत्तम को अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, बिहार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की विशेष टीम एवं औरंगाबाद जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में औरंगाबाद जिला से अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर सालिक कुमार सिंह एवं उत्तम कुमार को औरंगाबाद जिले के जमहौर थाना क्षेत्र के अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से छापेमारी कर अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया। इन दोनों के पास से 820 कारतूस बरामद किया गया है। इनमें 12 बोर का जिंदा कारतूस 260, 32 बोर का जिंदा कारतूस 500 और 315 बोर का जिंदा कारतूस 60 हैं। इसके अलावा फर्जी मोहर (गन हाउस का)01, नकदी 7,350 रुपये, आधार कार्ड हैं। दोनों आरोपितों ने फर्जी मोहर बनाकर लाइसेन्सी आर्म्स दुकान ओंमकार गन हाउस प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से कारतूस खरीदा था। इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उत्तम कुमार के विरुद्ध पूर्व से आर्म्स एक्ट के कांड दर्ज हैं।

# अब लोगों को मंत्री से अपमान का बदला लेने का समय आ चुका हैं : सत्येन्द्रनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता


एनडीए के चुनावी सभा के मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित मोहल्लेवासी

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल की ओर से शहर के नगवां राधाकृष्ण मंदिर के समीप और साईं मोहल्ला में रीना देवी के घर के समीप मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में जनसभा का आयोजन किया गया। मौके पर एनडीए प्रत्याशी सह पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार में एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिए हर मोर्चा पर तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है। समुदाय विशेष के अपराधिक चरित्र के कई व्यक्तियों को हथियार का लाइसेंस जारी किया गया है। मंत्री के प्रतिनिधि ने शहर के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी के महिला और बेटी को किस तरह से मारपीट किया था, यह किसी से छिपी हुई नही है। जब पीड़ित व्यवसायी की पत्नी आरोपी पर केस दर्ज कराने थाना पहुंची थी। उस दौरान मंत्री ने अपना पावर का रौब दिखाते हुए पीड़ित महिला को मारपीट के आरोपी से समझौता का दबाव बनाकर सुलह कराने पर मजबूर कर दिया। लेकिन मारपीट के आरोपियों को सजा नहीं मिली। उन्होंने कहा कि महिला का सिर्फ दोष इतना ही था कि वे अपना मकान का किराया मांगने गई थी। इसी बात से गुस्सा होकर मंत्री के प्रतिनिधि ने जमकर मारपीट किया था। उन्होंने कहा कि मंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की जनता को अपमानित करने का काम किया है। अब लोगों को मंत्री से अपमान का बदला लेने का समय आ चुका है। उन्होंने मोहल्लेवासियों से कुशासन को समाप्त करने के लिए 13 नवम्बर को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम को भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रवींद्र जायसवाल, भाजपा नेता डॉ. पतंजलि केशरी, विनोद जायसवाल, धनंजय गोंड, अजय आनंद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुकेश कुमार, दुखी प्रसाद, एनके पांडेय के अलावा अन्य लोगों ने संबोधित किया। मौके पर बूथ अध्यक्ष घनश्याम कमलापुरी, दीनदयाल पासवान, सुदर्शन मेहता, रीना देवी, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लखन गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन आजसू जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने किया।

### भाकपा माले, रंका के एक सौ कार्यकर्ताओं सहित 500 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**गढ़वा।** मंगलवार को भाजपा के अलग-अलग कार्यक्रम में भाकपा माले के मेराल, रंका प्रखंड के सचिव व विभिन्न प्रखंडों के 100 कार्यकताओं सहित 500 लोग भाजपा में शामिल हो गए। सभी को भाजपा के प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। भाजपा प्रत्याशी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में माले के मेराल प्रखंड सचिव सोबरन मेहता, रंका प्रखंड के प्रखंड सचिव शमीम अंसारी, दलित सेना के जिला सचिव अर्जुन पासवान के अलावा बीरबल प्रसाद, रामचंद्र महतो, सत्य प्रकाश, राहुल कुमार, चंदन कुमार, दीपक साव, शारदा देवी, सोनी कुमारी, राज देव सिंह, मो नईम रंगसाज, पानपति देवी, रेणु कुमारी, कविता कुमारी, रीना कुमारी, चंदरमानी देवी, अनीता देवी, भरत सिंह आदि भाजपा में शामिल हो गए। वहीं मेराल प्रखंड के मेराल, गढ़वा शहर के टंडवा, मिस्कार मोहल्ला, रंका बौलिया गांव सहित अन्य गांवों में झामुमो व अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। कार्यक्रम में पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि गरीबों की लड़ाई लड़ने वाला व समस्याओं का समाधान करने वाले सत्येंद्रनाथ तिवारी ही हैं। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा, मेराल व रंका सहित गढ़वा विधानसभा के कई जगहों पर गरीबों के जमीन को हड़पने का काम किया है। पूर्व सांसद ने कहा कि मंत्री द्वारा गढ़वा प्रखंड के फरठिया के उरांव टोला में उरांव जाति की जमीन, रंका प्रखंड में चंद्रवंशी परिवार, मेराल प्रखंड में हरिजन की जमीन लूटी जा रही थी। जिसे सत्येंद्रनाथ तिवारी ने लड़ाई लड़कर बचाने का काम किया है। जनता को सजग होना होगा, जनता के दुख दर्द में सिर्फ भाजपा व सत्येंद्रनाथ तिवारी ही साथ रहेंगे। भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में आस्था जताते हुए लगातार सभी वर्ग के लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

# मझिआंव को बनाएंगे अनुमंडल : चंद्रवंशी

### मोरबे में दर्जनों लोगों ने भाजपा का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक सह भाजपा विधायक प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी ने मंगलवार को कई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें मुख्य रूप से मोरबे, खरसोता, बुढ़ी खाड़, गहीड़ी सहित अन्य कई गांव में लोगों से मिलकर पुनः मत देकर विधानसभा में भेजने का आग्रह ग्रामीणों से किया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास किया हूं, परंतु एक लालसा रह गया है मझिआंव प्रखंड को अनुमंडल बनाने का जो इस बार आप सभी चुनाव में जीताकर विधानसभा में भेजने का काम करें, जिसे मझिआंव को अनुमंडल बनाकर ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए हमने स्कूल, कॉलेज खोला, जिससे गरीब के बच्चे अपने-अपने घरों से रहकर घर से खाना खाकर पढ़-लिख रहे हैं। जीतने के बाद चहुंमुखी विकास करूंगा। निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी के जनसंपर्क अभियान के दौरान मोरबे बाजार में भाजपा में आस्था जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में आस्था रखते हुए दर्जनों लोगों ने भाजपा में शामिल हुए। जिसे श्री चंद्रवंशी ने लोगों को स्वागत किया। भाजपा में शामिल होने वालों में विजय सिंह, ददन सिंह, बबन सिंह, राजू सिंह, सत्येंद्र सिंह, मोती साव, रूपेश चंद्रवंशी, जीतू प्रसाद सहित अन्य का नाम शामिल है। मौके पर संयम सिंह, पवन कुमार, संजय कमलापुरी, उमाशंकर यादव, दीपक चौहान, ललित बैठा, संनज सिंह, राहुल जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता में गढ़वा ने जीते 12 मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता



विजेता प्रतिभागी

**गढ़वा।** झारखंड राज्य गतका संघ के तत्वावधान में हजारीबाग में के बरही में आयोजित सब जूनियर, सीनियर गतका प्रतियोगिता में गढ़वा ने 12 मेडल जीते। बता दें कि प्रतियोगिता में गढ़वा जिला से 19 बालक व बालिका प्रतिभागी विभिन्न आयु वर्गो में भाग लिए थे। मेडल जीतने वालों में अंडर 10 में प्रकृति आनंद देव, आदिति पांडेय, अनुराग पांडेय, विश्व गुप्ता, पुण्य प्रसून ने ब्रॉन्ज मेडल, अंडर 14 में सुमित्रा कुमारी सिल्वर मेडल तथा अनुज कुमार ब्रॉन्ज मेडल, अंडर 12 में सुप्रिया कुमारी ब्रॉन्ज मेडल, रोहित कुमार शर्मा ब्रॉन्ज मेडल, अंडर 13 में कृष्ण आनंद देव ब्रॉन्ज मेडल, अंडर 17 में रेशमी कुमारी सिल्वर मेडल, अंडर 18 में वर्षा कुमारी सिल्वर मेडल, अंडर 19 में झूलन कुमारी सिल्वर मेडल प्राप्त कर जिला का नाम रौशन किया है। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की टीम जिला गतका संघ के सहसचिव और प्रशिक्षक मनोज संसाई के नेतृत्व में हजारीबाग गई थी। मौके पर गतका संघ के अध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा कि कम संसाधन के बावजूद भी बच्चे लगातार अच्छा कर रहे हैं। गतका के प्रशिक्षक मनोज संसाई के कुशल मार्गदशन और मेहनत के फलस्वरूप इतनी बड़ी उपलब्धि प्राप्त करना हम सभी को गौरवान्वित करता है। बधाई देने वालों में गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, महासचिव आलोक मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, जिला गतका संघ के सचिव शंकर पाल, कोषाध्यक्ष अजयकांत, विकाश पांडेय, मनोज चौधरी, रेयाज अहमद, राजेश पांडेय, किशोर कुणाल, लक्ष्मण राम, प्रदीप सिंह, धर्मप्रकाश गुप्ता, चंद्रबहादुर सिंह, शोभा कुमारी, जयमुंति पन्ना, धर्मेंद्र पाल, संजीत कुमार, सतेंद्र प्रसाद यादव आदि का नाम शामिल है।

# 1.52 लाख बाढ़ पीड़ितों को 101 करोड़, नीतीश ने सीधे खाते में भेजा रुपया

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में आयोजित कार्यक्रम में बाढ़ प्रभावित 1 लाख 52 हजार किसानों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के द्वारा सीधे उनके खाते में कुल 101 करोड़ रुपए की राशि आज भेज दिया। इस वर्ष सितम्बर महीने में हुई बारिश एवं बाढ़ के कारण फसलों का काफी नुकसान हुआ था। बाढ़ के कारण हुई क्षति का प्रतिवेदन सभी प्रभावित जिलों से प्राप्त करने के बाद कृषि इनपुट अनुदान योजना के अन्तर्गत प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

आज यह राशि प्रथम चरण के लिये वितरित की गयी है। बाकी प्रभावित किसानों को भी राशि जल्द ही वितरित की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि गंगा एवं अन्य नदियों में जलस्तर बढ़ने के फलस्वरूप प्रथम चरण में आयी बाढ़ से 16 जिले के 66 प्रखण्ड और 580 पंचायत का कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ। अत्याधिक वषार्पात एवं कोसी, गंडक एवं बागमती सहित अन्य नदियों के जलस्तर के बढ़ने के फलस्वरूप दूसरे चरण में आयी बाढ़ के कारण 16 जिले के 69 प्रखण्ड और 580 पंचायतों का कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ। इसके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग से रबी महाभियान- 2024-25 का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर किसान जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान चार कृषि ज्ञान वाहन एवं 18 किसान जागरुकता वाहनों को रवाना किया गया। इस महाभियान में किसानों को रबी मौसम से संबंधित कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी, साथ ही फसल अवषेष प्रबंधन एवं खेतों में फसल अवशेष को जलाने से मिट्टी एवं पर्यावरण को होनेवाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जायेगा। किसानों को रबी फसलों की तकनीकी जानकारी, जैविक खेती को प्रोत्साहन, मौसम के अनुकूल कृषि कार्यक्रम एवं फसल विविधिकरण से संबंधित जानकारी दी जायेगी। किसानों को चतुर्थ कृषि रोड मैप के विभिन्न आयामों की भी जानकारी दी जायेगी।

बिहार में इस साल आई बाढ़ के कारण किसानों को फसल की काफी क्षति हुई है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार 491 करोड़ के करीब फसल का नुकसान हुआ है, लेकिन सत्यापन होने के बाद ही किसानों को अगले चरण में राशि दी जाएगी। आज के कार्यक्रम में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ मुख्यमंत्री सचिवालय और कृषि विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### अब 70साल से...

इस सोच के साथ अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य नीति के पांच स्तंभ तय किये हैं। पहला- प्रिवेंटिव हेल्थकेयर यानी बीमारी होने से पहले का बचाव, दूसरा- समय पर बीमारी की जांच, तीसरा- मुफ्त और सस्ता इलाज, सस्ती दवाएं, चौथा- छोटे शहरों में अच्छा इलाज, डॉक्टरों की कमी दूर करना और पाचवां- स्वास्थ्य सेवा में टेक्नोलॉजी का विस्तार।

**पूरी दुनिया में आयुर्वेद का महत्व :** इस मौके पर पीएम ने कहा कि देश के लिए खुशी की बात है कि आज 150 से ज्यादा देशों में आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये आयुर्वेद को लेकर बढ़ रहे वैश्विक आकर्षण का प्रमाण है। ये प्रमाण है कि नया भारत अपने प्राचीन अनुभवों से विश्व को कितना कुछ दे सकता है। ये भारतीय संस्कृति के जीवन-दर्शन का प्रतीक है। हमारे ऋषियों ने कहा है कि 'आरोग्यम परमं भाग्यं' यानी आरोग्य ही परम भाग्य व परम धन है। उन्होंने इस मौके पर देशवासियों को धनतेरस, भगवान धनवंतरि जयंती और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

**राम आये हैं, अद्भुत होगी दिवाली :** दीपावली को ऐतिहासिक बताते हुए पीएम मोदी ने कहा, 500 वर्षों के बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर बने उनके मंदिर में भी हजारों दीप जलाये जायेंगे। ऐसी दीपावली होगी, जब हमारे राम एक बार फिर अपने घर आये हैं। और इस बार ये प्रतीक्षा 14 वर्षों के बाद नहीं, 500 वर्षों बाद पूरी हो रही है।

**बंगाल और दिल ली से माफी मांगी :** पीएम मोदी ने इस मौके पर दिल्ली और पश्चिम बंगाल के बुर्जुगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा मैं वहां के तमाम बुर्गुगों से क्षमा मांगता हूं कि मैं आपकी सेवा नहीं कर पा रहा हूं। मुझे पता तो चलेगा कि आपको कष्ट है, लेकिन, मैं आपको सहाय नहीं कर पाउंगा। इसका कारण है दिल्ली और पश्चिम बंगाल में सरकार है, वो इस आयुष्मान योजना से जुड़ नहीं रही है। अपनी राजनीतिक स्वार्थ के लिए अपने ही राज्य के बीमार लोगों के साथ जुल्म करने की ये प्रवृति मानवता की दृष्टि से किसी भी तराजू पर खरी नहीं उतरती है।

### एनआरसी लागू कर...

उन्होने कहा कि झामुमो और कांग्रेस के संरक्षण में जिस प्रकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह देकर उनके अवैध दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं, ये भविष्य के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। उन्होंने कहा, संथाल परगना के साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा व जामताड़ा समेत 6 जिलों से 16% जनजातीय समुदाय के लोग घटे हैं। वहीं मुस्लिमों की आबादी में 13% की वृद्धि हुई है। आदिवासियों की घटती आबादी से उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कमी आयी है।

### शरियत काउंसिल कोर्ट ...

पीड़ित पत्नी ने तिरुनेलवेली ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट में तलाक सर्टिफिकेट के खिलाफ याचिका दायर की। याचिका में कहा गया था कि तीन तलाक उसके मामले में लागू नहीं होता.2021 में, मजिस्ट्रेट ने पीड़ित पत्नी के पक्ष में अपना फैसला सुनाया। मजिस्ट्रेट ने पति को घरेलू हिंसा के लिए 5 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश जारी किया। साथ ही नाबालिग बच्चे की देखभाल के लिए 25,000 रुपए हर महीने देने को कहा. कोर्ट के फैसले के खिलाफ पति ने सेशन कोर्ट में याचिका दायर की. यह खारिज हो गयी. इसके खिलाफ पति ने मद्रास हाईकोर्ट में गुहार लगायी, लेकिन पति की याचिका हाईकोर्ट ने भी खारिज कर दी।

स्पीड न्यूज

## किम जोंग उन की बढ़ायी गयी सुरक्षा

**सियोल।** उत्तर कोरिया के लीडर किम जोंग-उन की संभावित हत्या के प्रयास की आशंका के चलते सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने मंगलवार को सांसदों को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के प्रतिनिधि ली सेओंग-क्वेन और मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि पार्क सन-वोन के अनुसार, नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने संसदीय लेखा परीक्षा सत्र के दौरान यह जानकारी दी। कम्युनिकेशन जामिंग व्हीकल और ड्रोन डिटेक्शन इक्विपमेंट के जरिए किम की हत्या के संभावित प्रयासों के कारण उनके आसपास सुरक्षा का स्तर बढ़ा दिया गया है।

## पाक में फ्रंटियर कोर के दो जवानों की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लोअर कुर्रम जिले में अज्ञात हमलावरों के साथ गोलीबारी में फ्रंटियर कोर (एफसी) के दो जवान मारे गए हैं। अज्ञात हमलावरों ने सोमवार को चार खेल इलाके में टॉल स्काउट्स पर गोलीबारी की जिसमें दो जवान मारे गये। मंगलवार को मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई।

## सुकमा जिले में 19 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा ।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों के जवानों ने हाल में अपने अभियान के दौरान 19 नक्सल आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें से तीन पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए सभी नक्सली अलग-अलग घटनाओं में शामिल थे।

# एलएसी से भारत व चीन के सैनिकों की वापसी पूरी

## अपने-अपने सीमा क्षेत्रों में कर सकेंगे गश्त


**एजेंसी**

▸▸ देपसांग मैदानों और डेमचोक में अस्थायी ढांचों को हटाने का काम पूरा



**श्रीनगर।** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई। इस प्रक्रिया के बाद दोनों देशों के सेनाओं ने एक-दूसरे की स्थिति का सत्यापन और बुनियादी ढांचे को खत्म करना शुरू कर दिया। सूत्रों ने बताया कि देपसांग मैदानों और डेमचोक में अस्थायी ढांचों को हटाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और दोनों पक्षों की ओर से कुछ हद तक सत्यापन भी हो चुका है। सत्यापन प्रक्रिया भौतिक रूप से और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) का उपयोग करके की जा रही है। इस समझौते के बाद दोनों देशों के सैनिक अपनी पिछली तैनाती वाली जगहों से पीछे हटकर तैनात हो गए हैं। अप्रैल 2020 से अब तक विवाद वाली जगहों पर 10 से 15 सैनिकों की छोटी टुकड़ियां गश्त करेंगी।साढ़े चार साल पहले चीनी घुसपैठ के बाद से भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य गतिरोध बना हुआ है। इस मुद्दे पर भारत ने पिछले हफ्ते चीन के साथ डेपसांग प्लेन्स और डेमचोक में सैनिकों की गश्त को लेकर समझौता किया था। उसके चार दिन बाद दोनों देशों ने विवादित जगहों से अपने सैनिकों को वापस बुला लिया है। बीजिंग ने भी पुष्टि करते हुए कहा कि इस समझौते के बाद चीनी और भारतीय सैनिकों ने अपने-अपने काम सुचारू रूप से शुरू कर दिए हैं।

## राष्ट्रपति भवन में कोणार्क पहियों की प्रतिकृतियां स्थापित



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र और अमृत उद्यान में बलुआ पत्थर से बनी कोणार्क पहियों की चार प्रतिकृतियां स्थापित की गई हैं। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को बताया कि कोणार्क पहियों की स्थापना का उद्देश्य आगंतुकों के बीच देश की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करना और उसका प्रचार करना है। कोणार्क सूर्य मंदिर एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है, जो ओडिशा के मंदिर वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# नईम कासिम बना हिजबुल्लाह प्रमुख

**एजेंसी**

**बेरूत।** लेबनान के हिजबुल्ला चरमपंथी समूह ने नईम कासिम को अपना नया नेता चुना है, जो पिछले महीने एक इजरायली हवाई हमले में मारे गए हसन नसरल्ला की जगह लेगा। हिजबुल्ला ने यह जानकारी की।

कासिम लंबे समय से नसरल्ला का सहायक था और उसकी मौत के बाद से वह इस चरमपंथी समूह के कार्यवाहक नेता के रूप में काम कर रहा है। समूह ने बताया कि हिजबुल्ला की निर्णय लेने वाली शूरा परिषद ने तीन दशक से अधिक समय तक नसरल्ला के उपनेता रहे कासिम को नया महासचिव चुना है। हिजबुल्ला ने नसरल्ला की नीतियों को तब तक जारी रखने का संकल्प लिया जब तक जीत हासिल नहीं हो जाती।



**उत्तर गाजा में इजरायल के हमले में 34 की मौत :** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि मंगलवार तड़के उत्तरी गाजा में पांच मंजिला एक इमारत पर इस्राइल के हमले में कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई जिनमें आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे थे। इस इमारत में विस्थापित फिलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी।

# यह दिवाली बहुत खास है, प्रभु राम 500 साल बाद भव्य मंदिर में विराजे

**श्री राम मंदिर को लाखों दीयों से किया जाएगा रोशन : मोदी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इस दिवाली पर अयोध्या में 14 वर्ष नहीं बल्कि 500 वर्ष की प्रतीक्षा खत्म होगी। मोदी मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिवाली ऐतिहासिक है क्योंकि अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर को लाखों दीयों से रोशन किया जाएगा, जिससे उत्सव अभूतपूर्व होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल की दिवाली में भगवान राम एक बार फिर अपने निवास पर लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि इस दीपावली की प्रतीक्षा में कई पीढ़ियां गुजर गईं, लाखों लोगों ने बलिदान दिये, यातनायें झेलीं। हम सभी बहुत सौभाग्यशाली हैं, जो ऐसी विशेष, भव्य दिवाली के साक्षी बनेंगे।

# व्हाइट हाउस में हैप्पी दिवाली की गूंज

▸▸ राष्ट्रपति बाइडेन ने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहीं कमला हैरिस की जमकर तारीफ



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस में सुख-समृद्धि-सम्पन्नता के प्रतीक और खुशियों के त्योहार दीपोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह के आखिर में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। लोग हैप्पी दिवाली कहते हुए एक-दूसरे से हाथ मिलाते नजर आए। इस अवसर पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहीं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की जमकर तारीफ की। द व्हाइट हाउस के एक्स हैंडल पर जारी एक वीडियो में कार्यक्रम का आगाज हैप्पी दिवाली के साथ हुआ। इस अवसर पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि मेरी पत्नी जिल बाइडेन यहां आना चाहती थीं, लेकिन वह विस्कॉन्सिन जा रही हैं। और कमला हैरिस भी यात्रा कर रही हैं। आप जानते हैं कि मैंने कई कारणों से कमला को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी चुना है। वह स्मार्ट और मजबूत हैं।

## सोने की खूबसूरती और महत्व हमेशा बना रहता है : मंदाना




**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की स्टार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का कहना है कि सोने की खूबसूरती और उसका महत्व हमेशा बना रहता है और सोने के गहनों में परंपरा की खूबसूरती बसती है। रश्मिका मंदाना ने कहा कि अपने बिजी शेड्यूल के साथ, मैं खास मौकों के दौरान अपने परिवार के साथ बिताए समय को सच में वैल्यू करती हूं। धनतेरस एक खूबसूरत त्योहार है जो सभी के लिए खुशी और सकारात्मक ऊर्जा लाता है। इस साल मैंने कुछ खास नहीं खरीदा है, लेकिन मैं अपने रास्ते में आने वाले नए अनुभवों और अवसरों को लेकर उत्साहित हूं।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी

**एजेंसी**

▸▸ बैंकिंग व वित्तीय कंपनियों में लिवाली से चढ़ा बाजार

▸▸ सेंसेक्स 364 और निफ्टी 128 अंक उछला



**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, रियल्टी और बैंकिंग समेत चौदह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363.99 अंक की छलांग लगाकर 80,369.03 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 127.70 अंक की तेजी के साथ 24,466.85 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.74 प्रतिशत मजबूत होकर 46,103.68 अंक और स्मॉलकैप 0.71 प्रतिशत चढ़कर 53,289.59 अंक हो गया।इस दौरान बीएसई में कुल 3991 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2242 में लिवाली जबकि 1623 में बिकवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 14 समूहों का रुख सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 0.53, ऊर्जा 0.39, एफएमसीजी 0.09, वित्तीय सेवाएं 2.00, इंडस्ट्रियल्स 1.19, यूटिलिटीज 1.26, बैंकिंग 2.20, कैपिटल गुड्स 1.28, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.95, धातु 0.45, तेल एवं गैस 0.18, पावर 1.08, रियल्टी 1.46 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.85 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14, जर्मनी का डैक्स 0.24, जापान का निक्केई 0.77 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.49 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.08 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 32 अंक की बढ़त के साथ 80,037.20 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 79,421.35 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 80,450.48 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।





